मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.0 | 12.5 |
| जमशेदपुर | 23.2 | 13.3 |
| डालटनगंज | 22.6 | 9.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in

गुरुवार, 18 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 271

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


* * * * *




पेज 8-9

## किसने क्या कहा

- 22 जनवरी को सभी देशवासी अपने घरों में राम ज्योति जलाएं : नरेंद्र मोदी
- नीतीश कुमार पर कुछ नहीं कह सकते, वो एनडीए में भी आ सकते हैं : चिराग पासवान
- भाजपा का मकसद मंदिर बनाना नहीं, बाबरी मस्जिद गिराना था : दिग्विजय सिंह

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

## ब्रीफ खबरें

### कोई भी कानून से ऊपर नहीं : राज्यपाल

**रांची।** झारखंड में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है. एक कार्यक्रम के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मीडिया ने सवाल किया कि ईडी की कार्रवाई का झारखंड के लॉ एंड ऑर्डर पर असर पड़ेगा क्या? इस पर राज्यपाल ने कहा कि आखिर क्यों लॉ एंड ऑर्डर पर असर पड़ेगा. ईडी अपना काम कर रही है. सीएम को ईडी को सही जवाब देना है. इसमें लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात कहां से आ गयी है. कोई भी कानून से ऊपर नहीं है. इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात ही नहीं है. जनता को गुस्सा होने की जरूरत ही क्या है.



### सीबीआई ने 5 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में जातीय संघर्ष से संबंधित मामलों की जांच कर रहे सीबीआई ने मई 2023 में पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है. सीबीआई ने बुधवार को यह जानकारी दी. एसटी की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं.

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भी मंदिर निर्माण हो सकता है

**बेंगलुरु।** अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ज्योतिष्मठ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा आपत्ति जताये जाने के बीच आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का निर्माण पूरा हुआ. शंकराचार्य एक अलग मत का अनुसरण करते हैं, लेकिन कई प्रावधान भी हैं, जो बाद में भी मंदिर निर्माण हो सकता है.

### 'जलीकट्टू' के दौरान दो लोगों की मौत

**शिवगंगा (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में शिवगंगा के निकट सिरावायल में बुधवार को सांड को वश में करने के खेल 'जलीकट्टू' के आयोजन के दौरान 11 वर्षीय लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गयी. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर सांडों के हमले में एक लड़का और करीब तीस वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्होंने बताया कि बाद में दोनों की मौत हो गई.

### पाकिस्तान में ईरान की एयर स्ट्राइक

**लाहौर।** ईरान ने पाकिस्तान में बड़ा एयर स्ट्राइक किया है. ईरान ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों को निशाना बनाया. ड्रोन और मिसाइल से किये गये हमले में दो बच्चों की मौत की खबर है. वहीं इस एयर स्ट्राइक में कई लोग घायल भी बताये जा रहे हैं. इस हमले से कई घरों को नुकसान पहुंचा है. ईरान ने जैश अल अदल के बलूचिस्तान स्थित ठिकानों पर हमला किया है. ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान ने अपनी भड़ास निकाली है.

- विस्तृत खबर पेज 15 पर

---

## ईडी की खरी-खरी : कैबिनेट सचिव के पत्र का ईडी ने दिया जवाब, कहा-

# राज्य सरकार को कारण पूछने का अधिकार नहीं

संवाददाता। रांची

इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने झारखंड कैबिनेट की सचिव वंदना डाडेल के पत्र का जवाब भेजा है. इस पत्र में वंदना डाडेल ने ईडी को राज्य के सरकारी अधिकरियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करने को कहा था. ईडी ने वंदना डाडेल को भेजे पत्र में कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है. ईडी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करता है. इसे जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है.

### कैबिनेट सचिव ने क्या मांगी थी जानकारी

- कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्र के जरिये यह जानकारी मांगी थी कि वह राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करे.
- संबंधित अफसर के विरुद्ध क्या आरोप हैं, एजेंसी को जांच में उनके विरुद्ध कहां-क्या साक्ष्य मिले हैं
- किस मामले में उनसे पूछताछ की जानी है.
- राज्य सरकार पूरी जानकारी मिलने के बाद ही सरकारी अधिकारियों को ईडी के सामने भेजने व नहीं भेजने के बिंदु पर निर्णय लेगी
- कैबिनेट सचिव ने मंत्रिपरिषद के निर्णय से भी कराया था अवगत



### क्या है कैबिनेट का निर्णय

1. राज्य सरकार के पदाधिकारी अब राज्य की जांच एजेंसी के अलावा अन्य किसी भी जांच एजेंसी के समन पर सीधे हाजिर नहीं होंगे.
2. इन एजेंसियों को सीधे दस्तावेज या सरकारी अभिलेख भी उपलब्ध नहीं कराएंगे
3. समन प्राप्त होने पर पदाधिकारियों को सबसे पहले विभागीय प्रमुख को सूचित करना होगा
4. विभागीय प्रमुख का दायित्व होगा कि वे बगैर देरी किये मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग को सूचित करें.
5. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग इस पर विधिक परामर्श लेगा. इसके बाद उक्त विषय पर निर्णय लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया जाएगा

### कई अफसरों को भेजा था समन

गौरतलब है कि ईडी ने हाल के दिनों में साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, उत्पाद विभाग के अधिकारी गजेंद्र सिंह, साहिबगंज के पूर्व एसपी और वर्तमान में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम को पूछताछ के लिए समन किया था. अधिकारियों को समन के बाद पुलिस मुख्यालय और उत्पाद विभाग ने ईडी को पत्र लिखकर यह जानना चाहा था कि इन अफसरों के खिलाफ दर्ज प्रेडिकेट ऑफेंस क्या है व किन मामलों में इन अधिकारियों से पूछताछ होनी है.

**साहिबगंज डीसी को दूसरा समन, 19 को बुलाया :** साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को ईडी ने बुधवार को दूसरा समन भेजा है. ईडी ने रामनिवास यादव को 19 जनवरी को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है. रामनिवास यादव को बीते 6 जनवरी को समन भेजा था.

---

## बड़ी कार्रवाई : धनबाद के 9 कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर आयकर छापा

# 3 करोड़ कैश बरामद

**करीब 170 अधिकारी और 250 जवान छापेमारी में शामिल**

**वेडलॉक रिजार्ट से मिले हैं कैश, देर रात तक जारी थी छापेमारी**

संवाददाता। धनबाद

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को कोयलांचल के नौ कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी कर सनसनी फैला दी. झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में कई ठिकानों पर छापेमारी की गयी. धनबाद जिले में ही करीब दो दर्जन ठिकानों पर टीम की दबिश देर रात तक जारी रही. छापेमारी टीम ने तीन करोड़ रुपये नगद बरामद किये हैं.

कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार के वेडलॉक होटल एंड रिजार्ट में छापेमारी में तीन करोड़ रुपये कैश मिले हैं. टीम ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, अनिल खेमका, राजेंद्र कुमार, रमेश अग्रवाल, साबिर आलम, राणा रंजीत सिंह, पिंटू अग्रवाल,अनिल कुमार और रवि रवानी के ठिकानों पर दबिश दी है. इनके कार्यालय, आवास और संबंधित ठिकाने

आयकर टीम के निशाने पर रहे. टीम में आईटी के करीब 170 अधिकारी व 250 सीआरपीएफ के जवान लगे हैं. इनमें धनबाद के अलावा बाहर की भी टीमें शामिल हैं. अहले सुबह हुई इस छापेमारी से कोयलांचल के कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया. धनबाद में देर रात तक मोबाइल घनघनाते रहे. चर्चा है कि इन कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी हजारीबाग में ईडी के हत्थे चढ़े कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से पूछताछ के बाद मिले सुराग के आधार पर की गयी है. छापे को लेकर जिले में कौतूहल देखा गया.

### झारखंड, बंगाल, बिहार व छत्तीसगढ़ में सुबह से आईटी की दबिश



**इन कारोबारियों के ठिकानों पर रेड**

1. दीपक पोद्दार
2. रवि रवानी
3. अनिल खेमका
4. राजेंद्र कुमार
5. रमेश अग्रवाल
6. साबिर आलम
7. राणा रंजीत सिंह
8. पिंटू अग्रवाल
9. अनिल कुमार

### वेडलॉक में वाहनों की डिक्की खोलकर हुई जांच

वेडलॉक होटल व रिजार्ट परिसर में आयकर टीम ने जितने भी वाहन खड़े थे, सभी की जांच पड़ताल की. आयकर अधिकारियों ने वाहनों की डिक्की और बोनट तक की जांच की. सभी वाहनों की सीटों को भी खंगाला गया है. होटल के लगभग सभी कमरे खंगाले गये.





### इन ठिकानों पर चल रही छापेमारी

1. वेडलाक ग्रीन होटल एंड रिजार्ट बरवाअड्डा जीटीरोड
2. तेतुलिया कोक प्लांट
3. श्याम ट्रेडर्स बरवापुल तेतुलिया
4. जय मां काली उद्योग लिमिटेड जियलगोड़ा पंचायत, गोविंदपुर
5. धनबाद टिकियापाड़ा
6. जोड़ाफाटक रोड
7. काली माता सॉफ्ट कोक शक्ति चौक, तेतुलमारी
8. रिलायबल कोक भट्ठा बरवाडीह गांव हरिहरपुर
9. होटल प्रिंस, क्राउन प्लाजा पुराना बाजार
10. तनेजा हाउस डुमरियाटांड़
11. लक्ष्मीनिया मोड़ झरिया
12. श्रीराम प्लाजा बैंक मोड़
13. लक्की कोक इंडस्ट्री, पुरुलिया बंगाल
14. ज्वाला कोक इंडस्ट्री डुबरा पुरुलिया बंगाल
15. लक्की कोक मैन्यूफैक्चरिंग चास रोड पुरुलिया, बंगाल
16. वसुधा कोक बोकारो
17. महुदा हार्ड कोक
18. संजय हार्डकोक बलियापुर
19. रिलायबल फ्यूल इंडस्ट्रीज बरवाडीह
20. मां ज्वाला कोक इंडस्ट्री बहादुरपुर जैना मोड़
21. गोयल फ्लोर मिल आमाघाटा
22. मोटिया पट्टी कतरास मोड़

**आईटी टीम 56 ठिकनों पर सर्च कर रही है**

आयकर विभाग की टीम ने चार राज्यों में छापेमारी की है. टीम 56 स्थानों पर सर्च कर रही है. इस दौरान वेडलॉक रिजार्ट से तीन करोड़ रुपये कैश मिले हैं. टीम की छापेमारी जारी है.

**-नरसिंह खलखो,** एडिशनल डायरेक्टर, इन्वेस्टिगेशन विंग

---

## मिशन 2024 : जन-जन से जुड़ने की पहल



केरल के थ्रिसूर में त्रिपेरियार श्रीरामास्वामी मंदिर में बुधवार को मलयालम रामायण के बाल कलाकार से मिलते पीएम नरेंद्र मोदी. **फोटो : पीटीआई**



नगालैंड के मुकुकचुंग जिले में बुधवार को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी. **फोटो : पीटीआई**

### विकास पर भाजपा का है स्पष्ट दृष्टिकोण : पीएम

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा भारत में एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास तेज विकास का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है. वे मरीन ड्राइव में दो से तीन बूथ स्तर के क्षेत्रों वाले शक्ति केंद्रों के लगभग 6,000 प्रभारियों की एक पार्टी बैठक को संबोधित कर रहे थे. इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रमुख रणनीतिक पहलों सहित 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी. परियोजनाओं में 310 मीटर लंबा ''ड्राई डॉक'' और अंतरराष्ट्रीय जहाज मरम्मत सुविधा (आईएसआरएफ) शामिल हैं. ड्राई डॉक का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया है जबकि आईएसआरएफ भारत का पहला पूरी तरह से विकसित शुद्ध जहाज मरम्मत पारिस्थितिकी तंत्र है. बता दें कि पीएम दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार शाम को केरल पहुंचे थे. उन्होंने मंगलवार को कोच्चि में एक विशाल रोड शो भी किया. यह संकेत था कि आगामी चुनाव में भाजपा पीएम की लोकप्रियता पर दक्षिण में बढ़त पर ध्यान दे रही है.

### पीएम ने नगा पर कुछ नहीं किया: राहुल गांधी

**कोहिमा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि 2015 में प्रारूप समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद नौ साल तक नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान निकालने के लिए पीएम ने कुछ नहीं किया. नगालैंड के मोकोकचुंग शहर में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि नगा लोगों के विश्वास के बिना और उनके साथ चर्चा के बिना समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सकता. अगर आपके पास समाधान नहीं है तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए और नहीं कहना चाहिए कि आपके पास समाधान है. कांग्रेस समझती है कि मामला गंभीर है और इसका समाधान जरूरी है. प्रधानमंत्री ने नौ साल पहले जो वादा किया था वह नगा लोगों के लिए खोखला वादा था. कोहिमा जिले के खुजामा गांव से मोकोकचुंग तक सड़क मार्ग से लगभग 180 किमी की यात्रा करने के बाद, गांधी ने कहा कि उन्होंने सड़क की ऊबड़-खाबड़ स्थिति और अनियमित बिजली आपूर्ति देखी. वे तुली में रात्रि विश्राम करेंगे और आगे की अपनी यात्रा के लिए गुरुवार सुबह असम में प्रवेश करेंगे.

---

## रहें सतर्क : झारखंड पुलिस ने मोबाइल यूजर्स स्कैम को लेकर जारी किया अलर्ट

# 401 डायल न करें, हो सकती है साइबर ठगी




सौरभ सिंह। रांची

अलर्ट रहें...यदि आपको कोई 401 डायल करने को कहता है, तो कतई न करें. यदि आपने डायल कर दिया, तो साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं. जी हां, झारखंड पुलिस ने मोबाइल यूजर्स स्कैम 401 को लेकर अलर्ट जारी किया है. झारखंडवासियों से पुलिस ने अपील है कि किसी के कहने पर 401 डायल न करें. 401 पर डायल करते ही आपके सभी कॉल किसी नये नंबर पर डायवर्ट किये जा सकते हैं. इसके बाद आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं.

### जानें क्या है डायल 401 स्कैम

साइबर ठग लोगों को फोन कर कहते हैं कि आपका एक पार्सल आया है. कृपया डिलीवरी के लिए अपना एड्रेस कंफर्म करें. जब आप कहते हैं कि हमने तो कोई पार्सल मंगाया ही नहीं है, उधर से कहा जाता है कि ठीक है. लेकिन यह पार्सल आपके नंबर पर बुक हुआ है, तो आपको कैंसिल कराना होगा. इसके बाद पार्सल कैंसिल कराने के लिए साइबर ठग आपको 401 डायल करने के लिए कहता है. इसके बाद वह उस नंबर को भी डायल कराता है, जिस पर उन्हें कॉल फॉरवर्ड कराना होता है. ऐसा करने पर आपके नंबर पर आने वाले कॉल साइबर अपराधी के नंबर पर फॉरवर्ड हो जाते हैं.




### कॉल फॉरवर्ड होने पर ऐसे करें बंद

अगर आपका कॉल फॉरवर्ड हो गया है, तो सबसे पहले आप अपने मोबाइल फोन में कॉलिंग ऐप को ओपन करें. इसके बाद सेटिंग में जाकर कॉल फॉरवर्डिंग के ऑप्शन पर क्लिक करें. यहां आपको दिख जाएगा कि आपका कॉल फॉरवर्ड हुआ है या नहीं. यदि ऑन है, तो उसे ऑफ कर दें. अधिक दिक्कत होने पर कस्टमर केयर को कॉल कर आप कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करा सकते हैं.

---

## एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर को भी गिरफ्तार किया

# डीईओ एक लाख घूस लेते धराए

**एसीबी की कार्रवाई**

संवाददाता। गुमला

एसीबी रांची की टीम ने बुधवार को गुमला में बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर और कंप्यूटर ऑपरेटर अनूप किंडो को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए कार्यालय से रंगे हाथ गिरफ्तार कर रांची ले गयी. जानकारी के अनुसार माघी उच्च विद्यालय सिसई की एचएम कुंती देवी की शिकायत पर एसीबी ने यह कार्रवाई की. मालूम हो कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर ने पिछले 12 मई 23 को माघी बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया था और निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्टीकरण किया गया था.

वादी कुंती देवी ने 12 दिसंबर 23 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए दोषमुक्त करने का आग्रह किया था. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दोषमुक्त करने के लिए एचएम कुंती देवी से एक लाख रुपये की मांग की थी. विधिवत सत्यापन के बाद वादिनी के शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थाना रांची में कांड दर्ज किया गया और गुरुवार को एसीबी की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर और कंप्यूटर आपरेटर अनूप किंडो को गिरफ्तार कर रांची ले गया.



**केस दर्ज**

- एसीबी की टीम ने गुमला जिले में की बड़ी कार्रवाई
- डीईओ सुनील शेखर कुजूर को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

### 15000 रिश्वत लेने के आरोप में गोविंदपुर के दारोगा गिरफ्तार

**गोविंदपुर।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को गोविंदपुर थाना में पदस्थापित 2018 बैच के दारोगा विक्रम कुमार को 15 हजार कैश रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया. टीम ने बैंक मोड़ इलाके में उन्हें गिरफ्तार किया. दारोगा 2022 के गोविंदपुर थाना कांड संख्या 410 में अभियुक्तों को राहत दिलाने के नाम पर 50,000 की मांग की थी और बाद में 15,000 में मामला पक्का हुआ. रुपये पहुंचने में देरी होने पर दारोगा ने अपने मोबाइल से अभियुक्त से कई बार तगादा किया. इसके बाद अभियुक्त ने एंटी करप्शन ब्यूरो की शरण ली. इसके बाद एसीबी की टीम ने कार्रवाई की. पहले तो दारोगा ने टीम को अपना आवास बताने में आनाकानी करने लगे. तब एसीबी के इंस्पेक्टर व छापेमारी में शामिल दंडाधिकारी और पुलिस बल गोविंदपुर थाना पहुंच गए. करीब एक घंटे तक इधर-उधर दौड़ने के बाद एसीबी ने उनका पता लगाया. शाम करीब 6 बजे एसीबी टीम उनके आवास पहुंची और घर की तलाशी ली. घर से कैश बरामद किए गए. उनकी पोस्टिंग 2 वर्ष पूर्व गोविंदपुर थाना में हुई थी.



## एसटी कैटेगरी में 8 लाख, एससी में 3.42 लाख और आदिम जनजातियों के लिए बनाए गए 10344 राशन कार्ड

# झारखंड में जेनरल कैटेगरी में बने 7.19 लाख राशन कार्ड

रवि भारती। रांची

झारखंड में जेनरल कैटेगरी में 719441 राशन कार्ड जनवरी 2024 तक बनाए गए हैं. वहीं बीसी कैटेगरी में 139661 कार्ड बने. एसटी कैटेगरी में रिकॉर्ड 800023 राशन कार्ड बने. एससी कैटेगरी में 342637 कार्ड बनाए गए. ओबीसी में 1423836 राशन कार्ड बने. अन्य में 44873 राशन कार्ड बनाए गए. आदिम जनजातियों के अनाज के लिए अब तक 10344 राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं. राज्य में हरा कार्डधारियों की संख्या बढ़कर 490354 हो गई है. इससे 1527728 लाभुकों को अनाज मिल रहा है. सफेद कार्डधारियों की संख्या 362215 है. इससे 1355413 लाभुकों तक अनाज पहुंच रहा है. एएवाई कार्डधारियों की संख्या 892497 है, जिसमें 3448031 लाभुकों को फायदा हो रहा है, पीएच कार्डधारियों की संख्या 5213702 है, जिससे 22977354 लाभुकों को अनाज मिल रहा है.




## पार्टी के नेता, मंत्री, सांसद व विधायक पीसीसी अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज

# प्रदेश कांग्रेस संगठन में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं

कौशल आनंद। रांची

लोकसभा चुनाव के पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है. प्रदेश कांग्रेस के मास नेता, पदाधिकारी, मंत्री, सांसद और विधायक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की कार्यशैली से काफी दिनों से नाराज चल रहे हैं. झारखंड में नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर आने और उनके अलग-अगल बैठकों के बाद यह मामला पूरी तरह से सतह पर आ गया. यहां तक कि प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में नेताओ के बीच आपस में नए प्रभारी की मौजदूगी में तू-तू, मैं-मैं तक हुई, जिसमें गीता कोड़ा का भाजपा में जाने की संभावना मामले पर प्रमुख रहा है. खबर यह जरूर आयी कि गीता कोड़ा को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पिछले दिनों नए प्रभारी के आने के बाद बैठक में फोन करके बुलाया. मगर इसके पीछे की कहानी कुछ और ही है. दरअसल गीता कोड़ा की नाराजगी ही प्रदेश अध्यक्ष से चल रही थी. तमाम बैठकों के बाद नए प्रभारी ने जो रिपोर्ट बनाकर दिल्ली ले गए हैं, वह वर्तमान प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बताया जा रहा है. अगर लोकसभा चुनाव के पहले फरवरी तक राजेश ठाकुर बदले जाते हैं तो कोई अचरज वाली बात नही होगी.



- नए प्रभारी के आने और अगल-अगल बैठकों के बाद प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ गयी निगेटिव रिपोर्ट
- गीता कोड़ा का भाजपा में जाने के मामले को प्रभारी ने किया पैचअप, इनकी नाराजगी भी अध्यक्ष के खिलाफ ही थी

### बोर्ड-निगम में जगह नहीं पाने वाले नेताओं ने नए प्रभारी के समक्ष खुलकर रखी अपनी बात

बोर्ड-निगम में जगह नहीं पानी वाले कांग्रेस नेताओं ने भी नए प्रभारी के समक्ष अपनी बातें खुलकर रखीं. इन्होंने कहा कि वे गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं और पदाधिकारियों को बोर्ड-निगम में जगह दिलवा देते हैं, जब इसकी शिकायत वे प्रदेश से करते हैं तो वह कहते हैं कि यह मामला केंद्रीय आलाकमान का है. जबकि चाहे चुनाव लड़ने का मामला हो, गठबंधन या अकेले चुनाव में जाने का मामला या फिर किसी पदाधिकारी को बोर्ड-निगम में जगह देने का. यह पूरी तरह प्रदेश स्तर पर तय होता है, इसकी रिपोर्ट और अनुशंसा के बाद ही केंद्रीय नेतृत्व उस पर अपनी मुहर लगाता है. ऐसे नेताओं ने उदारहण देते हुए बताया कि 2014 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन प्रभारी बीके हरिप्रसाद एवं पार्टी हाई कमान गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने प्रदेश कार्यकारिणी से प्रस्ताव पारित कर हाईकमान को भेज दिया कि झारखंड में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेंगी और प्रदेश के फैसले को हाईकमान ने अंगीकार किया.

### सांसद गीता कोड़ा ने नए प्रभारी को बतायी मन की बात, समस्याओं की जानकारी दी

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के बैठक के पूर्व नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ आधे घंटे तक अकेले बात की और अपने मन की बात बतायी. कहा कि उनके भाजपा में जाने की अफवाह वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ही उड़वाते रहे हैं. जब भी मेरा नाम प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में आता है, प्रदेश अध्यक्ष ही ऐसी अफवाह उड़वा देते हैं ताकि मेरा पत्ता ही कट जाए. प्रदेश अध्यक्ष की इस कार्यशैली से गीता कोड़ा ने प्रभारी के समक्ष नाराजगी जाहिर की. मालूम हो कि बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गीता कोड़ा ने साफ कर दिया कि वे जन्मजात कांग्रेसी हैं, वे भाजपा मे नहीं जा रही हैं, उनके विरोधी इस तरह की अफवाहें उड़वा रहे हैं.

**बैठक के दौरान ही पूर्व अध्यक्ष और एक मंत्री के बीच हुई काफी कहा-सुनी**

नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में प्रथम सप्ताह में प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक की हुई थी. इस बैठक में एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान के एक मंत्री पर सवाल उठाया. कई बातें मीटिंग के दौरान मंत्री को कह दी. फिर क्या था मंत्री ने भी पूर्व अध्यक्ष को जी भर के सुना दिया. कहा दिया कि आप गत विधानसभा चुनाव में क्यों कांग्रेस से भाग गए. तब पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि टिकट नहीं मिला इसलिए. फिर क्या था मंत्री ने कहा दिया कि क्या टिकट पाने के लिए ही पार्टी में थे. मंत्री के इस जवाब से नाराज हो होकर मंत्री को यहां तक कह दिया कि आपको मैं ही आप तो साइकिल चलाते थे, मैंने ही आपको कांग्रेस में लाया. अंत में प्रभारी ने बीच बचाओ किया तब जाकर दोनों शांत हुए. यह मंत्री भी एक खास वर्ग से तालुक्क रखने के कारण प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं, मगर एक पूर्व अध्यक्ष इनके खिलाफ फिल्डिंग करते रहते रहते हैं.

## हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता। रांची

झारखंड हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति के कार्यालय का एक्टिंग चीफ जस्टिस श्रीचंद्रशेखर ने 16 जनवरी को उद्घाटन किया. इस दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर के द्वारा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस आर. मुखोपाध्याय, हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति और अन्य जस्टिस और अधिवक्तागण की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया. हाइकोर्ट परिसर में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का कार्यालय सभी सुविधाओं से लैश है, जिनमें कॉन्फ्रेंस रूम, वेटिंग हॉल, फ्रंट ऑफिस तथा अन्य सुविधाएं शामिल हैं.



उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ वादकारी और अन्य स्टेक होल्डर को मिलेगा.

## 20 को जुटेंगे सभी कुड़मी संगठन

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पूर्व कुरमी अपनी मांग को लेकर फिर से मुखर होंगे. आगामी 20 जनवरी को रांची के पुराना विधायक आवास में कुड़मी समाज के तमाम संगठनों की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें टोटेमिक कुड़मी, कुड़मी महतो समाज के सभी प्रमुख अगुवा हिस्सा लेंगे. बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने बताया कि यह बैठक काफी अहम होगी.

## तीन साल से जमे इंस्पेक्टर और एसआई के तबादला का मामला

# एडीजी मुख्यालय के नहीं रहने से बाधित है बोर्ड की बैठक

सौरभ सिंह। रांची

राज्य में तीन साल से जमे इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों का भी तबादला होना है. झारखंड पुलिस मुख्यालय के स्तर पर तबादलों की तैयारी पूरी कर ली गई है. लेकिन एडीजी मुख्यालय के नहीं होने की वजह से बोर्ड की बैठक नहीं हो पा रही है.

इस वजह से साल 2018 बैच के दो हजार से अधिक सब इंस्पेक्टर के साथ-साथ कुल तीन हजार से अधिक दारोगा व इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी का तबादला नहीं हो पा रहा है. गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक, राज्य के वैसे पदाधिकारियों का तबादला होना है, जो एक ही जगहों पर तीन साल या उससे अधिक अवधि से जमे हुए हैं. आयोग ने 30 जून 2024 डेडलाइन तय की है.

### तबादला में देरी होने से विधि व्यवस्था पर देखने को मिलेगा असर

इतने भारी पैमाने पर पुलिसकर्मियों के देर से तबादला होने का असर जिलों की पुलिसिंग पर पड़ेगा. वर्तमान में जिस जिले में जो पुलिस अधिकारी पदस्थापित हैं. उन्हें लग रहा है कि उनका अब तबादला होना ही है, तो इस वजह से वह अपने काम पर सही से ध्यान नहीं दे रहे हैं. वहीं देरी से तबादला होने पर जो नए पुलिस पदाधिकारी जिले में आएंगे, उन्हें जिलों में नक्सल अभियान के लिए सूचनाएं जुटाने और आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी लगाम लगाना चुनौती जैसी होगी. जिलों में नए तैनात होने वाले पुलिस अफसरों को सूचना तंत्र बनाने की भी चुनौती होगी.

### डीएसपी रैंक के अधिकारियों के तबादला के लिए हुई बोर्ड की बैठक

राज्य में तीन साल से जमे डीएसपी स्तर के अधिकारियों का भी तबादला होना है. इसे लेकर मंगलवार को बोर्ड की बैठक हो गई. अब जल्द ही तीन साल से जमे डीएसपी स्तर के अधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग का लिस्ट जारी किया जाएगा. वहीं डीएसपी रैंक में 93 नवप्रोन्नत हुए अफसरों की भी पोस्टिंग होनी है. राज्य सरकार की ओर से 150 से अधिक डीएसपी की ट्रांसफर-पोस्टिंग की जानी है. वहीं राज्य में तकरीबन दो दर्जन जगहों पर डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों का पद रिक्त है.

CLASSIFIED







































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 18 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 1, अंक : 271 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ईडी जांच में खुलासा

# इजहार अंसारी ने वाराणसी और धनबाद की मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था लिंकेज का 86,568 टन कोयला

सौरभ सिंह। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को गिरफ्तार किया है. ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि इजहार अंसारी ने लिंकेज (सब्सिडी दर) का 86568 टन कोयला वाराणसी और धनबाद की कोयला मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था, जिसकी कीमत बाजार मूल्य 71 करोड़ रुपये है. ईडी की जांच से पता चला है कि इज़हार अंसारी ने कोयला लिंकेज नीति का दुरूपयोग किया है. इसके तहत कैप्टिव खपत के लिए छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) को सब्सिडी वाला कोयला आवंटित किया जाता था. इजहार अंसारी की 13 ऐसी एसएमई फर्मों को 71 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाला लगभग 86568 टन कोयला आवंटित किया गया था. हालांकि इजहार अंसारी ने उद्योग में उपयोग करने के बजाय कोयले को खुले बाजार में बेच दिया और इससे बड़े पैमाने पर लाभ कमाया.

### ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दर्ज मामले की ईडी ने शुरू की जांच

ईडी ने ट्रक ड्राइवर सैयद सलमानी के खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की. सैयद सलमानी इजहार अंसारी के लिए काम करते रहे हैं. इस मामले में अवैध रूप से ट्रांसपोर्टिंग किये गये 19 टन कोयले के साथ ट्रक को भी झारखंड पुलिस ने जब्त कर लिया था.

### कई अफसरों को इजहार अंसारी ने दी थी रिश्वत

ईडी की जांच से संकेत मिला कि ऐसे सब्सिडी वाले कोयला आवंटन के बदले इज़हार अंसारी कुछ अफसरों को रिश्वत भी देता था. ईडी ने 16 जनवरी को इजहार अंसारी के हजारीबाग और रामगढ़ स्थित तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद 17 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी को रांची में पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया और छह दिनों की रिमांड पर लिया है.

## इजहार से छह दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी, कोर्ट ने दी अनुमति



**रांची।** हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को आज बुधवार को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया. ईडी की ओर से इजहार को छह दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी गयी. इसके बाद अदालत ने छह दिनों की रिमांड की अनुमति दे दी. बता दें कि ईडी ने 16 जनवरी को कोल लिंकेज से जुड़े मामले में हजारीबाग स्थित इजहार अंसारी के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी. जिसके बाद देर शाम ईडी ने इजहार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया था. इजहार अंसारी पर कई शेल कंपनियों के जरिये अवैध कोयला कारोबार करने का आरोप है. उस पर निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सहयोग से करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का भी आरोप है.इससे पहले 3 मार्च 2023 को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकानों पर दबिश दी थी. उस छापेमारी में ईडी ने उसके ठिकानों से तीन करोड़ से अधिक नकद बरामद किये थे.

## पत्नी है बीमार 22 जनवरी के बाद दें वक्त : पिंटू

▪ सीएम के प्रेस सलाहकार ने ईडी को लिखा पत्र

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाये. इससे पहले ईडी ने बीते छह जनवरी को अभिषेक प्रसाद को समन भेजकर 16 जनवरी को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था. हालांकि वो ईडी ऑफिस नहीं जा पाए थे. उनसे 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में पूछताछ की जानी थी. ईडी ने बीते तीन जनवरी को कुल 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी.

घटनास्थल पर जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों का आना-जाना लगा रहा

# हड़कंप : कतरास में भू-धंसान जारी लोगों में गुस्सा, सड़क जाम की

संवाददाता। कतरास

■ कांग्रेस नेता अशोक प्रकाश लाल ने बीसीसीएल के महाप्रबंधक को खरी-खोटी सुनायी
■ विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद के पूर्व एसएसपी को बताया घटना के लिए जिम्मेदार

राजगंज मुख्य मार्ग के गुहीबांध के पास सड़क किनारे दुकानों में भू-धंसान के बाद भी बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं करने से गुस्साये स्थानीय लोगों ने कांग्रेस, झामुमो व जदयू नेताओं के नेतृत्व में बुधवार को सड़क पर उतर आये. धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल के नेतृत्व में लोग सड़क जाम कर धरना पर बैठ गये. गुस्साये लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की . सड़क जाम रहने से उस मार्ग के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गयी. आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गया. लोग क्षतिग्रस्त व जमींदोज हुईं दुकानों के संचालकों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने के साथ ही साथ जहां बू धंसान हुआ वहां, बालू भराई की मांग कर रहे थे. रामकनाली ओपी प्रभारी जीतेंद्र कुमार ने आंदोलनकारियों को समझाने -बुझाने का प्रयास किया, पर वे लोग प्रभावितों की मांगों व बीसीसीएल महाप्रबंधक को तत्काल घटनास्थल पर बुलाने को लेकर अड़े रहे. करीब तीन घंटे के बाद बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एमएस दूत मौके पर पहुंचे, तो कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने खूब खरी-खोटी सुनायी. इसके बाद महाप्रबंधक ने आंदोलनकारियों से बात कर शीघ्र भराई कार्य करवाने का आश्वासन दिया, तो लोगों ने सड़क जाम हटा ली

**महाप्रबंधक को खरी-खोटी :** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल, झामुमो नेता रतिलाल टुडू व जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने कहा कि पॉश इलाके में भू - धंसान की घटना हुई है.



### सीओ ने प्रभावितों से आवेदन देने को कहा

घटना की सूचना पाकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, बाघमारा अंचल के सीओ रवि भूषण प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, कांग्रेस नेत्री कमला कुमारी सहित अन्य घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया. सीओ रवि भूषण प्रसाद ने कहा कि प्रभावित परिवार अपना आवेदन दें. ताकि उनकी मांगों को अग्रसारित कर उच्च अधिकारियों को भेजा जा सके. उन्होंने शीघ्र मुआवजे को लेकर दिलाने का आश्वासन दिया.

### पूरे जिले में अवैध खनन किया जा रहा है : ढुल्लू

विधायक ढुल्लू महतो ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद घटना के लिए सीधे तौर पर पूर्व एसएसपी संजीव कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पूर्व एसएसपी के नेतृत्व में पूरे धनबाद जिले में अवैध खनन कर कोयला निकाला गया. इसलिए संजीव कुमार के खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए.कहा कि पूर्व एसएसपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए वे केंद्र सरकार से मांगा करेंगे. मंगलवार की देर शाम गुहीबांध मिल्लत कमेटी के समीप स्थित रजा स्टील फर्नीचर की दुकान व डेटिंग गैराज में भू धंसान से इहड़कंप मच गया.

### पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जमीन में समा गई

इलाके में बुधवार को भी भू-धंसान हुआ. यहां मिट्टी धीरे- धीरे धसक रही है. आसपास की दुकानों व जमीन में भी दरारें पड़ गयी हैं. भुक्तभोगी दुकान संचालक मकसूद अंसारी ने भय से अपनी दुकान से बक्सा सहित अन्य सामानों को जैसे-तैसे हटाकर खाली किया. भुक्तभोगी के दुकान के अधिकांश आलमारी, पलंग, कुर्सी सहित अन्य सामान सौ फीट जमीन के नीचे मलवे में समा गया. भुक्तभोगी के अनुसार करीब पांच लाख से अधिक की संपत्ति जमीनदोज हो गई है. वहीं एतियातन मौके पर कतरास थाना व रामकनाली ओपी की पुलिस तैनात है.



### नगर निगम की लापरवाही से अतिक्रमण

घटनास्थल पर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, झामुमो नेता अजमुल अंसारी, सूरज महतो, सूर्यदेव मिश्रा, बलवीर सिंह, श्याम किशोर कल्लू, वाईके पाठक, रामकुमार साहू, जियाउल हक, रंजीत पांडे आदि पहुंचे. घटना के घंटों बाद भी बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा बचाव को लेकर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है. वही नगर निगम का भी कोई अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा .जबकि नगर निगम के स्थानीय अधिकारियों काी लापरवाही के कारण ही गुहीबांध सहित अन्य इलाकों में लोग सड़कों के किनारे अतिक्रमण कर दुकानें व आवास बनाकर रह रहे हैं.

युवती जेल में बंद अपराधी भाटा लोहार की सगी बहन

# सालडीह बस्ती के मंटू मैदान में युवती को जिंदा जला कर फेंका

संजीव मेहता। आदित्यपुर


युवती के अधजले शव को ढंकते लोग

**मची सनसनी**

● सुबह 11 बजे की घटना, पड़ोसी कुछ बताने को तैयार नहीं

आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सालडीह बस्ती में बुधवार को मंटू मैदान के पास एक युवती को दिनदहाड़े जिंदा जलाकर फेंक दिया गया. घटना दिन के 11 बजे की है. युवती की उम्र करीब 20 वर्ष बतायी जा रही है. आसपास के लोगों ने युवती को पहचानने से इनकार किया है. हालांकि सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार युवती सालडीह के अपराधी और सरायकेला जेल में बंद सागर लोहार के शागिर्द भाटा लोहार की बहन है. पुलिस ने पिछले दिनों ही सागर लोहार के साथ भाटा लोहार को हत्याकांड में जेल भेजा है. बाद में पुलिस की पहल पर युवती की पहचान सोनी लोहार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है सोनी मंटू मैदान के पास रहने वाले एक युवक से प्यार करती थी. दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रहा था, बुधवार को उसी युवक से मिलने सोनी मंटू मैदान गई थी. लेकिन घर में हंगामा करने के कारण सोनी को उसके प्रेमी और उसके परिवारवालों ने जलाकर मार डाला और शव को मंटू मैदान के पास एक गली में फेंक दिया. हालांकि इतनी बड़ी घटना घटने के बावजूद आसपास के लोग यासोनी के पड़ोसी मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं.

युवती को जलाकर मैदान के पास की गली में फेंके जाने की सूचना पुलिस को मिली, तो वारदात के करीब एक घंटे बाद दोपहर 12 बजे जांच करने घटनास्थल पर पहुंची. आदित्यपुर थाना के पीसीआर पुलिस पदाधिकारी अमर कुमार मंडल वहां पहुंचे. उन्होंने बताया कि घटना के बारे में आसपास के लोग किसी भी तरह की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे थे. लिहाजा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. उन्होंने बताया कि वैसे आधिकारिक पहचान के लिए 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखा जाएगा. फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. शव का पोस्टमार्टम करा कर एमजीएम अस्पताल के शीत गृह में रखा गया है. इतनी बड़ी वीभत्स घटना के बावजूद सालडीह बस्ती के लोग चुप्पी साधे हुए हैं.

## भूली में मजदूर ने लगा ली फांसी

**धनबाद।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पश्चिम बंगाल के बिशनपुर निवासी मजदूर सौरभ डे निजी कंपनी त्रिवेणी एनजी कॉम्स में कंस्ट्रक्शन का काम करता था. साथी मजदूरों ने उसे फांसी के फंदे पर झूलते देख आनन-फानन में उतारा और एसएनएमएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. साथी मजदूर ज्योति रंजन ने बताया कि बुधवार की सुबह सौरभ अपने कमरे से देर तक नहीं निकला, तो उसने दरवाजे पर दस्तक दी. लेकिन दरवाजा नहीं खुला. दरवाजा तोड़ा गया तो वह गमछा के सहारे फांसी पर लटक रहा था. इसके बाद वे लोग उसे एसएनएमएमसीएच ले गए. घटना की सूचना मजदूर के परिजनों को दे दी गई है.

प्रशिक्षु के सुसाइड को लेकर परिजन आक्रोशित

## मंत्री ने कहा - होगी कार्रवाई

संवाददाता। रांची



राजधानी के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर के गर्ल्स हॉस्टल में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की प्रशिक्षु ने मंगलवार की रात आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान दुमका की रहने वाली 16 वर्षीय कल्पना कुमारी के रूप में हुई है. कल्पना के पिता नहीं हैं. इस मामले को लेकर परिजन काफी आक्रोशित हैं. बुधवार की सुबह परिजन पहले जेएसएसपीएस हॉस्टल पहुंचे, उसके बाद रिम्स आकर कल्पना का शव देखकर काफी आक्रोशित हो गए. उनकी मानें तो जेएसएसपीएस की गलती के कारण लगातार बालिका हॉस्टल परिसर में इस तरह की घटना घट रही है. कल्पना के परिजनों ने मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम करने की मांग की है. रिम्स परिसर में जेएसएसपीएस के पदाधिकारी की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और पुलिसिया कार्रवाई की गई.

खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा है कि, इस मामले पर कार्रवाई का आदेश दे दिया गया है और एफआईआर भी हो गया है. साथ ही मंत्री ने कहा कि हमलोग जांच करवाते हैं कि इस तरह का मामला क्यों हो रहा है.

# हर 4 साल में फॉर्म भरते हैं गृह रक्षक, 23 साल में एक के भी पता का सत्यापन नहीं

संवाददाता। धनबाद

झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के सभी गृह रक्षक हर 4 साल में एक बार फॉर्म भरते हैं, जिसमेंहर गृह रक्षक के स्थायी पता का सत्यापन करना अनिवार्य है. लेकिन झारखंड बनने के बाद 23 साल में एक भी होमगार्ड के पता का सत्यापन नहीं हुआ है. नये होमगार्ड डीजी अनिल पाल्टा के आने के बाद सैकड़ों गृह रक्षकों को उम्मीद है कि इस बार जरूर सभी होमगार्ड का सत्यापन होगा, ताकि पता चल सके कि कौन असली और कौन फर्जी दस्तावेज के आधार पर बहाल हुआ है. सूत्रों के अनुसार, झारखंड बनने के बाद अब तक चार से पांच बार धनबाद, रांची, हजारीबाग, बोकारो समेत अन्य 24 जिलों में गृह रक्षकों की बहाली हुई है.

## थाने में बैठे-बैठे कर देते हैं सत्यापन

### फर्जी अंक और प्रमाण पत्र पर हजारों कर रहे नौकरी

जानकारों का कहना है कि झारखंड में हजारों गृह रक्षक फर्जी अंक और आवासीय प्रमाण पत्र पर बहाल हो गए और वे बेखौफ नौकरी कर रहे हैं. 50 से 60 फीसदी होमगार्ड जवान बिहार के हैं, लेकिन वे झारखंड के विभिन्न जिलों में किराये का मकान लेकर रह रहे हैं और सिंडिकेट के जरिए फर्जी दस्तावेज बनवा लिया है. संबंधित सरकारी विभाग से जांच करने पर पता चल जाएगा कि सभी दस्तावेज फर्जी हैं. पकड़े जाने, एफआईआर व जेल जाने से बचने के लिए रिश्वत देकर काम चला लेते हैं.

### फर्जी बहाली कर उसे बचाता है शर्मा सिंडिकेट

सूत्रों के अनुसार फर्जी होमगार्ड जवानों की बहाली और उसे विभागीय कार्रवाई से बचाने का काम धनबाद समेत पूरे झारखंड में गणेश शर्मा का सिंडिकेट कर रहा है. गणेश शर्मा के खिलाफ होमगार्ड डीजी अनिल पाल्टा से भी शिकायत की गयी है. होमगार्ड डीजी उसके खिलाफ मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन वह अभी फरार है. वह बिहार के गया का रहनेवाला है, लेकिन रांची के पता पर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाया है. विभाग के कई पदाधिकारियों से उसके मधुर संबंध हैं.

**गुड न्यूज** 48 घंटे के अंदर घर पहुंच जाएगा बालू, मार्च से सैंड टैक्सी से उपलब्ध होगी सुविधा

# कोडरमा और गिरिडीह में मिला लिथियम का भंडार

ब्यूरो प्रमुख। रांची

खान सचिव अबु बकर सिद्दिकी ने कहा कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम का भंडार मिला है. इसका आकलन किया जा रहा है. यह हाई क्वालिटी का है. खान सचिव बुधवार को सूचना भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अब 48 घंटे के अंदर बालू आपके घर पहुंच जाएगा. यह व्यवस्था मार्च से लागू हो जाएगी. यह सुविधा सैंड टैक्सी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी. बालू के परिवहन वाली गाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इसी माध्यम से बालू पहुंचाया जाएगा. खान सचिव ने बताया कि पिछले पांच साल में खान विभाग ने राजस्व वसूली का जो लक्ष्य रखा था, उसमें लगातार वृद्धि हुई है. 2022-23 में 9680 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य था, जिसमें 9798.40 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुए. 2023-24 में विभाग ने 13650 करोड़ का लक्ष्य रखा है, वर्तमान में 6965.26 करोड़ रुपये राजस्व वसूली हो चुकी है. यह 12500 करोड़ तक जा सकता है, जो लक्ष्य से काफी करीब है.

### डेढ़ गुना अधिक राशि की योजनाएं होंगी स्वीकृत

डीएमएफटी फंड में संग्रह राशि से डेढ़ गुना अधिक राशि की योजना स्वीकृत करने का निर्देश जिला के डीसी को दिया गया है. वर्तमान में 11960.3 करोड़ राशि फंड में आए हैं, जिससे 9413.1 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है. वहीं खर्च 5978.2 करोड़ रुपये हुआ है. इस राशि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में जन समुदाय के उत्थान व कल्याण के लिए होगा.

### चल रही है बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया

**राजस्व की वसूली 6965.26 करोड़**



### 351 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया जारी

जेएसएमडीसी के द्वारा 351 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया डीसी के माध्यम से शुरू किया गया है. जिसमें 216 बोली कर्ताओं को एल वन का लेटर ऑफ इंटरेस्ट दिया जा चुका है. 135 बालू घाटों का टेंडर प्रोसेस चल रहा है.

### नीलामी के लिए तैयार हो रहे खदानों के ब्लॉक

खान विभाग द्वारा वृहद खनिजों को छोड़कर नीलामी योग्य खदानों के ब्लॉक तैयार करने का काम किया जा रहा है, जिसमें अब तक 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है. इसमें तीन आयरन ओर, दो सोना, दो चूना पत्थर, एक बॉक्साइट, दो ग्रेफाइट खनिज ब्लॉक की नीलामी का कार्य किया जा चुका है. वर्तमान में 14 खदानों की नीलामी की तैयारी की जा रही है.

# टुसू परब के उत्साह में खलल डाल रहा घना कोहरा

संवाददाता। चांडिल



चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को अहले सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा. दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई. दिन के दस बजे तक वातावरण कोहरे की आगोश में रहा. इसके बाद धीरे-धीरे वातावरण साफ होने लगा. दस बजे के बाद सूरज तो दिखाई दे रहे थे, लेकिन सूाज की कीरणें जमीन तक नहीं पहुंच रही थी. आसमान में बादल भी छाये हुए हैं और बारिश की संभावना भी बनी हुई है. बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय के अलावा ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से कोहरे के आवरण से ढाका रहा. घना कोहरा छाए रहने के कारण रोजमर्रा की जिंदगी के लिए समय पर निकालने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. कोहरे के साथ क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा.

**धीमी हुई वाहनों के पहिए की रफ्तार :** घना कोहरा छाए रहने के कारण क्षेत्र में लगने वाले टुसू मेला भी प्रभावित हो रहा है. क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण टुसू परब के दौरान घना कोहरा लोगों के उत्साह में खलल डालने का काम कर रहा है. कोहरे के कारण किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरे उभरकर सामने आई हैं. कोहरे के कारण आलू की फस्ल को नुसकान पहुंचने का अंदेशा लगाया जा रहा है. वहीं कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी बुधवार को सुबह आठ बजे तक शून्य दृश्यता की स्थिति बनी हुई थी एवं आसमान से ओस की हल्की बूंदे टपकती महसूस हो रही थी. टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 और टाटा-धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. वाहन चालकों को हेड लाइट का सहारा लेकर वाहन चलाना पड़ रहा था.

## कोहरा और ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त



संवाददाता | बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है. इस कोहरे ने कृषि कार्य से लेकर सड़क पर यातायत करने वाले वाहन चालकों की भी परेशानी बढ़ा दी है. सड़क पर चलने वाले वाहनों की गति धीमी हो गई है. वहीं कोहरे के कारण ठंड में भी इजाफा हुआ है. इससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है. सुबह से दोपहर 11:00 तक भगवान सूर्य देव का दर्शन नहीं हुआ है. धूप का कोई नामोनिशान नहीं है. ग्रामीण इलाकों में भी घना कोहरा छाया हुआ है. लोग दिन भर गर्म कपड़े पहन कर अपने काम करने में लगे हैं.

## सुदूरवर्ती झांटीझरना उवि के बच्चों ने किया शहर का भ्रमण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है. इसी क्रम में बुधवार को जिला पुलिस ने घाटशिला के झांटीझरना उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों को शहर भ्रमण कराया. कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों को शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल, जुबली पार्क, चिड़ियाघर, महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय समेत अन्य स्थलों का दिखाया गया और वहां के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पूर्व में उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्र झांटीझरना का दौरा किया था. एक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों से बातचीत की थी. उन्हें पता चला कि यहां के स्कूली बच्चे शहर से पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं. लिस ने एसएसपी कार्यालय के सभागार में बच्चों के बीच पठन-पाठन समेत अन्य जरूरत के सामानों का वितरण किया.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- संसद का वो सदन जो निम्न सदन कहलाता है– **लोकसभा**
- संविधान सभा ने के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे– **भीमराव अंबेडकर**
- संविधान सभा ने कब संविधान को पारित किया– **26 नवंबर 1949**
- शरीर के सभी कार्यों को नियंत्रण करनेवाला अंग– **मस्तिष्क**
- फतेहपुर सीकरी का निर्माण करवाया था– **मुगल सम्राट अकबर**
- प्लासी की लड़ाई में लार्ड क्लाइव ने किसे हराया था– **सिराजुद्दौला**
- नंद वंश का अंतिम शासक था – **घनानंद**
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है – **चंद्रमा**
- शक् संवत किसने चलाया था – **कनिष्क**
- योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है– **प्रधानमंत्री**

## ब्रीफ खबरें

### एमआईजी दुर्गा-काली मंडप में 22 को सुंदरकांड पाठ

**आदित्यपुर ।** 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पर एमआईजी दुर्गा पूजा और काली पूजा कमेटी दोनों मिलकर दुर्गा पूजा मंडप में सुबह 10:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ का आयोजन करेगी. दुर्गा पूजा के अध्यक्ष एनके तनेजा काली पूजा कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह के तत्वाधान में यह कार्यक्रम होगी. एमआईजी के सभी भक्तों से निवेदन किया गया है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं.

### समिति ने निकाला बंग उत्सव आमंत्रण पदयात्रा

**घाटशिला।** बंग भाषी समिति घाटशिला की ओर से बुधवार को गोपालपुर पुराना रेलवे ओवर ब्रिज से घाटशिला राम मंदिर तक बंग उत्सव आमंत्रण पदयात्रा का आयोजन तापस चटर्जी के नेतृत्व में किया गया. इस दौरान बंगाली समुदाय के लोगों ने हाथ में बैनर पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए राम मंदिर तक पहुंचे. इस संबंध में तापस चटर्जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में 28 जनवरी को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में भाषा, शिक्षा संस्कृति आदि के विकास को लेकर प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. आमंत्रण पदयात्रा के माध्यम से बंगाली समुदाय के लोगों को शामिल होने की अपील की गई है.

### आज से होगी 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा

**जमशेदपुर।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिले में प्रोजेक्ट रेल 3.0 (रेगुलर एसेसमेंट फॉर इम्प्रुव्ड लर्निंग) के तहत प्री-बोर्ड का संचालन 18 जनवरी से 01 फरवरी तक किया जा रहा है. स्कूली बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी प्रदान करने की दिशा में बच्चों को प्री बोर्ड टेस्ट के माध्यम से वार्षिक परीक्षाओं का अभ्यास कराया जायेगा. जिले के सभी सरकारी स्कूलों में क्लास 10वीं और 12वीं के सभी संकाय के छात्र-छात्राओं का टेस्ट लिया जाएगा. प्रश्नपत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया है. परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है. प्रोजेक्ट रेल 3.0 के तहत आयोजित होने वाले प्री बोर्ड टेस्ट का उद्देश्य स्कूली बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है. इन टेस्ट के माध्यम से बच्चों को अपने कमजोर विषयों की पहचान करने और उन्हें सुधारने का मौका मिलेगा. साथ ही इन टेस्ट के माध्यम से बच्चों को परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार भी किया जायेगा.

### 357वें प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन टेल्को गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाई निकली

# तहीं प्रकाश हमारा भयो,पटना शहर बिखै ...

- टेल्को गुरुद्वारा से निकाला विशाल नगर कीर्तन
- गुरुद्वारा में टाटा मोटर्स एवं कमिंस के प्लांट हेड सम्मानित

संवाददाता। जमशेदपुर



सरवंश दानी, साहब ए कमाल, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन टेल्को गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाई, पांच प्यारों की रहनुमाई और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के तत्वावधान में सजाया गया. करीब 11:45 बजे पांच प्यारों ने अरदास की.उसके बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को रुमाला एवं प्रसाद भेंट किया गया.उन्होंने पुष्प वर्षा की. वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सड़क पर ही गुरु ग्रंथ साहब की पालकी के आगे शीश नवाया और मत्था टेक, "बोले सो निहाल" का जयकारा लगाया. सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, जिला 20 सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरि, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, कमिंस प्लांट हेड रामफल नेहरा, सीनियर जीएम संजय सिन्हा ने भी माथा टेक कर शुकराना अदा किया.

**ये लोग भी अरदास में शामिल हुए :** इस अवसर पर आयोजक सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन एवं झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, सतबीर सिंह सोमू, कुलविंदर सिंह, परविंदर सिंह सोहल, कुलविंदर सिंह पन्नू, त्रिलोचन सिंह, नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, निशान सिंह, दमनप्रीत सिंह, बीबी कमलजीत कौर गिल, कमलजीत कौर समेत अन्य अरदास में शामिल हुए.नगर कीर्तन शहर के विभिन्न मार्ग से होकर गुजरा.इससे पूर्व टेल्को गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया. सरदार सुखदेव सिंह खालसा, स्त्री सत्संग सभा, गुरकीरत सिंह, कविसर सुरजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया. गुरु दरबार में विधायक सरयू राय, प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, प्लांट हेड रामफल नेहरा, जीएम संजय सिंह, सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार अमरजीत सिंह को संगत और कमेटी की ओर से चैयरमैन राम किशन सिंह चेयरमैन जीत सिंह प्रधान बलविंदर सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.नगर कीर्तन में कंट्रोलिंग की सेवा अमरीक सिंह, इंदर सिंह इंद्र एवं उनके सहयोगी कर रहे थे. टेल्को गुरुद्वारा में पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में जवान व कर्मी उपस्थित थे. यहां हजारों लोगों ने श्रद्धा भाव से लंगर ग्रहण किया.

### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन



**घाटशिला।** मऊभंडार गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से बुधवार को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा परिसर से गोपालपुर रेलवे ओवरब्रिज तक नगर कीर्तन निकाला गया. नगर कीर्तन के दौरान पंच प्यारे ध्वज लेकर चल रहे थे. इसके पीछे वाहन पर गुरु की पालकी के साथ कीर्तन मंडली चल रही थी. नगर कीर्तन से पूर्व मऊभंडार से लेकर गोपालपुर तक सड़क की धुलाई करने के पश्चात फूलों की वर्षा की गई. सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर गुरु का पाठ शबद कीर्तन तथा अरदास के बाद अतिथियों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया. इसके उपरांत गुरुद्वारा परिसर में लंगर का भी आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न समाज के लोगों ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया. गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर सिख समाज के लोगों में उत्साह चरम पर देखने को मिला.

### खालसा क्लब ने संगत की सेवा की



**जमशेदपुर।** गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357 वें प्रकाश पर्व को समर्पित निकली विशाल नगर कीर्तन में शामिल स्कूली बच्चों और संगत की सेवा बिष्टुपुर खालसा क्लब के द्वारा की गई. बच्चों के बीच पांच हजार पैकेट नमकीन एवं पेयजल की बोतल वितरित किया गया. क्लब की ओर से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की महाराज की सवारी को पुष्प एवं मिष्ठान प्रसाद ट्रस्टी सरदार संता सिंह, प्रधान भगवंत सिंह रूबी, उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र सिंह बब्बू, महासचिव नरेन्द्र सिंह, सचिव कुलविंदर सिंह ने भेंट किए.

ट्रस्टी संता सिंह ने सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह एवं अन्य पदधारियों तथा संगत को श्री गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई दी.

इस अवसर पर गुरमीत सिंह लाडी, सुरिंदर सिंह, सरबजीत सिंह लाली, मनजीत सिंह, निहाल सिंह, सरबजीत सिंह, भगवंत सिंह, एचएस बेदी, सतवरण सिंह, दलजीत सिंह और बीबियों ने सेवाएं दीं. इससे पूर्व टेल्को गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया. सरदार सुखदेव सिंह खालसा, स्त्री सत्संग सभा, गुरकीरत सिंह, कविसर सुरजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया. गुरु दरबार में विधायक सरयू राय, प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, प्लांट हेड रामफल नेहरा, जीएम संजय सिंह, सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार अमरजीत सिंह को संगत और कमेटी की ओर से चैयरमैन राम किशन सिंह चेयरमैन जीत सिंह प्रधान बलविंदर सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. नगर कीर्तन में कंट्रोलिंग की सेवा अमरीक सिंह, इंदर सिंह इंद्र एवं उनके सहयोगी कर रहे थे. टेल्को गुरुद्वारा में पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में जवान व कर्मी उपस्थित थे.

### विरोध करने आई पूर्व पार्षद हिरासत में

# आवास बोर्ड ने प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाया

संवाददाता | आदित्यपुर

जेसीबी के बिगड़ने से 14 जनवरी को अधूरी रह गई अतिक्रमण हटाने और आवंटियों को कब्जा दिलाने के अभियान को आवास बोर्ड ने प्रशासन की मदद से आज पूरी की. अभियान का विरोध करने आई पूर्व पार्षद रिंकु राय को आरआईटी पुलिस ने हिरासत में लिया है. बता दें कि बुधवार को मियाद पूरी होते ही फिर से आवास बोर्ड के जमीन पर कब्जा दिलाने का अभियान शुरू हुआ. जिसका पूर्व पार्षद रिंकू राय विरोध करने पहुंची मगर इस बार उनकी एक न चली और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. उनके साथ वीरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है. बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 31 के रोड नंबर 13-14 में आवास बोर्ड के जमीन पर वर्षों से आवंटियों को कब्जा दिला पाने में आवास बोर्ड विफल हो रही थी. इसके पीछे स्थानीय लोगों का विरोध कारण बन रहा था. जिसके बाद आवंटी हाईकोर्ट की शरण में गए. हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रशासन ने सख्ती दिखाया और दो बार के प्रयास के बाद अंततः बुधवार को प्रशासन फिर से जिला प्रशासन के लोगों के साथ कब्जा दिलाने पहुंची उसके बाद अभियान शुरू हुआ. आज अभियान को सफल बनाने के लिए आवास बोर्ड की ओर से तीन जेसीबी लगाया गया था. साथ ही घेराबंदी का काम जोर- शोर से शुरू हुआ.

### करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में कार्यशाला

# छात्रों ने जाना मौसम पूर्वानुमान की तकनीक व आकाशीय पिंडो के पर्यवेक्षण की विधि



मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में आकाशीय और मौसम संबंधी अवलोकन पर एक कार्यशाला का अयोजन किया गया. इसमें प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने कहा कि भूगोल विभाग में इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है. इस कार्यशाला में भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ आले अली ने मौजूदा दौरा में मौसम पूर्वानुमान आवश्यकता तथा इसमें महत्वपूर्ण तकनीक आदि की व्याख्या की. विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ फरजाना अंजुम ने मौसम के तत्वों की व्याख्या की. डॉ पसारूल इस्लाम ने प्राचीन काल एवं मौजूदा दौर में मौसम पूर्वानुमान के तरीकों प्रकाश डाला. इस अवसर पर मौसम पूर्वानुमान के सभी उपकरणों को प्रदर्शित किया गया. साथ ही छात्र-छात्राओं को एवं उसके उपयोग एवं संचालन की जानकारी दी गई.

कॉलेज का भूगोल विभाग में मेटेरोलॉजिकल ऑब्जरवेटरी की स्थापना के 15वें वर्ष में एक पखवाड़े के लिए यह आयोजन किया गया है. चूंकि इंडियन मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आईएमडी) का 150 स्थापना वर्ष माना रहा है. इसकी पहली कड़ी में स्टूडेंट्स सेमिनार का आयोजन किया गया. दूसरी कड़ी में गेस्ट लेक्चर हुआ, जिसमें नार्थ बंगाल संत जेवियर कॉलेज, जलपाईगुड़ी के सहायक प्रो डॉ सुब्रतो रॉय ने मौसम के पूर्वानुमान पर वेबीनार लेक्चर प्रस्तुत किया. तीसरी कड़ी में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कार्यशाला के दौरान प्रत्येक उपकरण की विशेषता बताई गई.

# वार्ड तीन में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



संवाददाता। आदित्यपुर

भाजपा के आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रतिदिन मंदिर एवं पूजा स्थल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसी के निमित आज आदित्यपुर वार्ड संख्या 3 के बसंती मंदिर सातबहनी जमालपुर के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया. जिसमें मुख्य रूप से इस कार्यक्रम के जिला प्रभारी आदित्यपुर नगर निगम के उप मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी सिंह, एस टी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सरदार, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश कुमार, प्रमोद सिंह, छोटन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी झा, अशोक सिंह, विजय सोनार, किसन प्रधान, धनंजय स्वर्णकार, बीरेन्द्र तिवारी, आकाश रंजन, बीरेन्द्र कुमार, महेश सिंह,शुभम बर्मा, रूपेश गोराई, एवं देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# पारा मेडिकल विद्यार्थियों ने डीसी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

संवाददाता। जमशेदपुर



जिले में अध्यनरत पारा मेडिकल विद्यार्थियों ने बुधवार को डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया. उन्होंने इस बात का विरोध किया है कि पूर्व से अस्पतालों में कार्यरत 55 पारा मेडिकल कर्मचारियों को 15 दिनों की ब्रिज कोर्स की ट्रेनिंग देकर एक सर्टिफिकेट दिया जा रहा, जिसकी मान्यता उनके डिग्री के बराबर होगी. इसके आधार पर उनका रजिस्ट्रेशन झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद में होगा और वह इस साल सरकार की ओर से निकाली गई बहाली में आवेदन करने के पात्र हो जाएंगे. प्रदर्शनकारी पारा मेडिकल विद्यार्थियों का आरोप है कि झारखंड सरकार ने ऐसा प्रावधान कर उनके साथ घोर अन्याय किया है और यह भेदभाव पूर्ण कदम है. उन्होंने कहा कि उनके लिए इंटर बायो साइंस के साथ पास होने की शर्त है. वह एंट्रेंस एग्जाम देकर यहां तक पहुंचे हैं. उन्हें तीन साल तक पढ़ाई करनी होगी और पास होने के बाद उनका रजिस्ट्रेशन होगा. जबकि पूर्व से कार्यरत 55 पारा मेडिकल कर्मियों के पास न तो बायो साइंस की डिग्री है और न ही उनकी योग्यता को लेकर वे संतुष्ट हैं. इसलिए उन्होंने इन 55 पारा मेडिकल कर्मियों को किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध किया है. दूसरी ओर उपायुक्त के नहीं होने के चलते वे उनसे नहीं मिल सके. परंतु उन्होंने आंदोलन जारी रखने की बात कही.

**खास बातें**

- 15 दिनों की ब्रिज कोर्स की ट्रेनिंग का कर रहे विरोध
- पारा मेडिकल छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाये

**आयोजन** आजाद समाज पार्टी (का.) का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# राजनीति में महिलाओं को आगे आने की जरूरत : काशिफ रजा

संवाददाता | जमशेदपुर



पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया में बुधवार को आजाद समाज पार्टी (का०) का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ. इसमें मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा उपस्थित थे. उन्होंने बताया कि झारखंड के वीर पुरुषों ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी. परन्तु माटी की बात करने वाले इन पार्टियों ने 23 साल में झारखंड के आदिवासी, मूलवासियों को ठगने का काम किया. झारखंड की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. देश के 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाले राज्य के लोग आज नौकरी के लिए पलायन को विवश हैं. आदिवासी महिलाओं को आज भी आधे कपड़े नसीब होते हैं. दलितों को मान सम्मान नही मिलता. 16 प्रतिशत मुसलमानों के विरोध में बोलने वालों और समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण देने वालों को पार्टियां जेल भेजने के बजाय सम्मानित करती हैं. ईसाइयों के डिलिस्टिंग की मांग हो रही है. महतो-आदिवासी को लड़ाया जा रहा है. भ्रष्टाचार चरम पर है, इसलिए झारखंड को एक नया विकल्प देने की आवश्यकता है.

**मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होने की अपील :** काशिफ रजा ने कहा कि डुमरिया में 65000 की आबादी में एक भी अस्पताल नहीं है, ना एक भी ब्लड बैंक है. घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में जो भी मरीज जाता है उन्हें जमशेदपुर रेफेर कर दिया जाता है. आजाद समाज पार्टी झारखंड के युवाओं और महिलाओं को साथ लेकर उन्हें समाज का नेता बनाना चाहती है. शिक्षित, ईमानदार और माटी से प्रेम करने वाले लोग जब सत्ता में आएंगे तो झारखंड बदलेगा. उन्होंने 20 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव में समस्त झारखंड वासियों से सम्मिलित होने का निवेदन किया. कार्यक्रम का संचालन मुहम्मद गुलाम और विकास हेम्ब्रम ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुहम्मद शकील, पूर्वी सिंहभूम युवा अध्यक्ष मजहर खान, सदाकत खान, आदिल खान और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**खास बातें**

- आदिवासी, मूलवासियों को ठगने का काम किया गया
- 20 जनवरी को सीएम आवास घेराव में शामिल होने की अपील

### डीपीएस के छात्र आदित्य ने राष्ट्रीय योगासन में जीते 3 स्वर्ण पदक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पाइप लाइन रोड स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य कुमार सिंह ने स्कूल समेत पूरे शहर को गौरवांवित किया है. पिछले ही दिनों ओडिशा में आयोजित अंडर-19 (ब्यायज) राष्ट्रीय योगासन खेल महोत्सव में 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते हैं. इसके साथ ही एशियाई खेलों के लिए भी आदित्य का चयन हुआ है. आदित्य कुमार सिंह दयानंद पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं. उनकी इस उपलब्धि एवं सफलता पर स्कूल की प्राचार्य स्वर्णा मिश्रा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्कूल प्रबंधन व पूरे स्कूल परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।




आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने की संगत की सेवा

**जमशेदपुर।** सिख धर्म के दसवें गुरु, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर टेल्को गुरुद्वारा से निकले नगर कीर्तन में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने टेल्को से लेकर गोलमुरी तक विभिन्न स्थानों पर संगत की सेवा की. इस अवसर पर दिनेश कुमार ने कहा कि सिख समाज से अन्य समाजों को सीख लेने की जरूरत है. नगर कीर्तन में हजारों हजारों की भीड़ रहने के बावजूद ना तो पुलिस प्रशासन को मेहनत करने की जरूरत पड़ती है .

### हस्तशिल्प मेला का हुआ उद्घाटन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के रेलवे हाई स्कूल मैदान में बुधवार को संस्था सरस एकता फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वदेशी हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन किया गया. मेले का उद्घाटन एलआरडीसी केके मुंडू, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने में फीता काटकर किया. मौके पर मेले के संस्थापक मो. अब्दुल ने बताया कि मेले में तरह तरह के सजावटी सामानों , आचार, ज्वैलरी, नागपुरी जूता के साथ कपड़ों की कई वैराइटी युवाओं और महिलाओं को लुभाने के लिए सामान उपलब्ध हैं.

### नगाड़ा पिटावन रैली 21 को चाईबासा में : महेन्द्र

**चाईबासा।** झारखण्ड पार्टी अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत आज टोन्टो प्रखण्ड के दुड़ीरता, छुवादहा, लिसिया और चाईबासा नगर के कुम्हार टोली मे 21 जनवरी को नागड़ा पिटावन रैली जो की खुटकट्टी मैदान डीसी कार्यलय के बगल में हो रही. इसके लिए प्रचार प्रसार किया गया. जिसमें चित्रसेन सिंकू पूर्व संसद ने कहा कि दो ध्रुवीय राजनिति से उब चुकी हैं. परेशान हो चुके हैं . कोई तीसरा विकल्प दिखाई नहीं देता. इस स्थिति में झारखण्ड पार्टी को जनता विकल्प के रूप में देखती हैं .

### कुईड़ा में वृद्धों का हुआ सम्मान,दिया गया कंबल

**चाईबासा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नव वर्ष और मकर संक्रांति को देखते हुए गोईलकेरा प्रखंड के पंचायत कुईड़ा में मुखिया डॉ दिनेश चन्द्र बोयपाई द्वारा वृद्ध-वृद्धों को विशेष नव वर्ष सम्मान सह कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया. सौ से भी ज्यादा कंबल का वितरण किया गया. वृद्ध-वृद्धों में काफी उत्साह वर्धन देखा गया सभी वृद्ध-वृद्धों ने मुखिया डॉ दिनेश चन्द्र बोयपाई को हाथ जोड़ कर जोहर के साथ ही नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं भी दी.

### किरीबुरु व सारंडा में कोहरे व ठंड से जन जीवन प्रभावित

**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु एवं सारंडा क्षेत्र में अहले सुबह से छाई घने कोहरे व कडाक़े की पड़ रही ठंड की वजह से जन जीवन प्रभावित हुआ. कोहरे की वजह से सूर्य की किरणें भी जमीन पर नहीं आ पा रही है. सभी वाहन लाइट जलाकर चल रहे हैं.स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. शहर के दर्जनों लोगों, खासकर वृद्धों को ठंड लगने से बीमार होने की समस्या बढ़ गई है.आसमान में बादल भी छाये हुये हैं तथा वर्षा की संभावना भी बनी हुई है.

### प्राथमिक विद्यालय महुलसाई में बाल मेला का आयोजन

**चाईबासा।** मतकमहातु पंचायत मुखिया जुलियाना देवगम के द्वारा प्राथमिक विद्यालय, महुलसाई में बुधवार को बाल मेला का आयोजन किया गया. इसमें एस्पायर संस्था के सहयोग से बच्चों के बीच विभिन्न मनोरंजक खेल और शैक्षिक प्रतियोगिता कराया गया. विजेता बच्चों को मुखिया ने पुरस्कृत किया. मौके पर मुखिया जुलियाना देवगम ने बच्चों को कहा कि नियमित विद्यालय आकर पठन-पाठन के अलावा हर विद्यालयी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें.

### जिप अध्यक्ष के प्रयास से टीएसएफ बनायेगी स्नान घर

**किरीबुरु।** पश्चिमी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डूकासाई के ग्रामीणों के लिए स्नान घर रेनोवेशन कराने हेतु टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के अधिकारियों के साथ सिविल सर्वे के लिए पहुंची. इस घाट पर महिलाएं पानी में डुबकी लगाकर स्नान कर सकें ऐसी सुविधा के अलावे बेहतर लाइट, साफ सफाई, कपड़ा चेंजिंग रूम, वॉल, छावनी, कपड़ा साफ करने हेतु बड़ा फ्लोर का निर्माण कराया जायेगा.

---

#### सारंडा में नक्सल सर्च ऑपरेशन में शामिल दो जवान को मलेरिया, हॉस्पिटल में भर्ती

# नक्सलियों के खिलाफ 10 दिनों से सर्च ऑपरेशन जारी

**संवाददाता। किरीबुरु**



सारंडा जंगल को भाकपा माओवादी नक्सलियों से पूरी तरह से मुक्त कराने के लिए 10 दिनों से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा के नेतृत्व में और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, सीआरपीएफ की 197, 174, 134, 26, 11 बटालियन आदि के कमांडेंट व अन्य अधिकारी के अलावे झारखंड पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन निरंतर जारी है. सीआरपीएफ व पुलिस छोटानागरा एवं जराईकेला थाना अन्तर्गत सारंडा के नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती व घने जंगलों में और पहाड़ों पर ऑपरेशन चला रहे हैं. इस ऑपरेशन के दौरान कई जवान मलेरिया व अन्य बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं. सीआरपीएफ की 197 एवं 11 बटालियन के दो जवानों को सेल अस्पताल में मलेरिया आदि की वजह से भर्ती कराया गया है. सूत्रों का कहना है कि डीआईजी अजय लिंडा व सीआरपीएफ के कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी, उप समादेष्टा व सहायक कमांडेंट स्तर के अधिकारी निरंतर सारंडा के घने जंगलों में ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं. इस ऑपरेशन के क्रम में ही जहां-जहां सीआरपीएफ अथवा पुलिस कैंप नहीं है और वहां नक्सलियों का सुरक्षित जोन बना हुआ है. वैसे जंगल क्षेत्रों में सीआरपीएफ का कैंप भी स्थापित करने का कार्य प्रारंभ है.

सूत्रों का कहना है कि जराईकेला थाना अन्तर्गत तिरिलपोशी एवं नयागांव मृं तथा छोटानागरा थाना अन्तर्गत मारंगपोंगा एवं उसरुईया में पुलिस नया कैम्प स्थापित कर रही है. यह चार कैम्प स्थापित होने के बाद नक्सलियों को सारंडा में छिपने का स्थान नहीं बचेगा एवं उन्हें सारंडा से भागना पडेग़ा.

**खास बातें**

- सुदूरवर्ती व घने जंगलों व पहाड़ों में चल रहा ऑपरेशन
- कई जवान मलेरिया व अन्य बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं

---

## आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- संसार का सबसे बड़ा महासागर – प्रशांत महासागर
- संसार की सबसे लंबी नदी – नील
- सचिन तेंदुलकर का पूरा नाम – सचिन रमेश तेंदुलकर
- सांची के स्तूप का निर्माण किसने करवाया था –अशोक ने
- विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है – 1 दिसंबर
- सबसे पहले मनुष्य ने किस धातु का प्रयोग किया था – तांबा
- राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है – 31 अक्टूबर
- भारत में थोरियम का सबसे बड़ा संचित भंडार वाला राज्य – केरल
- भारत में टेलीविजन की शुरुआत किस वर्ष हुई – 1959
- राष्ट्रपति को किस विधि से हटाया जा सकता है – महाभियोग

---

#### विधायक ने तीन अलग-अलग सड़कों का शिलान्यास किया

# अच्छी सड़क विकास की परिचायक है: दीपक बिरुवा

**संवाददाता। चाईबासा**



अच्छी सड़क विकास की मानक है,क्षेत्र के विकास में अच्छी सड़कों का होना जरूरी है.सड़क अच्छी होगी तो लोगों को हर सुविधा बेहतर ढ़ग से मिलेगी. उक्त बातें विधायकदीपक बिरुवा ने कही. विधायक ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर तीन अलग-अलग सड़कों का शिलान्यास व भूमि पूजन किया. उन्होंने सबसे पहले हॉट गम्हरिया प्रखंड के जामडीह पंचायत अंतर्गत किताहातु रंगीलाबासा से देवझरी तक डीएमएफटी फंड से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया. यह सड़क करीब 85 लाख से बनेगी. इसके बाद उन्होंने सिंदरीगौरी पंचायत के बालंडिया बारादिरी से कदलसाई तक करीब 2 किलोमीटर बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया. यह सड़क डीएमएफटी फंड से करीब 1 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से बनेगी. इसके बाद विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से बनने वाली सदर प्रखंड के लुपुंगुटु स्कूल चौक से बड़ा गुइरा तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य का शुभारंभ के लिए भूमि पूजन किया. इन सभी जगह पर पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया गया.

**लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही थी :** सड़क का निर्माण कार्य को शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि यह तीनों सड़क काफी जर्जर हालत थी. लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी. ग्रामीणों द्वारा इसके निर्माण की मांग काफी दिनों से की जा रही थी. ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात मिले. इसलिए इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विकास कार्य को लेकर समर्पित है. इसलिए क्षेत्र में सड़क, पुल और पीसीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है.

**खास बातें**

- डीएमएफटी फंड से बनेगी पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया
- 2 किमी पीसीसी सड़क का भी शिलान्यास किया गया

**कई जर्जर सड़क चिह्नित**

मौके पर विधायक ने संवेदक को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया . उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा . इसलिए इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए . इसके अलावा क्षेत्र में कई ऐसी सड़कों का चिन्हित किया गया है जिसका निर्माण व जिर्णोद्धार जरूरी है . जल्द ही उन सड़कों का भी कायाकल्प कराया जाएगा . इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं ससमय समाधान करने का आश्वासन दिया .

**ये लोग थे मौजूद**

मौके पर हाटगम्हारिया में में जिला बीस सूत्री सदस्य सुभाष बनर्जी, जिला परिषद सदस्य प्रमिला पिंगुवा, मुखिया जयश्री कुंकल, प्रखंड अध्यक्ष बलवन्त गोप, सचिव गोपाल हेम्ब्रम, विनयजीत कुंकल, लादुरा लागुरी, श्रीधर लागुरी, विपिन लागुरी, विकास गुप्ता, प्रदीप बिरुआ, छोटा दीपक बिरुआ, मुरली कोड़ा, महेंद्र पिंगुवा, प्रताप बिरुआ, उमेश गोप, जीवानी सिंकु, विश्वजीत कुंकल, गणेश लागुरी, कैरा लागुरी, वीरसिंह लोहार, जीतेन्द्र गुप्ता, कुंदन गुप्ता, सदर में मुखिया श्रीराम सुंडी, मुन्ना सुंडी, त्रिशानु राय, काफी संख्या में स्थानीय लोगों मौजूद थे .

---

### ठकुरा गांव के दर्जनों ने थामा युवा कांग्रेस का दामन

**किरीबुरु।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी के नेतृत्व में दीरीबुरु पंचायत अंतर्गत ठकुरा ग्राम के दर्जन भर से अधिक युवाओं को युवा कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई. इस दौरान सभी ने एक स्वर में कांग्रेस की विचारधारा के प्रति अपनी आस्था जताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने एवं जीतोड़ मेहनत कर पार्टी प्रत्याशी को चुनाव में जिताने का संकल्प लिया. इस अवसर पर वार्ड सदस्य सह नोवामुंडी प्रखंड सचिव राजेश चाम्पिया, कांग्रेस जिला सचिव सह पंसस भादो टोप्पो, विधानसभा महासचिव प्रवीण नाग, महासचिव बब्लू चाम्पियाआदि उपस्थित थे.

---

# लुपुंगुटू स्कूल चौक से बड़ा गुईरा तक पथ मरम्मत कार्य का हुआ भूमि पूजन

**संवाददाता। चाईबासा**

ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, चाईबासा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद के तहत पश्चिम सिंहभूम जिला के सदर प्रखंड के लुपुंगुटू स्कूल चौक से बड़ा गुईरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य का बुधवार को भूमि पूजन चाईबासा के विधायक दीपक बिरुवा तथा सांसद गीता कोड़ा की अनुपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय , विश्वनाथ तामसोय , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां के करकमलों द्वारा किया गया. भूमि पूजन विधिवत परंपरागत तरीके से पुजारी के द्वारा सुसंपन्न करवाया गया. स्थानीय लोगों की चिर प्रतिक्षित मांग पुरी होने पर स्थानीय लोगों में काफी हर्ष है. स्थानीय लोगों ने सांसद तथा विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है. पथ जर्जर होने की स्थिति में स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी. विशेषकर विद्यर्थियों को यह पथ काफी महत्वपूर्ण पथ है. जोकि जिला मुख्यालय चाईबासा को जोड़ती है. बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों के खुशियों भरा रहा. . मौके पर जिला बीस सूत्री सदस्य सुभाष बनर्जी, मुखिया श्रीराम सुंडी, मुंडा विजय सिंह सुंडी, पुजारी रंगिया सुंडी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष हरिश चन्द्र बोदरा, सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग के अलावे विभागीय पदाधिकारी तथा संवेदक मौजूद थे.

---

# टीम भावना का विकास करता है अनुशासन : निरल

**संवाददाता। मझगांव**



खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है. खेल से प्रतियोगिता की भावना जीवन में आती है. यह बातें कुमारडुंगी के हेंब्रम स्पोर्टिंग क्लब पुत्करसाई फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कहा. विधायक ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए. जिससे जीवन में अनुशासन, टीम भावना का विकास होता है. हम कोई भी कार्य अकेले करते हैं तो उसके लिए हमें काफी शक्ति लगानी पड़ती है, लेकिन अगर वही टीम के साथ किसी कार्य को करते हैं तो आसानी के साथ हम हर बाधा को पार कर सकते हैं. खिलाड़ी मैदान और जीवन में कभी हार नहीं मानते क्योंकि वह लगातार संघर्ष करते रहते हैं. हमें कड़ी मेहनत, लगातार अभ्यास, लगन, अनुशासन करना होता है. ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में काफी प्रतिभा छुपी हुई है. इसका जीता जागता उदाहरण मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला. मझगांव विधानसभा के मझगांव प्रखंड की पंचायत स्तरीय बालिका टीम जिला में चैंपियन बनी, वहां से प्रमंडल स्तर पर उपविजेता बनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिला. वहां भी बालिका की टीम ने बड़े-बड़े जिले के खिलाड़ियों को मात देकर राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल का प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची. फाइनल भी ऐसा हुआ की निर्धारित समय तक दोनों टीम बराबरी पर रही. लेकिन अतिरिक्त समय में रांची की मजबूत टीम ने जीत दर्ज कर चैंपियन बना. लेकिन हमारी महिला खिलाड़ियों ने दिखा दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है.

---

# राम भक्तों ने लोकेश्वर नाथ मंदिर में सफाई अभियान चलाया



**संवाददाता। किरीबुरू**

अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाली भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठान कार्यक्रम के मद्देनजर आज किरीबुरु स्थित श्री श्री लोकेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया. साफ-सफाई कार्यक्रम में किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय, महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय, सहायक महाप्रबंधक रमेश सिन्हा, सूमी श्रीवास्तव, वरिष्ठ ठेकेदार सह समाजसेवी विकेश पाण्डेय, छोटू सिंह, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह जगन्नाथपुर विधान सभा प्रभारी सहा मुखिया मंगल सिंह गिलुवा, सुरेश पात्रो, भाजपा सारंडा मंडल के महामंत्री धर्मेन्द्र झा, अरविन्द चौहान, सूरज सिंह, जलेश्वर गिरी, वीरेन्द्र मिश्रा, राजकपुर गुप्ता, तुषार प्रधान, बादल मन्ना, मनोज सिंह, सुनील पासवान, शंकर, सत्यम सिंह, अभयकांत झा, संजीव कुमार, गुड्डू राय आदि दर्जनों राम भक्त शामिल हुये. सभी ने घांसों को उखाडा, गंदगी, पत्तों आदि की साफ-सफाई करने के बाद मंदिर परिसर को पानी से धुलाई की.

---

### गुरु गोविंद सिंह जी का मनाया गया प्रकाशोत्सव

**चक्रधरपुर।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का 357वां प्रकाश उत्सव चक्रधरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बुधवार को पिछले 48 घंटों से चल रहे अखंड पाठ का समापन हुआ. इसके बाद ज्ञानी गुरुप्रीत सिंह सिंह जी द्वारा शब्द कीर्तन तथा अरदास किया गया. वहीं शब्द कीर्तन सुनने को काफी संख्या में सिख समुदाय की महिला एवं पुरुष गुरुद्वारा पहुंचे थे. दोपहर में गुरुद्वारा परिसर में भव्य लंगर का आयोजन किया गया.जहां बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने लंगर का आनंद उठाया.इस अवसर पर गुरुसिंह सभा द्वारा सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अम्बुज मुथाल तथा चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार को सम्मानित किया गया. वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा कमेटी के राजीव छाबड़ा, अजीत सिंह, शरणदीप सिंह, मनजीत कौर, मोनू सिंह, प्रिंस सिंह, अनमोल सिंह समेत अन्य लोगों का अहम योगदान रहा. इस मौके पर सिख समुदाय के महिला पुरुष मौजूद थे.

---

#### सामाजिक संगठन झारखंड पुनरूत्थान अभियान ने की बैठक

# भूमि अधिग्रहण का लोगों ने किया विरोध

**संवाददाता। चाईबासा**



सदर चाईबासा प्रखंड के सिंहपोखरिया गांव के मौजा मुंडा दीपू सिंह सवैया की अध्यक्षता में बुधवार को सामुदायिक भवन परिसर में बैठक की गई. मौके पर गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन झारखंड पुनरूत्थान अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने कहा कि सरकार हो या एनएचएआई जानबूझकर सड़क निर्माण के लिए किसानों की बहुफसली कृषि भूमि को अधिग्रहण करने से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित किया गया. क्योंकि सरकार या कोई कार्यकारी एजेंसी हो सभी को पता है 14 जनवरी 2024 को जिला में मकर संक्रान्ति के साथ ही मागे पर्व का धूम रहता है. गांव के सभी ग्रामीण पर्व में व्यस्त रहेंगे और अखबार का विज्ञापन को नहीं देख पायेंगे तो ग्रामीण किसान समय सीमा के अंदर आपत्ति दर्ज नहीं कर सकेंगे. तब ग्रामीणों का बहुफसली जमीन को बाइपास सड़क के नाम पर अधिग्रहण करने में सहूलियत होगा. यह हम झारखंडियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से किया गया षड्यंत्र है. टाटा स्टील के सेवानिवृत और हो समाज महासभा के पूर्व पदाधिकारी भलबद्र सवैया ने कहा कि पश्चिम सिंहभूम जिला अनुसूचित जिला है. साथ ही जिला यानी कोल्हान में मानकी मुंडा प्रथा सदियों से चली आ रही है. लेकिन मानकी मुंडा से बिना सलाह मशविरा किए साथ ही ग्रामसभा से लिखित सहमति नहीं लेकर हम ग्रामीण किसानों की बहुफसली कृषि भूमि को बाईपास सड़क के नाम पर अधिग्रहण करने का विज्ञापन प्रकाशित करना असंवैधानिक है. बैठक को चिंता कालुंडिया, केदा नाथ कालुंडिया, मनमोहन सिंह सवैया, विलकर सवैया, सिद्धेश्वर कालुंडिया, शकुंतला सवैया ने भी संबोधित किया था. इस मौके पर शैली शैलेंद्र सिंकु, चोकरो सवैया, अजय अरमान सवैया, मुकरू गोप, जेना सवैया, रामेश्वर सवैया, हेमंत कालुंडिया, मनीषा सवैया,पूनम सवैया, जगदीश सवैया और अन्य उपस्थित थे.

---

### महिला कांग्रेस ने किया वरिष्ठ नेत्रियों को सम्मानित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित अमल संघ में जिला महिला कांग्रेस की ओर से मैत्री महासम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अथिति के रूप में राज्य के स्वस्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, विशिष्ट अथिति गुंजन सिंह, पार्टी के जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नलिनी सिन्हा ने की. गुंजन सिंह ने महिलाओं से भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर संविधान की रक्षा करने का आह्वान किया. प्रदेश कमेटी की ओर से उपस्थिति पुनिता चौधरी, पिंकी सिंह, शान्ति बाला ने महिलाओं और आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भागीदार बनने की अपील की.कार्यक्रम मे कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्रियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में लकी विश्वास, मनजीत कौर, शिल्पी चक्रवर्ती, सानिया दीप, प्रदेश सचिव सामंतों, संजय यादव, सीताराम चौधरी उपस्थित थे.

---

#### प्रतियोगिता | अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# फेनेटिक क्लब को हराकर एसआर रूंगटा ग्रुप अगले चक्र में

**संवाददाता। चाईबासा**



पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में एसआर रुंगटा ग्रुप ने जयंत विश्वकर्मा की घातक गेंदबाजी की बदौलत फेनेटिक क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में छह विकेट से पराजित कर प्री क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया. अब प्री क्वार्टर फाईनल में एस आर रुंगटा ग्रुप का मुकाबला सेरसा चक्रधरपुर से 27 जनवरी को होगा. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस फेनेटिक क्लब चाईबासा के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. कप्तान के निर्णय पर उनके बल्लेबाज खरे नहीं उतरे और पूरी टीम 20.4 ओवर में 107 रन बनाकर आल आउट हो गई. एक मात्र सफल बल्लेबाज शुभेन्दु बेहरा रहा जिसने पांच चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए जबकि सोमलेश्वर सुम्बरुई ने 16 रनों का योगदान दिया. फेनेटिक क्लब का अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया. एसआर रूंगटा ग्रुप की ओर से ऑफ ब्रेक गेंदबाज जयंत विश्वकर्मा उर्फ नेपाली ने कातिलाना गेंबाजी करते हुए 3.4 ओवर में मात्र 13 रन देकर पाँच बल्लेबाजों को पैविलियन की राह दिखाई. अभिषेक महतो ने भी अच्छी गेंदबाजी का परिचय देते हुए 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए. जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य को एस आर रूंगटा ग्रुप के बल्लेबाजों ने 17.1 ओवर में मात्र चार विकेट खोकर प्राप्त कर लिया. हालांकि फेनेटिक क्लब ने रुंगटा ग्रुप के चार विकेट मात्र 50 के स्कोर पर ही गिरा दिया था परंतु पाँचवे विकेट के लिए दीपांशु राज एवं रोबिन ने 63 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाकर टीम को जीत दिला दी. दीपांशु ने छह चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 44 नाबाद तथा रोबिन ने एक छक्का की मदद से 10 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुआ. अन्य बल्लेबाजों में राहुल कुमार महतो ने तीन चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 19 रन तथा विनय रजक ने एक चौका एवं एक छक्का की मदद से 13 रन बनाए. फेनेटिक क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनमोल टोपनो ने 21 रन देकर दो विकेट तथा विनय कुमार एवं अंश राज ने एक-एक विकेट हासिल किए. इस प्रतियोगिता में कल चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब का मुकाबला नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा से होगा.

**खास बातें**

- प्री क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया
- ग्रुप का मुकाबला सेरसा चक्रधरपुर से 27 को होगा

---

# मुआवजा राशि की आस लगाए जान गंवा बैठी नुकाई महतो

**दिलीप। चांडिल**

सुवर्णरेखा परियोजना के चांडिल डैम से विस्थापित नुकाइ महतो विकास पुस्तिका से मिलने वाली मुआवजा की आस लगाए अंततः अपनी जान ही गंवा बैठी. जानकारी के अनुसार कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत आदरडीह गांव की रहने वाले नुकाई महतो के विस्थापित विकास पुस्तिका में मिलने वाली अनुदान बकाया था. बकाया अनुदान राशि के भुगतान के लिए उन्होंने पुनर्वास कार्यालय संख्या 2 चांडिल में आवेदन दिया था, लेकिन उनके आवेदन को आगे बढ़ाया ही नहीं गया. अनुसान राशि की आस लगाए नुकाई की बुधवार को निधन हो गया. बुधवार को ही विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

**बगैर लेनदेन के नहीं होता काम**

नुकाई महतो के अंतिम संस्कार में पहुंचे झारखंड मानवाधिकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार कीनू ने कहा कि सुपर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना चांडिल में बगैर लेनदेन के कुछ भी काम नहीं होता है . दलाल इस प्रकार से हावी है कि उनके मर्जी के बगैर जरूरतमंद विस्थापितों को बगैर कमीशन एक रुपये का भी भुगतान नहीं होता है . नुकाई महतो लेनदेन करने में असमर्थ थी, जिसका नतीजा रहा कि उनके मरने तक आवेदन आगे भी नहीं बढ़ाया गया .

### शहर में बाउंड्री तोड़ने व मारपीट करने के लिए महिला गैंग वसूलती है मोटी फीस

# अवैध कार्यों में लिप्त है महिला गैंग

**50 से 100 की संख्या में पहुंचती हैं गैंग की महिलाएं**

**संवाददाता । हजारीबाग**

हजारीबाग जिला जैसे-जैसे विकास कर रहा है वैसे-वैसे इस शहर में कुरीतियां भी प्रवेश कर रही हैं. बड़कागांव में कोयला उत्पादन के बाद से शहर का क्राइम ग्राफ काफी बढ़ गया है. जमीन कब्जा, ड्रग्स, लाटरी, शराब जैसे अवैध कार्यों में अचानक बढ़ोतरी हुई है. अब एक दिलचस्प बात देखने में आ रही है.

इस जिले में महिलाओं का एक ऐसा गैंग सक्रिय है जो पैसे लेकर अवैध कार्यों में सहयोग कर रही हैं. इनका हर काम का एक रेट फिक्स है. मसलन जबरदस्ती अगर किसी का जमीन कब्जा करना हो या उक्त जमीन पर बाउंड्री करना हो तो वे अपने गैंग के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर हंगामा करेगी, हाथपायी करेगी और अगर बाउंड्री तोडना हो तो उसे तोड़ भी देंगी.

ये लगभग 50 से 100 की संख्या में गंतव्य स्थल तक पहुंचती हैं. महिला होने के कारण इनपर कोई कार्रवाई भी नहीं कर पाता है. अगर कभी मामला हाथापायी तक पहुंच भी जाती है तो ये उसके लिए भी तैयारी होकर आती हैं. सूत्र बताते हैं कि थाने में भी इनकी जबरदस्त पकड़ होती है.

कई नेता अधिकारी से इनके बहुत मधुर संपर्क होते हैं. जिसका फायदा ये लोग उठाती हैं. हाल में ही जिले में ऐसे कई मामलात हुए हैं जहां इनकी सक्रियता देखी गयी है. ये समूह में निकलती हैं. आंधी की तरह आती हैं और कुछ पलों में अपना कार्य कर तूफान की तरह निकल जाती हैं. सूत्र बताते है कि गाली-गलौज करने, धमकी देने, मारकुटाई करने, धरना देने, जमीन कब्जा करने, केस करने इन सब मामलों का अलग-अलग रेट है. जितना पेचीदा केस उतनी मोटी रकम. इन लोगों की सरगना के बारे में बताया जाता है उनकी पहुंच जिले के बड़े माफिया, अधिकारियों व नेताओं तक है. जिसके कारण इनलोगों के खिलाफ कोई चूं तक नहीं करता है. हाल के दिनों में इनकी बढ़ती सक्रियता से लोगों में भय का माहौल है. वे अपना काम बेखौफ कर रहे हैं.

**कार्रवाई नहीं**

- केस करने और धमकी देने के लिए अलग है रेट
- महिला होने के कारण इनपर कार्रवाई भी नहीं होती है
- थानों में भी इस महिला गैंग की जबरदस्त पकड़ है

## दहेज के लिए हत्या करनेवाले पति व सास को 10 साल की सजा

**संवाददाता । तेनुघाट**

तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोपी पति बसंत कुमार महतो और सास बसंती देवी को सिद्ध दोषी पाने के बाद दस वर्ष का सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है.

बता दें कि गिरिडीह ज़िला के बगोदर थाना अंतर्गत तुकतुको निवासी टिकेश्वर महतो की पुत्री पूनम कुमारी की शादी नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पेक नारायणपुर थाना के मुंगो रंगामाटी निवासी बसंत कुमार महतो के साथ 14 जून 2020 को हुई थी. शादी के बाद ससुराल वाले उसे दहेज के लिए तंग करने लगे. 1 अक्टूबर 20 को पूनम कुमारी का शव एक पेड़ पर लटका हुआ मिला. मृतक के पिता ने पेंक नारायणपुर थाना के दामाद, सास और अन्य पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया. इस संबंध में सूचक ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि 30 सितंबर 2020 को उसकी पुत्री ने फोन कर बताया कि ससुराल वाले दहेज की मांग कर रहे हैं, यदि दहेज नहीं दिजीयेगा तो उसे ससुराल वाले मार कर फेंक देंगे. एक महीने बाद 1 अक्टूबर को फोन आया कि उसकी बेटी कहीं चली गई. जब सूचना पाकर वे बेटी के ससुराल मूंगो रंगामाटी पहुंचा तो उसे घर में कोई नहीं मिला. खोजबीन करने पर जंगल में खेत के पास पेड़ पर उसकी बेटी का लाश लटका हुआ मिला. गले में साड़ी का फंदा लगा हुआ था. तब उसके पिता ने दामाद बसंत कुमार महतो, बसंती देवी एवं अन्य लोगों पर हत्या कर साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कराया.

**आओ जानें**

### देश में अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 5001 | ओडिशा | 15619 |
| अरुणाचल प्रदेश | 127 | पंजाब | 15643 |
| असम | 6495 | राजस्थान | 16930 |
| बिहार | 44187 | सिक्किम | 328 |
| छत्तीसगढ़ | 11963 | तमिलनाडु | 8709 |
| गोवा | 419 | तेलंगाना | 3946 |
| गुजरात | 10195 | त्रिपुरा | 472 |
| हरियाणा | 14951 | उत्तर प्रदेश | 80557 |
| हिमाचल प्रदेश | 1574 | पश्चिम बंगाल | 20144 |
| झारखंड | 17103 | उत्तराखंड | 3906 |
| कर्नाटक | 10577 | अंडमान व निकोबार द्वीप | 194 |
| केरल | 3569 | चंडीगढ़ | 619 |
| मध्यप्रदेश | 31712 | दादर नगर हवेली | 138 |
| महाराष्ट्र | 26171 | दिल्ली | 14506 |
| मणिपुर | 506 | जम्मू कश्मीर | 3717 |
| मेघालय | 821 | लद्दाख | 21 |
| मिजोरम | 609 | लक्ष्यद्वीप | 02 |
| नागालैंड | 261 | पांडुचेरी | 156 |

### ब्रीफ खबरें

**अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत**

**तोपचांची ।** मंगलवार रात करीब 10 बजे तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित दयाबस पहाड़ समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. घटना के संबंध में चश्मदीदों ने बताया कि युवक सड़क पार कर रहा था कि तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया. जिसमें युवक की दर्दनाक मौत हो गई. रात होने के कारण सड़क पर ट्रक का चलना जारी रहा. इस दौरान ट्रक चालकों को सड़क पर पड़ा शव नहीं दिखा. शव पर अन्य गाड़ियां पार होती गईं. जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया. घटना की सूचना पाते ही तोपचांची पुलिस व नेशनल हाईवे कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए.

**सड़क हादसे में नाबालिग बाइकर्स की हुई मौत**

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के बड़ा खटंगा में मंगलवार की देर रात पानी टंकी के दीवार से टकरा जाने से तीन नाबालिग बाइक सवार में से दो किशोरों की घटना स्थल पर मौत हो गई. जबकि गंभीर रूप से घायल किशोर का सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार बड़ा खटंगा निवासी दिलेश्वर उरांव 15 वर्ष, मंजित उरांव 15 वर्ष और रोशन उरांव 16 वर्ष एक ही बाइक में एक शादी समारोह में भाग लेने डुमरला गए थे. डुमरला से रात के लगभग 11 बजे दूसरे शादी समारोह में भाग लेने के लिए झरगांव जा रहे थे. झरगांव जाने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गया और बड़ा खटंगा के पास पानी टंकी से टकरा गया.

**कोयला चोरी मामले में 14 पर प्राथमिकी**

**मैथन ।** मैथन पुलिस ने ईसीएल मुगमा एरिया की बड़मुरी कोलियरी में कोयला व डीजल चोरी करने के मामले में बुधवार को बड़ी करवाई की है. मुगमा एरिया के उप महाप्रबंधक व कोलियरी प्रबंधक की शिकायत पर मैथन ओपी में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है. एक प्राथमिकी में 11 डीजल चोर व दूसरी में तीन कोयला चोरों को नामजद आरोपी बनाया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है. उप महाप्रबंधक दिलीप राय की शिकायत पर दर्ज डीजल चोरी की प्राथमिकी में विजय बाउरी, विक्की बाउरी, संजय कुमार, संतोष कुमार, कुंभो राय, भोंदू राय, विवेक राय, मुन्ना राय, गुड्डू कुमार, उत्तम बाउरी व संजय बाउरी को नामजद किया गया है.

**पोक्सो एक्ट को लेकर बच्चों को किया जागरुक**

**रामगढ़ ।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों के बीच पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल संरक्षण आदि से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया. इसके तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत कैथा क्षेत्र के संत अन्ना स्कूल एवं उच्च विद्यालय, कोएरिटोला, रामगढ़ में बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई. बच्चों ने काफी ध्यानपूर्वक विभिन्न नियमों एवं अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त की. वहीं उनके द्वारा कई सवाल जवाब भी किए गए. कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे मौजूद थे.

### आठ अपराधी रात 1 बजे घर में घुसे, सभी सदस्यों को बंधक बना लिया

# नकाबपोश अपराधियों ने घर में घुसकर की डकैती

**संवाददाता । साहिबगंज**



बुधवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी साहिबगंज कुम्हार टोला के घर में डकैती हुई है. बीते रात करीब एक बजे आठ नकाबपोश अपराधी एक घर में घुस गए और घर के लोगों को बंदी बनाकर डकैती की. नकद और आभूषण मिलाकर करीब तीन लाख रुपए की लूट की सूचना बुधवार को सुबह पीड़ित परिवार ने नगर थाना को दी. इसके बाद नगर थाना प्रभारी अमित कुमार, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल और मुफस्सिल थाना अनुपम प्रकाश दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. थाना प्रभारी ने मौके से ही घटना की सूचना एसडीपीओ राजेंद्र दुबे को दी. खबर मिलते ही एसडीपीओ भी घटनास्थल पहुंचे.

मकान मालिक राजेंद्र पंडित ने बताया कि रोज की तरह हम सब अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे. रात के करीब एक बजे दीवार फांदकर कुछ लोग घर के अंदर दाखिल हुए. मैंने आवाज सुनकर पूछा कौन है. तब तक वे लोग मेरे पास आए और हथियार सटाकर बोले कि शोर किया, तो गोली मार देंगे. इसके बाद उन लोगों ने बारी-बारी से सब कमरे खुलवाए और घर के तीन लोगों पिता, पुत्र और मां को बंधक बना लिया. तकरीबन एक घंटे तक पूरे मकान की तलाशी ली. पीड़ित ने बताया कि डकैतों ने सबसे पहले पूछा कहां है 5 करोड़ रु नगद मैंने उत्तर दिया मेरे पास पैसे नहीं है. इसके बाद डकैतों ने अलमारी खुलवाई. वहां पर रखे तकरीबन 40 हजार नकद और ढाई लाख रुपए के गहने ले गए.

**लिये जेवरात**

- डकैत घर से नकद व आभूषण लेकर चले गये
- घर के सभी सदस्य खाना खाकर सोने चले गये थे
- रात दीवार फांदकर सभी डकैत घर के अंदर आ गए

## लोडेड पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**बोकारो ।** बोकारो जिले के सिटी थाना इलाके में लोडेड पिस्टल के साथ घूम रहे एक अपराधी रोहित कुमार सिंह को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया. अपराधी बिहार के छपरा, सारण का रहने वाला है. सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि बोकारो की सिटी थाना पुलिस के गश्ती दल को सूचना मिली थी कि सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग के आसपास एक व्यक्ति अपने कंधे पर पिट्ठू लादकर लोडेड पिस्तौल के साथ घूम रहा है. साथ ही बार-बार लोगों को डराने के लिए पिस्टल चमका रहा है. इस दौरान सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया और मौके पर पुलिस उक्त व्यक्ति की खोज में जुट गई. इसी दौरान फिर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त व्यक्ति कोऑपरेटिव मोड़ स्थित सेक्टर 2 ए के पास घूम रहा है.

मौके पर पुलिस पहुंचकर घेराबंदी की, जहां पुलिस को देखकर उक्त अपराधी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण वो पकड़ा गया. पुलिस ने आरोपी के कमर से 6 राउंड लोडेड पिस्टल बरामद किया. साथ ही पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया जो मैगजीन में था. बोकारो के सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने कहा कि गिरफ्तार युवक छपरा बिहार का रहने वाला है. वहां भी इसके विरुद्ध दो लूट का केस दर्ज है. डीएसपी ने कहा कि अब जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि इस अपराधी की मंशा क्या थी. साथ हीं उसके बोकारो में लोकल लिंक की भी तलाश की जा रही है.

# 7 प्राथमिक अभियुक्तों के खिलाफ मिली अभियोजन की स्वीकृति

**संवाददाता । रांची**

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सुखदेव नगर थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी. सुखदेवनगर (पमडरा) थाना कांड सं०-426/23 आर्म्स एक्ट के 7 प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की.

(1) आकाश चौधरी उर्फ सोनू पिता बिरेन्द्र कुमार चौधरी सा0 एलएन मिश्रा कॉलोनी (साहू एंड सन्स के सामने मां भवानी कार वाशिंग सेन्टर), थाना-पण्डरा ओपी, जिला-रांची.
(2) कुमार अनुराग पिता-सुरेन्द्र प्रताप नारायण सिंह स्थायी पता धरनीपुर, दुबहा, जिला-बलिया वर्तमान पता एलएन मिश्रा कॉलोनी में राजेश झा के मकान में किरायेदार, थाना-पंडरा ओपी, जिला-रांची.
(3) बिपिन कुमार सिंह, पिता-विजय सिंह स्थायी पता धौरी, खराव, जिला-भोजपुर, बिहार वर्तमान एलएन मिश्रा कॉलोनी में राजेश झा के मकान में किरायेदार, थाना-पंडरा ओपी, जिला-रांची.
(4) वरूण देव पे0-स्व0 शांता प्रसाद स्थायी पता सांगवार, थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू वर्तमान एलएन मिश्रा कॉलोनी में दुर्गावती देवी के मकान में किरायेदार, थाना-पण्डरा ओ0पी0, जिला-रांची.
(5) आशीष आनन्द पे0-किसलय दत्ता ठाकुर, सा0 एलएन मिश्रा कॉलोनी, थाना-पण्डरा ओ0पी0, जिला ृ रांची.
(6) मनीष कुमार झा, पे0-स्व0 अवधेश झा स्थायी पता नयानगर, नवाटोली, थाना-नयानगर, जिला-मधेपुरा, बिहार वर्तमान एलएन मिश्रा कॉलोनी, थाना-पण्डरा ओ0पी0 जिला-रांची एवं प्राथमिकी अभियुक्त.
(7) बिट्टू पाण्डेय उर्फ सुजीत उपाध्याय, स्थायी पता-सुरवाल जीरादई, थाना जीरादेई, जिला-सिवान, बिहार, वर्तमान पता-एल0एन0 मिश्रा कॉलोनी, थाना-पण्डरा ओपी. जिला-रांची के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी)ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई.

**धुरकी : घर में पलंग से गिरने से नवजात की मौत**

**धुरकी ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला गांव के सरई दाहा टोला निवासी शमशीर आलम के तीन वर्षीय पुत्र सुफियान रजा की मौत पलंग से गिरने से हो गई. घटना मंगलवार शाम की है. परिजनों के अनुसार सुफियान मंगलवार शाम से ही गायब था. वह घर में ही खेल रहा था. परिजनों ने नहीं देखा और खोजने पर पलंग के नीचे घायलावस्था में पाया. आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी लाया गया. जहां से चिकित्सकों ने रेफरल अस्पताल नगरउंटारी रेफर किया.

## विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ बयान देने से पलटा पीड़िता का पति

**संवाददाता । धनबाद**

भाजपा की पूर्व महिला नेत्री के साथ दुष्कर्म की कोशिश के मामले में बुधवार को पीड़िता के पति का बयान अदालत में दर्ज किया गया. धनबाद एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में अपना बयान दर्ज कराते हुए पीड़िता के पति ने कहा कि उसकी पत्नी के साथ क्या हुआ था, इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं. पीड़िता के पति के अपने पूर्व के बयान से यू टर्न लेने के कारण अपर लोक अभियोजक समीत प्रकाश ने पीड़िता को पक्ष द्रोही घोषित कर दिया. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख निर्धारित की है. सुनवाई के दौरान बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं थे.

## कातीकोड़ा मेले में हब्बा-डब्बा जुआ खेले के अड्डे पर छापा

**संवाददाता । किरीबुरु/नोवामुंडी**



जेटेया थाना पुलिस ने कातीकोड़ा मेला में अवैध रूप से संचालित हब्बा-डब्बा जुआ खेल पर छापामारी की. छापेमारी की खबर मिलते ही जुआ संचालक मौके से मेला में भीड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा. पुलिस हब्बा-डब्बा स्थल से खेल में इस्तेमाल होने वाला गोटी, टोकरी प्रिंटेड फ्लैक्सी आदि बरामद कर उनके अस्थाई स्ट्रक्चर को तोड़ दिया. उल्लेखनीय है कि जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत कातीकोड़ा में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी से 16 जनवरी तक मेला का आयोजन किया गया था. मेला कमेटी द्वारा हब्बा-डब्बा जुआ का खेल का आयोजन किया जा रहा था. इससे संबंधित खबर लगातार न्यूज में प्रकाशित की गई थी. खबर छपने के बाद जगन्नाथपुर के एसडीपीओ इकुड़ डुंगडुंग, इन्स्पेक्टर वीरेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी विपिन चन्द्र महतो ने 15 जनवरी को मेला जाकर इस अवैध जुआ का खेल बंद कराया था और कमेटी के लोगों को हिदायत दी थी. इसके बावजूद कमेटी के लोगों पर पुलिस का आदेश का कोई डर नहीं दिखा. 16 जनवरी को पुनः मेला की आड़ में मेला से कुछ दूर जंगल में हब्बा-डब्बा का 4-5 डैस संचालित कराने लगे. इसकी खबर मिलते ही जेटेया थाना प्रभारी दल बल के साथ कातीकोड़ा पहुंच छापेमारी की. पुलिस ने बताया कि हब्बा-डब्बा संचालकों व इसमें शामिल कमेटी के लोगों की पहचान की जा रही है. सभी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया जायेगा.

**चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार**

**गोड्डा ।** मोटरसाइकिल की चोरी करने और चोरी की गई बाइक को अगल बगल के क्षेत्र में बिक्री करने के कारोबार में संलिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक चोर को बाइक समेत गिरफ्तार करने में ललमटिया पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा शिवशंकर तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के निर्देश पर बुधवार की सुबह ललमटिया के डकैता सिदो कान्हू चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. चेकिंग के दौरान काले रंग के बाइक पर सवार होकर आ रहे युवक को जांच के लिए रोका गया. पुलिस को देख भागने का प्रयास किया. मगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया. पूछताछ के क्रम में युवक की पहचान तुफैल अंसारी (23) पिता नसीमुद्दीन अंसारी ग्राम नीमा कलां ललमटिया के रूप में हुई.

### घाटशिला थाना क्षेत्र के माहालीडीह गांव के समीप हुआ हादसा

# ऑटो पलटने से 7 लोग घायल

**संवाददाता । घाटशिला**





घाटशिला थाना क्षेत्र के माहालीडीह गांव के समीप बुधवार की शाम ऑटो पलटने से सात छात्राओं समेत चालक घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल ऑटो चालक समेत छात्राओं को अनुमंडल अस्पताल पहुंचा. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा डॉ आर एन टुडू ने सभी का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल तीन छात्रों को बाहर से एक्स-रे करने को कहा. चिकित्सक ने कहा कि अन्य छात्राओं को हल्की चोट लगी है. अन्य छात्राओं का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया.

बताया जा रहा है कि जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय की छात्राएं 10वी की प्री टेस्ट परीक्षा देकर अपने घर कलचिती, हीरागंज तथा केंदडांगा गांव स्कूल छुट्टी होने के बाद जा रही थी. ऑटो के आगे बकरी आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया. इस दुर्घटना में घायल छात्र प्रमिला महतो, प्रमिला सोरेन तथा पूर्णिमा महतो गंभीर रूप से घायल है. जबकि चालक छोटेलाल महतो, वर्षा भुईयां, कल्पना सिंह, संगीता महतो एवं लक्ष्मी भुईयां शामिल है. घटना की सूचना मिलने के बाद जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी, प्रधानाध्यापिका रीता मंडल, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, भाजपा नेत्री सुनीता देवदूत सोरेन अस्पताल पहुंचकर घायल छात्राओं का हाल-चाल जाना. सूचना पर घाटशिला पुलिस के एएसआई असगर अली भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली.

**दुष्कर्म के आरोपी को 22 साल की कैद**

**धनबाद ।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने झरिया निवासी चंदन साव को22 वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है. मंगलवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. प्राथमिक की पीड़िता के दादा की शिकायत पर धनसार थाने में दो फरवरी 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक दो फरवरी 23 के सुबह 8:00 बजे पीड़िता गोल बिल्डिंग ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी. परंतु लौट कर वापस नहीं आई काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला. बाद में उसे पता चला कि चंदन कुमार झारिया रजवाड़ी निवासी उसे अपने साथ ले गया है. इसके पूर्व भी चंदन उसके घर में घुसकर गलत हरकत किया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 9 अप्रैल 23 को आरोप पत्र दायर किया था. 20 अप्रैल 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था.

**मारपीट** मजदूरों का दो खेमा है, एक खेमा के मजदूरों को कई दिनों से काम नहीं मिला था

# जोगता में मजदूरों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट

**संवाददाता । कतरास**



जोगता थाना अंतर्गत तेतुलमुड़ी कॉल डंप में दो मजदूर गुटों के बीच बुधवार को जमकर मारपीट व पत्थरबाजी हुई. जिससे घंटों वहां भगदड़ का माहौल बना रहा. घटना में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आई हैं. दोनों पक्षों में आक्रोश व्याप्त है. बताया जाता है कि तेतुलमुड़ी स्थित कल डंप में मजदूरों का दो खेमा है.

दोनों खेमा का नेतृत्व स्थानीय नेता करते हैं. आरोप है कि एक खेमा के मजदूरों को कई दिनों से काम नहीं मिल रहा था तथा मजदूरी भी आधी मिल रही थी. जबकि दूसरे खेमा के मजदूरों को बराबर काम मिल रहा था. गाड़ियों का लोडिंग भी बराबर किया जा रहा था. इसी को लेकर काम नहीं मिलने वाले मजदूर खेमा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए. जिसका विरोध करते हुए दूसरे गुट पीछे से आकर मारपीट करने लगे. इसी क्रम में दोनों ओर से पथराव भी हुआ. एक गुट का आदमी बार-बार बोले जा रहा था कि संयुक्त मोर्चा मजदूरों को आपस में लड़वाने का काम कर रहा है. बता दें कि मजदूरों के विरोध के कारण ट्रांसपोर्टिंग व लोडिंग का कार्य भी ठप्प रहा. खबर लिखे जाने तक दोनों गुटों में तनाव व्याप्त था.

## वार्ड सदस्य व सहायिका के साथ मारपीट

**गुमला ।** कोटामाटी गांव में आंगनबाड़ी सेविका चयन के दौरान गांव के ही शाहरुख खान व दो अन्य युवकों ने वार्ड सदस्य व आंगनबाड़ी सहायिका के साथ मारपीट की. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस कोटामाटी पहुंची. पुलिस को देखकर मारपीट के आरोपी भाग गए. इसके बाद गांव की महिलाओं ने घाघरा थाना पहुंची और मारपीट के आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया. वार्ड सदस्य प्रभा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका का चयन कोटामाटी गांव में चल रहा था. ग्राम सभा के लिए सैकड़ो लोग मौजूद थे. इस दौरान गांव के ही शाहरुख खान के अलावा दो अन्य युवक ग्राम सभा स्थल में आकर हल्ला गुल्ला करने लगे. जिस पर प्रभा देवी ने उक्त तीनों युवकों को शांत रहने की बात कही तो तीनों युवक ने अभद्र तरीके से जाति सूचक गाली देते हुए मुझे मार पीट करने लगे. आंगनबाड़ी सहायिका पति देवी बीच बचाव के लिए आयी तो तीनों युवकों ने उसके साथ भी मारपीट की. तीनों युवकों ने उन लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया है. बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया चल रही थी. दो-तीन युवक आए और भीड़ में घुसकर सहायिका व टंगराटोली की वार्ड सदस्य के साथ भी मारपीट किया.

# 92 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



**संवाददाता । गिरिडीह**

अवैध शराब कारोबार के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. इसी क्रम में पुलिस ने महिंद्रा पिकअप वाहन से 92 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किये. पुलिस ने वाहन चालक संजय प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया. वह बेरमो का रहने वाला है. बताया जाता है कि अवैध शराब को बिहार ले जाया जा रहा था. जानकारी के अनुसार एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह सात बजे महिंद्रा पिकअप (वाहन संख्या बीआर-46-जी 8431) को रोककर चेक किया. इस दौरान गाड़ी से 92 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुए. कैटरिंग के सामान के नीचे शराब की पेटी छिपाकर ले जाया जा रहा था. शराब जब्त करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** लग्न में चंद्रगुरु मानसिक और शारीरिक सुख देगा. बड़ा कार्य करने का मन होगा. समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी. राहु के प्रभाव से वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृषभ** धर्म या धार्मिक यात्रा पर खर्च होगा. निद्रा में भी खलल होगी, पर विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. खर्च में वृद्धि होगी, पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. अन्न दान करें.

**मिथुन** समय बहुत ही उत्तम है. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी. धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें. गौ माता की सेवा करें, लाभ होगा.

**कर्क** पिता या पिता तुल्य से विवाद हो सकता है, पर सरकार से लाभ होगा. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पड़ें.

**सिंह** मानसिक तनाव वाला कार्य होगा. धर्म का कार्य होगा. मन में गर्व भी महसूस होगा. यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें.

**कन्या** कोई गलत निर्णय लेने से बचें. हानि हो सकती है. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. विष्णु भगवान को पीली वस्तु अर्पण करें.

**तुला** जीवन साथी से गलतफहमी से विवाद हो सकता है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** उदर रोग हो सकता है. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. ऋण लेने से बचें. हनुमान चालीसा का पाठ करें, लाभ होगा.

**धनु** मित्र से विवाद हो सकता है. पर आप अपने प्रभाव से गलतफहमियां दूर कर सकेंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस ना खोएं. रुद्रगायत्री का जाप पाठ करें.

**मकर** कोई नुकसान हो सकता है. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगों को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भारी पड़ सकता है. गरीब को अन्न का दान करें.

**कुंभ** कुछ विवाद हो सकता है. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही ना बरतें. शनि चालीसा का पाठ करें.

**मीन** आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें. काली माता को उड़हुल फूल अर्पण करें.

## मौसम का मिजाज बदला : ठंड से ठिठुर रहे लोग, आज कई जिलों में बारिश की संभावना, कई विमान डायवर्ट

# झारखंड में बढ़ी कंपकंपी, गहराता जा रहा कोहरा, विजिबिलिटी लो

संवाददाता। रांची

झारखंड में मौसम का मिजाज बदलता ही जा रहा है. प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरा गहराता जा रहा है. विजिबिलिटी भी लो हो गयी है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 19 जनवरी तक राज्य के अधिकांश हिस्से में कोहरे का असर देखा जायेगा. इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा में दिखेगा. वहीं राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गुमला में भी कोहरे का असर दिखेगा. 18 जनवरी को राज्य के कुछ हिस्से में बारिश की संभावना जताई गई है, जिसमें दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भागों में बारिश होगी. इसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां तथा सिमडेगा में बारिश की संभावना जताई गई है. 19 जनवरी से मौसम साफ होने की संभावना है. इस दिन से तापमान में गिरावट भी दर्ज की जायेगी.

### विजिबिलिटी 1000 मीटर तक

मौसम केंद्र, रांची के अनुसार विजिबिलिटी बढ़कर 1000 मीटर के करीब हो गई. इसका असर हवाई और रेलवे पर भी देखा गया. रांची में विमानों की सेफ लैंडिंग के लिए कम से कम 1300 मीटर की विजिबिलिटी चाहिए.



### ये विमान हुए लेट, कुछ विमान किये गये डायवर्ट

पुणे से रांची आने वाली इंडिगो की फ्लाइट को रांची में घने कोहरे की वजह से भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया. **दिल्ली से आने वाली इंडिगो, कोलकाता इंडिगो और एयर एशिया की उड़ान अपने निर्धारित समय से देर रही.** मुम्बई से रांची आने वाली इंडिगो की फ्लाइट करीब पौने दो घंटे लेट रही. **कोलकाता से रांची आनेवाली इंडिगो की फ्लाइट भी डेढ़ घंटे लेट रही.** मुंबई से आनेवाली एयर एशिया दो घंटा लेट रही.

### ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस पर भारी पड़ रहा कोहरे का कहर

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन से होकर गुजरनेवाली 270 ट्रेनों लगी फॉग सेफ्टी डिवाइस पर कोहरा का कहर भारी पड़ रहा है. उत्तर भारत की ओर से आनेवाली ट्रेनें काफी विलंब से चल रही है. रेलवे सूत्रों के अनुसार बुधवार को हावड़ा और सियालदह राजधानी एक्सप्रेस 16 घंटे लेट से धनबाद पहुंची. बुधवार को दोपहर में 12 बजे आनेवाली पूर्वा एक्सप्रेस गुरुवार को लगभग 12 बजे 24 घंटे विलंब से धनबाद आएगी. इसके अलावा कई ट्रेनें भी 5 से 10 घंटे विलंब से धनबाद पहुंची. कड़ाके की ठंड और कोहरा का कहर के कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. बच्चों, बुजुर्ग और बीमार यात्रियों को सफर के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. सुबह 6:33 बजे धनबाद आनेवाली नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी रात 10:35 बजे और नई दिल्ली-सियालदह राजधानी सुबह 06:18 के बदले रात 10:25 बजे धनबाद पहुंची. वहीं पूर्वा एक्सप्रेस 12:00 बजे के बदले दूसरे दिन गुरुवार को 24 घंटे विलंब से धनबाद पहुंचगी.



## दीक्षांत समारोह : इक्फाई विश्वविद्यालय में 196 छात्रों को दी गयीं डिग्रियां

# प्राइवेट यूनिवर्सिटी मनी मेकिंग इंस्टिट्यूशन न बनें : राज्यपाल

संवाददाता। रांची



प्राइवेट यूनिवर्सिटी मनी मेकिंग इंस्टिट्यूशन न बनें. क्वालिटी एडुकेशन देना हर शिक्षण संस्थान की जिम्मेवारी है. झारखंड जैसे राज्य को इसकी जरूरत है. उपरोक्त बातें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इक्फाई विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में कही. आगे उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके लिए काफी खास है. हमें हर दिन एक घंटा किताब पढ़नी चाहिए. समझ में आए ना आए. कोई भी किताब हो बस हर दिन उसे पढ़ने की जरूरत है. आपको हर दिन किसी महान व्यक्ति की एक सक्सेस स्टोरी भी पढ़नी चाहिए. अपने टार्गेट को भी फिक्स करना चाहिए. उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम का जिक्र करते हुए कहा कि सपने वो नहीं जो नींद में आते हैं, सपने वो हैं जो नींद को उड़ाते हैं. हम जो टार्गेट फिक्स करते हैं, उसके बारे में हमें जानना चाहिए. टार्गेट क्या है और इसे कैसे पूरा करें, इस पर फोकस करें. जीवन बहुत आसान है, अगर हम सही रास्ता अपना लें. दीक्षांत समारोह में 2023 में स्नातक करने वाले कुल 196 छात्रों को डिग्रियां दी गयी. जिनमें 10 पीएचडी शामिल है. 8 गोल्ड मेडल और 8 सिल्वर मेडल दिये गये. इक्फाई सोसाइटी की अध्यक्ष एन शोभा रानी यशस्वी, वीआर शंकर और आईयूसीडी निदेशक डॉ. दामोदर रेड्डी, पूर्व कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव और अन्य शामिल रहे.

इस अवसर पर प्रो. रमन कुमार झा ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी प्रथाओं आदि जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है. उन्होंने कहा कि बीसीए कार्यक्रम के पांच छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय हेकाथॉन में भाग लिया और देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया. एमबीए प्रोग्राम की एक छात्रा ने एनआईटी कुरूक्षेत्र में युवा संगम में भाग लिया, जहां उसे हरियाणा के राज्यपाल के साथ बातचीत करने का मौका मिला. कानूनी जागरूकता के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्कूल ऑफ लॉ द्वारा संचालित विश्वविद्यालय की कानूनी सहायता क्लिनिक को जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण झारखंड द्वारा सर्वश्रेष्ठ कानूनी सेवा क्लिनिक से सम्मानित किया गया है. उन्होंने राज्यपाल को यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए एक इनक्यूबेशन सेंटर और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए "विदेशी भाषा लैब" स्थापित करने की योजना बनाई है. इसके अलावा, विश्वविद्यालय न केवल इक्फ़ाई के लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए उद्योग-शैक्षणिक ज्ञान और कौशल अंतर को पाटने के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा जैसे झारखंड के अग्रणी कुलपतियों की मदद से वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कर रहा है.

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. टीआरके राव ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए नैतिकता के साथ व्यवसायिक ज्ञान विकसित करता है. उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें नवोन्मेषी होना चाहिए और दैनिक जीवन में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनसे पार पाने के लिए कुछ अनूठे विचार खोजने का प्रयास करना चाहिए.

# सिमडेगा जिले में बोर्ड परीक्षा के पहले प्री बोर्ड परीक्षा ली जा रही

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड का सिमडेगा जिले में इन दिनों शिक्षा में सुधार के लिए अलग अलग तरह के प्रयोग चल रहे हैं. इस जिले में प्रोजेक्ट टीम 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा से पहले उसी तरह परीक्षा का आयोजन कर रही है. इसका सहयोग सिमडेगा जिला पुलिस भी कर रही है. 10वीं और 12वीं के बच्चों को बोर्ड के पैटर्न पर प्रश्न पत्र दिये जा रहे हैं और परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए स्थानीय पुलिस जाती है. झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जो सिलेबस तय किया गया है, उस सिलेबस के अनुसार परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार किये गये हैं. जिस दिन परीक्षा ली जाती है, उसी वक्त छात्रों के सामने प्रश्न पत्र खोले जाते हैं और छात्रों का साइन भी लिया जाता है. जिस प्रकार बोर्ड परीक्षाओं में मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया जाता है, उसी प्रकार यहां भी एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया है. इस परीक्षा में लगभग 12000 छात्र- छात्राएं हैं, परीक्षा में लगभग 95 प्रतिशत की उपस्थिति होती है. यह टेस्ट परीक्षा 16 जनवरी को प्रारंभ हुई है और 24 जनवरी तक चलेगी. इस परीक्षा में प्रश्न पत्र जिले के एसपी ने उपलब्ध करवाया है.

### सिमडेगा से ही शुरू किया गया था सिटी बजाओ अभियान

सिमडेगा जिला के एक हाई स्कूल से सिटी बजाओ विद्यालय बुलाओ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी थी, जिसका परिणाम अच्छा आया. उसके बाद सिमडेगा जिला के सभी स्कूलों में अपनाया गया. बीते गुरुवार को यह कार्यक्रम पूरे राज्य में भी किया गया.

इससे पहले 2022-23 की बोर्ड परीक्षा में टेस्ट का आयोजन किया गया था.

सिमडेगा के जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा ने बताया कि पिछले साल परीक्षा का परिणाम अच्छा नहीं रहा था. मैट्रिक व इंटर के रिजल्ट में सुधार करने के लिए इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है. इस साल के रिजल्ट जारी होने का इंतजार कर रहे हैं. प्री बोर्ड परीक्षा में सारा नियम फाइनल परीक्षा जैसे चल रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले साल के रिजल्ट से हम निराश थें इसे कैसे सुधार किया जाए इस पर हम पिछले साल से ही काम कर रहे हैं.

## ठंड से परेशानी, स्कूलों को बंद करने की मांग

संवाददाता। रांची

झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहरी को देखते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने स्कूलों में छुट्टी करने की मांग की है. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ई-मेल से एक ज्ञापन भेजते हुए यह मांग की है. उन्होंने कहा कि रांची समेत पूरे राज्य के विभिन्न जिलों में भारी ठंड पर रही है. मौसम विभाग ने बारिश की भी संभावना जताई है. ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका है. ठंड के कारण कई बच्चों की तबीयत भी बिगड़ रही है. इसलिए फिलहाल जूनियर बच्चों के स्कूल को बंद किया जाए और सीनियर बच्चों के स्कूल के टाइम टेबल में बदलाव किया जाए, ताकी उन्हें ठंड से बचाया जा सके.

## रघुवर दास पहुंचे रांची, कहा- राम मंदिर है हमारे पूर्वजों के संघर्ष का परिणाम



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास बुधवार को रांची पहुंचे. बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर सैकड़ों की संख्या में रांचीवासी द्वारा स्वागत किया गया. राम मंदिर पर रघुवर दास ने कहा कि राम मंदिर हमारे पूर्वजों के संघर्ष का परिणाम है. भगवान राम के प्रति हमारी सच्ची आस्था है और इस आस्था का प्रतीक ही राम मंदिर है. रघुवर दास का स्वागत करने वाले में हेमंत दास, संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, वरुण साहू, रिद्धि राज, रोमित नारायण सिंह, उमेश यादव, शुभम कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, अभिषेक कुमार, संजीव चौधरी, अनीता वर्मा, राम लगन, राम विकास कुमार, रवि नरेंद्र पांडे, सुबोध जयसवाल, रिंकू साहू, जॉनी वॉकर खान, ओम प्रकाश उपाध्याय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने नव प्रोन्नत डीएसपी को लगाया बैज



**रांची।** सीआईडी मुख्यालय में बुधवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया. इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज लगाया और शुभकामनाएं दी. गौरतलब है कि सीआईडी के पांच इंस्पेक्टर का डीएसपी रैंक में प्रोन्नति हुई है. इस दौरान सीआईडी डीजी के अलावा आईजी, डीआईजी और एसपी उपस्थित थे.

# अरविंद कुमार तूफानी समेत कई नेता भाजपा में शामिल



प्रमुख संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव से पहले दलबदल का दौर शुरू हो गया है. बुधवार को कांग्रेस समेत कई दलों के नेता और पंचायत चुनाव में चुने गये जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में मनिका जिला परिषद सद्स्य बलवंत सिंह, गारू प्रखंड की पूर्व जिला परिषद सद्स्य शिल्पा कुमारी, मनिका प्रखंड की पूर्व प्रमुख गायत्री देवी और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार तूफानी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सद्स्यता ग्रहण की.

### नये कार्यकर्ताओं के आने से पार्टी होगी मजबूत : बाबूलाल

भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों और केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सद्स्यता ग्रहण कर रहे हैं. भाजपा ही देश और राज्य का विकास कर सकती है. पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका वे ईमानदारी से निर्वहण करेंगे. वहीं बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नये लोगों के पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी. मिलन समारोह में विधायक सीपी सिंह, प्रवक्ता सरोज सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक समेत कई नेता मौजूद थे.

## मृत्यु भोज बंद करेगी अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति

**कतरास।** लिलोरी मंदिर परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का बाघमारा प्रखंड स्तरीय कार्यकर्त्ता बैठक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन भुइया व सचालन प्रखंड महामंत्री निवर्तमान पार्षद राजेंद्र प्रसाद ने किया. बैठक में 24 फ़रवरी को शबरी जयंती सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन शबरी आश्रम में किए जाने, माँ शबरी तथा दशरथ मांझी आश्रम का निर्माण करने में बढ़ चढ़ कर सहयोग देने, समाज के किसी व्यक्ति के मृत्युपरांत होने वाले मृत्यु भोज को बंद करने ,संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट रहने और धनबाद नगर निगम के लिए घोषित मेयर प्रत्याशी मनोज कुमार भुइयां को जिताने के लिए समाज द्वारा हर संभव मदद करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया.

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती 23 को

# नेताजी सुभाष ने 1939 में हल्दीपोखर हांड़ी हाट व कालिकापुर में की थी सभा

संवाददाता। आदित्यपुर



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती 23 जनवरी को पोटका प्रखंड के कई गांवों में मनायी जाएगी. जयंती समारोह का आयोजन सुभाष सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर के सहयोग से होगा. यहां भारत की आजादी के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी. यह जानकारी नेताजी जयंती के संयोजक सुनील कुमार दे ने दी. जयंती कार्यक्रम सुबह 9 बजे नुआग्राम प्राथमिक विद्यालय में आयोजित होगा. इस अवसर पर प्रभातफेरी, नेताजी की जीवनी पर परिचर्चा, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम होंगे. सुबह 10.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर हल्दीपोखर में नेताजी जयंती समारोह का आयोजन होगा. इस अवसर पर प्रभातफेरी, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं नेताजी की जीवनी पर आलोचना, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होंगे. अपराह्न 2 बजे खैरपाल के नेताजी चौक में नेताजी जयंती मनाई जाएगी. इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, नेताजी की जीवनी पर आलोचना सभा, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण आदि होंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नेताजी के आदर्श को मानने वालों को सादर आमंत्रण दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस 1939 को हल्दीपोखर हांड़ी हाट और कालिकापुर गांव में आए थे और सभा किये थे. इसके लिए पोटका वासी धन्य और गौरवान्वित है.

## आंदोलन ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में तय की गयी आंदोलन की रूपरेखा

# औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने का लिया निर्णय

संवाददाता। रांची



केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में 16 फरवरी को देशव्यापी ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल के आह्वान को झारखंड में सफल बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक कहा गया कि झारखंड के औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित निजी कल-कारखानों में नियोजकों द्वारा 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है. इसके कारण तीन शिफ्ट के बजाय दो शिफ्टों में ही काम निपटाने की प्रणाली शुरू कर दी गई है. श्रम विभाग इस पर चुप्पी साधे हुए है.

**किसान होंगे गोलबंद :** कल कारखानों, मजदूर बस्तियों, रिहायशी इलाकों और गांवों में पद यात्रा, मोटरसाइकिल जुलूस और नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों के बीच पर्चे बांटें जायेंगे. इस व्यापक जन संपर्क अभियान का समापन 16 फरवरी होगा, जिसमें रास्ता रोको-रेल रोको, हड़ताल, जूलूस-प्रदर्शन का आह्वान किया जाएगा. बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर आगामी 29-30 जनवरी को इस्पात उद्योग में घोषित अखिल भारतीय हड़ताल का समर्थन किया गया. एचईसी में आंदोलन कर रहे मजदूरों के साथ एकजुटता व्यक्त की गयी. बैठक में अशोक यादव इंटक से संजीव श्रीवास्तव, विनोद राय, एटक से सतीश केशरी, सीटू से विश्वजीत देब, प्रकाश विप्लव, अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, ऐक्टू से बैजनाथ मिस्त्री, भुनेश्वर केवट, बेफ से एमएल सिंह, एस के पांडे, किसान सभा से सुफल महतो, बीरेंद्र कुमार, अजय सिंह, किसान महासभा से बीएन सिंह मौजूद थे.

### आंदोलन के तय कार्यक्रम

- 23 जनवरी नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाएगा
- **25 जनवरी को जन नेता कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी के मौके पर सामाजिक न्याय दिवस आयोजित किया जाएगा**
- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कार्य स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा
- **30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहादत दिवस को सांप्रदायिकता विरोधी दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा**
- 1 फरवरी से 15 फरवरी तक मजदूरों- किसानों के ज्वलंत व वर्गीय मुद्दों और विभिन्न सेक्टरों के कामगारों के विशेष मांगों पर सघन अभियान चलाया जाएगा

## निशा ने उपराष्ट्रपति से प्राप्त किया गोल्ड मेडल



**चांडिल।** राजस्थान के कोटा में रहकर बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड बैचलर ऑफ लॉ की पढ़ाई कर रही चांडिल की बेटी निशा पसारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर चांडिल का नाम रोशन किया है. भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने बुधवार को निशा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया. निशा चांडिल निवासी श्री श्याम सेवा समिति के सक्रिय सदस्य अनिल कुमार पसारी की बड़ी बेटी है. निशा राजस्थान के कोटा स्थित वनस्थली विद्यापीठ में पढ़ाई कर रही है और विगत पांच वर्ष से लगातार अपने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त करती आई है. इस बार फाइनल ईयर में उन्होंने अपने कॉलेज में टॉपर बनकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया.

# वनवासी कल्याण केंद्र की निर्माण कोचिंग के आठवें सत्र की शुरुआत



संवाददाता। रांची

वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित निर्माण कोचिंग के आठवें सत्र की शुरुआत हुई. प्रतिभावान गरीब छात्र के लिए यह कोचिंग है. निर्माण कोचिंग संस्थान का संचालन वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा वर्ष 2016 से जनजाति के साथ अन्य वर्ग के प्रतिभावान सीमांत वर्ग के विद्यार्थियों के लिए किया जा रहा है. निर्माण कोचिंग संस्थान में जे पी एस सी के तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग सेवा दी जा जाती है. पूर्व के सत्रों में अब तक 210 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन कर निःशुल्क कोचिंग दी जा चुकी है, जिसमें 41 छात्र प्रशासनिक और अन्य सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं. कोचिंग कक्षाएं ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन भी चलाई जाएंगी, ताकि रांची के अतिरिक्त अन्य जिलों के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिल सके. इसकी प्रक्रिया भी यथाशीघ्र शुरू की जाएगी. जरूरतमंद छात्र वनवासी कल्याण केंद्र की वेबसाइट www.vanvasikalyankendra.org पर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

प्रदेश में एक तरफ सरकार रोजगार देने की बात करती है, दूसरी तरफ उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी है. दरअसल प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर जारी पत्र में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक अथवा इंटरमीडिएट उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग (समाप्त) बताया गया है. इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में रोष है. मुस्लिम समाज के लोग इसे उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय बताते हुए इसका विरोध कर रहे हैं. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा है कि एकीकृत बिहार के समय उर्दू शिक्षकों के पद सृजित हुए थे. राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे. इनमें से मात्र 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई. शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के बदले पद ही समाप्त किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार द्वारा इन पदों को योजना मद से गैर योजना मद में स्थानांतरित किया गया है. इसके बाद अब पद को समाप्त किया गया है. वहीं संघ के प्रदेश प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा है कि अगर विभाग ने उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करने का निर्णय वापस नहीं लिया, तो संघ राज्यव्यापी आंदोलन करेगा. इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक का पद भी समाप्त कर दिया गया है. इन पदों को समाप्त कर राज्य में सहायक आचार्य का पद सृजित किया गया है. सहायक आचार्य के 50 हजार पद में से 26 हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है. इसके बाद फिर 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी. संघ का कहना है कि उर्दू शिक्षकों को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया गया है. वहीं माकपा राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप नहीं है. माकपा मांग करती है कि मुख्यमंत्री इस मामले में हस्तक्षेप कर उर्दू शिक्षकों की बहाली में आए व्यवधान को खत्म करने का आदेश दें. मामले की गंभीरता को देखते हुए शुभम संदेश की टीम ने मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों और शिक्षकों से बातचीत कर तैयार की रिपोर्ट...



## उर्दू शिक्षक पद

- एकीकृत बिहार के समय उर्दू शिक्षकों के पद सृजित हुए थे
- राज्य गठन के बाद झारखंड में उर्दू शिक्षकों के 4401 पद थे
- मात्र 689 पद पर ही उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति हुई है



# उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त किये जाने का हो रहा चौतरफा विरोध



**चांडिल**

## सरकार साजिश के तहत उर्दू यूनिट खत्म करना चाहती है: गुलाम अहमद



झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के कोल्हान प्रभारी गुलाम अहमद ने कहा कि राज्य सरकार एक साजिश के तहत झारखंड के सभी उर्दू यूनिट खत्म करना चाहती है. इसकी सारी जिम्मेदारी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने उठा रखी है. उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के समय राज्य में 4401 यूनिट उर्दू को मिली थी, लेकिन राज्य सरकार ने आज तक उर्दू की यूनिट को नहीं भरा. सरकार के अधिकारी एक साजिश के तहत उर्दू यूनिट को ही खत्म करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि प्राथमिक माध्यमिक एवं प्लस टू विद्यालय में अभी तक उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं किया गया, बल्कि पहले से जिन शिक्षकों की बहाली हुई थी उन्हें भी उर्दू विद्यालय से हटकर गैर उर्दू विद्यालय में पदस्थापित कर दिया गया है. 2015 में बहाली की गई माध्यमिक उर्दू शिक्षकों का स्थापना ऐसे विद्यालय में कर दी गई है, जहां उर्दू के छात्र ही नहीं थे और उर्दू विद्यालय में ऐसे शिक्षकों की प्रस्तावना कर दिया गया जो उर्दू जानते ही नहीं हैं. इस प्रकार सरकार एक षड्यंत्र के तहत उर्दू भाषा को ही खत्म करना चाहती है. सरकार खामोश है और अधिकारी उर्दू के खिलाफ साजिश कर रहे हैं. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ सरकार के मंसा को समझ रही है और अगर ऐसा हुआ तो इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन करने के लिए भी तैयार है.

## उर्दू भाषा-भाषी पढ़ने वालों के लिए अन्याय होगा : रफीक



चौड़ा मुस्लिम अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद रफीक अंसारी ने कहा कि सरायकेला जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत मुस्लिम बहुल गांव चौड़ा के अल्पसंख्यकों के लिए झारखंड सरकार का उर्दू स्कूल है. उर्दू के शिक्षक पद को समाप्त करने के प्रस्ताव उर्दू भाषा-भाषी पढ़ने वालों के लिए अन्याय होगा. उन्होंने कहा कि इस सरकार को जब चुना गया था, तब लोगों ने सोचा था कि यह उर्दू भाषा की रक्षा करते हुए अल्पसंख्यक मुसलमानों को उनकी मातृभाषा उर्दू में प्राइमरी शिक्षा देगी. लेकिन शिक्षा विभाग के नए प्रस्ताव में उर्दू के पद को ही समाप्त किया जा रहा है. झारखंड सरकार के इस उर्दू विरोधी घोषणा से अल्पसंख्यकों में घोर निराशा है. चौड़ा में उर्दू मध्य विद्यालय संचालित है किंतु यहां छात्र अनुपात में उर्दू शिक्षक नहीं है. ऊपर से शिक्षक का पद को ही समाप्त किया जा रहा है, ऐसे में बच्चे उर्दू कैसे पढ़ेंगे. झारखंड सरकार अपने इस नए प्रस्ताव पर पुनर्विचार करते हुए उर्दू के पद को समाप्त न करें और राज्य में नई बहाली करें.

## सरकार के इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम समाज आंदोलन करेगी: मो. फखरुद्दीन अंसारी



चांडिल निवासी मो. फखरुद्दीन अंसारी ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों पर बहाली ना कर पदों को ही समाप्त करने का निर्णय सरकार का उर्दू भाषा को खत्म करने की एक साजिश है. जिसे मुस्लिम समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी. यह निर्णय सरकार का तुगलक की फरमान है, जिसे स्कूली शिक्षा पर साक्षरता विभाग के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है. राज्य में उर्दू भाषा को निशाना बनाया जा रहा है. सरकार से मांग करते हैं कि इस आदेश को तुरंत वापस लिया जाए और उर्दू प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के पद पर तुरंत बहाली की जाए. उर्दू शिक्षकों के पदों को समाप्त करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है और हम सभी मुस्लिम समाज का पुरजोत विरोध करते हैं. अगर उर्दू यूनिट खत्म हुई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा.

**घाटशिला**

## उम्मीद है यह सरकार उर्दू भाषा के साथ अन्याय नहीं होने देगी : डॉ कमर अली



झारोटेफ के जिला उपाध्यक्ष सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय झांटीझरना के उर्दू शिक्षक डॉ कमर अली का कहना है कि जो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उर्दू सीट बच जाते हैं वह उर्दू के सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों को मिल जाना चाहिए. यदि उर्दू के सीट पर किसी दूसरे विषय की बहाली होगी तो यह उर्दू भाषा के साथ अन्याय होगा. हम सभी का यह मानना है कि झारखंड सरकार जनता की आवाज सुनने वाली सरकार है. यह सरकार उर्दू भाषा के साथ अन्याय नहीं होने देगी. इसीलिए हमलोग अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं कि वह उर्दू में शत प्रतिशत बहाली उर्दू शिक्षकों से ही करे. उर्दू का सीट किसी अन्य विषय को न दिया जाए. उल्लेखनीय है कि सन् 2015 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के लिए जितने उर्दू शिक्षकों की बहाली हुई थी उसमें अधिकतर शिक्षक ऐसे विद्यालय में भेजे गए जहां उर्दू पढ़ने वाले एक भी छात्र नहीं थे. उन्हे आश्वासन दिया गया की बहुत जल्द उर्दू विषय के विद्यालयों में भेजा जाएगा परंतु 8 वर्षों के बावजूद उन्हें कहीं भी सही जगह स्थानांतरण नहीं दिया गया. इसी उपलक्ष्य में यह भी हमलोग मांग करते हैं कि उर्दू शिक्षकों को उर्दू वाले विद्यालय में भेजा जाए तथा जब भी उर्दू का सीट किसी भी कोटि का बच जाए तो वह सामान्य कोटि से भरकर उर्दू शिक्षक को ही लिया जाए. उर्दू का सीट उर्दू विषय को ही दिया जाए. उर्दू भाषा के साथ अन्याय बंद हो.

## उर्दू प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति बंद किया जाना अन्याय है: साजिद अहमद



शिक्षक साजिद अहमद ने कहा कि उर्दू प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति बंद किया जाना बहुत बड़ा अन्याय है. झारखंड में उर्दू द्वितीय राजभाषा के रूप में चिन्हित है इस तरह से उर्दू की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए. उर्दू भाषा के विकास के प्रति कमी आएगी. खासकर झारखंड में कई उर्दू विद्यालय हैं. उर्दू शिक्षक की बहाली ही नहीं होगी तो विद्यालय क्यों खुला रहेगा. इस तरह से देखा जाए तो पूरी तरह बंद कर दी जाए. उर्दू ही नहीं राज्य की द्वितीय भाषा बंगला की भी यही स्थिति है स्कूलों में शिक्षक नहीं तो कहीं पुस्तक नहीं ऐसी उदासीनता नहीं होनी चाहिए. ऐसे में विकास पर भी रोक लगा सकता है. मुख्य रूप से जो अभ्यर्थी ट्रेंड हैं स्नातक हैं उनकी तो अब नियुक्ति नहीं होगी. इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है.

**किरीबुरु**

## सरकार का यह कदम गलत है, इसे जल्द ही वापस लेना चाहिए : अबरार



मस्जिद कमेटी, किरीबुरु के सचिव अबरार अहमद ने कहा कि हमारे यहां कोई मदरसा अथवा उर्दू शिक्षा से संबंधित कोई स्कूल नहीं है. इससे यहां कोई परेशानी नहीं होगी. लेकिन झारखंड में जहां-जहां उर्दू पढाई से जुड़ी मदरसा या शिक्षण संस्थान है, वहां पर सरकार के इस कदम से उर्दू की पढाई करने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षा प्रभावित होने के साथ-साथ इस विषय के स्नातक या अन्य शिक्षकों का भविष्य बर्बाद होगा. सरकार का यह कदम गलत है. उन्होंने कहा कि उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगाना अथवा पद को समाप्त करना बिल्कुल गलत है. सरकार को इस पर विचार करना चाहिए.

## उर्दू के शिक्षकों और विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होगा: अफताब



किरीबुरु मस्जिद कमेटी के सदस्य अफताब आलम ने कहा कि सरकार की अनेक नीतियां जनविरोधी हैं. देश व राज्य में अनेक मदरसा व स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई प्रारंभ से सरकारी व्यवस्था से चलती रही है. वर्तमान समय के बच्चे पहले सेहीं उर्दू की पढाई से दूर भाग रहे हैं. जबकि अपनी भाषा की जानकारी सभी को होनी चाहिये. उर्दू को राज्य की दूसरी भाषा का दर्जा देने की मांग लंबे समय से चल रही है. लेकिन अब शिक्षा विभाग हीं जब उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने का निर्णय ले रही है तो सरकार की मंशा साफ है. इससे उर्दू के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होगा. सरकार के इस कदम का हम विरोध करते हैं.

**चक्रधरपुर**

## उर्दू झारखंड की दूसरी सरकारी जुबां है, इसे देखना होगा: मो. तजम्मुल



चक्रधरपुर निवासी मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन के अध्यक्ष मो. तजम्मुल हुसैन ने कहा कि उर्दू झारखंड की दूसरी सरकारी जुबां है. इसलिए सरकार को स्वयं इसके विकास के कार्य पर करनी चाहिए. लेकिन सरकार यहां दोहरा रवैया अपनाकर उर्दू को ही खत्म कर रही है. इससे अच्छा होगा कि हमारे उर्दू स्कूलों की सरकारी सहायता ही बंद कर दी जाए. जिस तरह हज की सब्सिडी बंद कर दी गई है. हम जकात फंड और अतीया से ही स्कूल चला लेंगे. सरकार का निर्णय उर्दूभाषी लोगों के लिए सही नहीं है.

## सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की जगह पर नयी बहाली नहीं हो रही है: रौशन तब्बसुम



चक्रधरपुर निवासी शिक्षिका रौशन तब्बसुम ने कहा कि सरकार का फैसला पूरी तरह गलत है.उर्दू स्कूलों में पहले ही शिक्षकों की कमी है. सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की जगह नयी बहाली नहीं हो रही है. ऐसे में उर्दू पढ़ने वाले बच्चें कहां जाएंगे. सरकार यह विचार क्यों नहीं कर पा रही है कि अगर उर्दू स्कूलों में शिक्षक ही नहीं रहेंगे तो पढ़ाई कैसे होगी. सरकार पूरी तरह से अन्याय कर रही है. हमारे देश में उर्दू भाषी के लोग बड़ी संख्या में है. ऐसे में सुनियोजित तरीके से उर्दू भाषा की पढ़ाई बंद कराना पूरी तरह गलत है.



**लातेहार**

## उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है: एसएस चिश्ती



एसएस चिश्ती इंडिगो सिक्यूरिटि फोर्स के डायरेक्टर एसएस चिश्ती ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा उर्दू शिक्षक व सहायक शिक्षक के पद को समाप्त कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है. यह उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार है. हिंदी और उर्दू आपस में दो बहनें हैं. उर्दू के बिना हमारी भाषा पूरी ही नहीं हो सकती है. सरकार को इस निर्णय को वापस लेना चाहिए. सरकार के इस निर्णय से उर्दू शिक्षकों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और समाज मे विसंगति आयेगी. सरकार को प्राइमरी स्कूलों से उर्दू शिक्षकों के पद को समाप्त करने का निर्णय अविलंब वापास लेना चाहिए. आखिर सरकार ऐसा निर्णय कैसे ले सकती है. मुस्लिम व उर्दू पढ़ने वाले छात्रों के साथ यह अन्याय है.अगर प्राइमरी स्कूल से ही उर्दूभाषी छात्रों को उर्दू की तालिम नहीं दी जायेगी तो वह उर्दू कैसे सीखेगें. यह सोचना चाहिए.

## उर्दूभाषियों व शिक्षकों के साथ यह अन्याय है: आजाद खान



रेलवे स्टेशन निवासी आजाद खान ने कहा कि यह उर्दूभाषी छात्र व शिक्षकों के साथ अन्याय है. सरकार को शिक्षकों को बहाल करना चाहिए, जबकि सरकार उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त कर रही है. आज पूरे प्रदेश में साढ़े तीन हजार से अधिक उर्दू शिक्षक व अन्य पद रिक्त हैं. इन्हें भरा जाना चाहिए न कि प्राइमरी स्कूलों से उर्दू शिक्षकों पद रिक्त किया जाना चाहिए. मुख्यमंत्री को इस मामले में खुद हस्तक्षेप कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश देना चाहिए, ताकि उर्दू शिक्षक व छात्र दोनों का भला हो सके.

## उर्दू दूसरी सरकारी भाषा है, फिर भी इस पर ध्यान नहीं है: मो निजामुद्दीन



पूर्व उप मुखिया मो निजामुद्दीन ने कहा कि उर्दू दूसरी सरकारी भाषा है. बावजूद इसके उर्दू भाषा के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है. उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त किया जाना उर्दू व उर्दूभाषी लोगों के साथ सौतेला व्यवहार है. सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए. अल्पसंख्क छात्रों के साथ यह नाइंसाफी है. उनके पास इस क्षेत्र में आगे जाने का अवसर था. इसके जरिये वे रोजगार हासिल कर सकते थे. उनके पास शिक्षक बनने का अवसर था. अगर उर्दू शिक्षक नहीं रहेगें तो उर्दूभाषी छात्र उर्दू कैसे सीखेंगे. इसे तो सरकार को सोचना ही चाहिए था. इसके बाद भी पद हटा दिया. उन्होने कहा कि प्राइमरी स्कूलों में उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार इसे वापस ले.

## पद हटाने से उर्दू शिक्षकों के समक्ष परेशानी खड़ी होगी: कारी मोहम्मद



बालूमाथ के कारी मोहम्मद अली ने कहा कि प्राइमरी स्कूलो में उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करने पर उन उर्दू शिक्षकों के समक्ष परेशानी खड़ी हो जायेगी, जो पहले से कार्यरत हैं. सरकार के शिक्षा विभाग का यह निर्णय कहीं से उचित नहीं है. आखिर उर्दू के बच्चे कहां पढ़ेंगे, जब सरकारी स्कूलों में ही उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त कर दिया जायेगा. सरकार ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह समझ से परे है. यह एक गंभीर मसला है, इस पर सरकार को फिर से विचार करना चाहिए. अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करना सरकार का ही काम है. इसलिए सरकार पर ही उम्मीद है.

## राज्य के उर्दूभाषी लोगों के साथ यह बड़ा अन्याय है: हाजी तौकीर अहमद



एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष हाजी तौकीर अहमद ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति के बजाय पद को ही समाप्त कर देना एक बड़ी साजिश है. इसे हरगिज बरदास्त नहीं किया जायेगा. राज्य के उर्दूभाषी लोगों के साथ यह अन्याय है. सरकार को अविलंब इस निर्णय को वापस लेना होगा. आखिर उर्दूभाषी छात्र उर्दू कैसे सीखेगें, जब उर्दू शिक्षक ही नहीं होगें. मुख्यमंत्री को खुद इस मामले को संज्ञान में ले कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश देना चाहिए. आखिर सरकार ऐसा निर्णय कैसे ले सकती है. इसके हर पक्ष को देखना होगा.



## प्राइमरी स्कूलों में खाली पड़े पदों पर बहाली करे सरकार : एस अली



इस पूरे प्रकरण पर झारखंड छात्र संघ, आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एसअली का कहना है कि अगर यह नियम लागू होता है तो बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 1999 में सृजित किए 4401 उर्दू शिक्षक के पद वर्तमान में 3712 उर्दू पदों को सरेंडर कर समाप्त कर दी जाएगी और नये नाम से पद दिया जाएगा. जिसमें वेतनमान 4200 एवं 4600 पे ग्रेड को घटाकर 2400 और 2800 पे ग्रेड कर दिया जाएगा. केवल उर्दू स्कूलों में पद दिए जाएंगे. जबकि 3712 उर्दू शिक्षक के पद उन सामान्य प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के लिए है. जहां 10 या उससे अधिक संख्या में उर्दू भाषी छात्र अध्ययनरत एवं नामांकित हैं. उनमें ये उर्दू शिक्षक बहाली करनी है. इसलिए शिक्षक प्रोन्नति नियमावली के ड्राफ्ट से उर्दू शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद समाप्त करने के प्रावाधान को हटाया जाए. प्रारम्भिक विधालय के लिए खाली पड़े 3712 उर्दू शिक्षक के पदों को बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार के संकल्प एवं पूर्व नियुक्ति नियमावली के अनुसार कक्षा 1-5 और कक्षा 6-8 में बांटकर प्रारम्भिक शिक्षक नियुक्त नियमावली 2012 के अनुसार बहाली शुरू की जाए. इससे विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा.

## जो हालात हैं, उसमें झारखंड को अब झामुमो मुक्त कराना होगा: हदीस



मोमिन सोसाइटी गिरिडीह के अध्यक्ष हदीस अंसारी ने बताया कि झारखंड को झामुमो मुक्त कराना होगा. जब झारखंड की मांग हो रही थी तो लालू यादव ने कहा था कि झारखंड हमारी लाश पर बनेगा. एक मूल झारखंडी होने के नाते उस समय हमें बुरा लगा था. लेकिन आज लगता है लालू की बात सही होती, झारखंड अलग नहीं हुआ होता तो आज झारखंड के मूलवासी मुस्लिम खुश होते. उर्दू फल फूल रहा होता. झारखंड के अलग होने से सबसे ज्यादा नुकसान उर्दू को हुआ. उसमें सबसे ज्यादा नुकसान हेमंत सोरेन की सरकार ने किया. उर्दू स्कूलों का गठन उर्दू लिपि में पढ़ाई के लिए किया गया था. उर्दू स्कूलों में हिंदी अंग्रेजी को छोड़ कर सभी विषय की पढ़ाई उर्दू में होती थी. लेकिन अब सरकार ने उर्दू को अपना दुश्मन मान लिया है. वहीं झारखंड को 4401 उर्दू शिक्षक के पद मिले है. जबकि इसकी संख्या 8 हजार होनी चाहिए थी. लेकिन 4401 में 689 शिक्षकों की नियुक्ति उस बीजेपी सरकार ने किया जिसका डर दिखा कर जेएमएम मुसलमानों का वोट लेती है. 4401 में बचे 3712 पद में नियुक्ति करनी थी तो हेमन्त सरकार ने उस पद को खत्म करने का एलान कर दिया. लेकिन हमलोग हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेंगे. गांडेय विधान सभा चुनाव से झारखंड से झामुमो की मुक्ति अभियान शुरू करेंगे. उर्दू को मिटाने की कोशिश करने वाली हेमन्त सरकार की हमेशा के लिए झारखंड से विदा कर देंगे. अब भी समय है 3712 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति करे. मर्ज किए 543 स्कूल की पुरानी मान्यता लौटाए. उर्दू की किताबें हर विषय की दी जाए. इन्टर और बीएड ट्रेनिंग में उर्दू लिपि में लिखने की अनुमति फिर बहाल की जाय या फिर राज्यव्यापी आंदोलन और अपनी सरकार की विदाई के लिए जेएमएम व कांग्रेस तैयार रहे.

**रांची**

## उर्दू यूनिट खत्म हुआ तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन : अमीन अहमद



झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा है कि राज्य सरकार एक साजिश के तहत झारखंड से सभी उर्दू यूनिट को खत्म करना चाहती है. इसकी जिम्मेदारी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने उठा रखा है. इसलिए तरह-तरह के हथकंडे अपना कर उर्दू के सभी यूनिट को ही खत्म करने की साजिश रची जा रही है. उन्होंने कहा कि सन 2000 में जब बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बना तो बिहार से झारखंड को 4401 यूनिट उर्दू की मिली, लेकिन दुर्भाग्य से अब तक सभी 4401 यूनिट को कभी भी पूरी तरह भरा नहीं गया. 2014-15 में 689 यूनिट पर उर्दू शिक्षक बहाल किये गये, लेकिन इस नियुक्ति में भी साजिश रची गई. गैर योजना मद में मिले यूनिट को योजना मद में बदल कर नियुक्ति की गई. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने इसके खिलाफ काफी लंबी लड़ाई लड़ी. अंततः 2023 में योजना मद से बदल कर गैर योजना मद में स्थांतरित करवाया गया. अमीन अहमद ने कहा कि 1994 में लालू प्रसाद यादव की सरकार ने सबसे अधिक ऊर्दू शिक्षकों की बहाली की थी. उसके बाद से झारखंड के प्रारंभिक विद्यालयों को कोई बहाली नहीं की गई. जबकि इसके विपरित बिहार में लगातार बहाली हो रही है. इसके इतर झारखंड में प्राथमिक, माध्यमिक एवं प्लस 2 विद्यालयों में उर्दू सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साथ अन्याय हो रहा है. हालिया जारी अधिसूचना (नियुक्ति नियमावली 2024 के प्रारूप में) उक्त पदों को मरणशील (खत्म) करने की साजिश रची गई है. जो शिक्षक पूर्व से नियुक्त थे, उन्हें उर्दू स्कूलों से हटा कर गैर उर्दू भाषी स्कूलों में पदस्थापित कर दिया गया है. साथ ही 2015 में नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों को ऐसे विद्यालयों में पदस्थापित कर दिया गया है, जहां उर्दू पढ़ने वाले बच्चों की संख्या नगण्य हैं. जबकि उर्दू पढ़ने वाले बच्चों के संख्या वाले विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों को पदस्थापित नहीं किया गया है. अमीन अहमद ने आगे कहा कि झारखंड में अजब हालत है, बार-बार स्मारित कराने के बाद भी उर्दू के खिलाफ साजिश रची जा रही है. सच को सुनने वाला और उसका हल निकालने वाला भी कोई नहीं है. सरकार खामोश है और अधिकारी बेलगाम होकर उर्दू के खिलाफ साजिश रच रहे हैं.

## उर्दू को मिटाने की साजिश की जा रही है, यह ठीक नहीं है: अलीमुद्दीन अंसारी



झारखंड तहरीक ए उर्दू तंजीम जामताड़ा के अध्यक्ष मो अलीमुद्दीन अंसारी का कहना है कि उर्दू झारखंड का द्वितीय राजभाषा है. इसके बाद भी लगातार मिटाने की साजिश सरकार कर रही है. पहले तो यह सरकार हमारे 544 उर्दू विद्यालयों से उर्दू का स्टेटस छीन लिया. साथ ही शुक्रवार की छुट्टी बंद कर दी. अब बचे उर्दू के 3712 पद को यह सरकार खत्म करने जा रही है. जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते. अगर सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेती है तो हमलोग अगला कदम उठाएंगे. उर्दू अंतर्राष्ट्रीय भाषा है. अल्पसंख्यक मुसलमान इसे मातृभाषा के रूप में इस्तेमाल करते हैं. सरकार उर्दू को रोजगार से जोड़कर इसका विस्तार करे.

## झारखंड सरकार ने पहले उर्दू किताब को खत्म कर दिया: मो जैनुल अंसारी



भारतीय प्रजातांत्रिक मंच के अध्यक्ष सह महासचिव झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस सह प्रदेश डेलीगेट झारखंड कांग्रेस कमेटी (गिरिडीह) के मो जैनुल अंसारी ने बताया कि झारखंड सरकार ने पहले उर्दू किताब खत्म किया. फिर आठवीं बोर्ड से उर्दू मुख्य विषय से हटाया. फिर 543 उर्दू स्कूल को जेनरल बना दिया. हमलोगों ने इसका मुखालफत किया, लेकिन सरकार पर इसका कोई असर नही हुआ. अब सरकार ने 3712 उर्दू टीचर का पोस्ट खत्म कर उर्दू मिटाने और हमारे नौजवानों से रोजगार छिनने की आखरी कोशिश कर दी है. जिसके मुखालफत में 14 जनवरी को हर गांव मुहल्ले में इस फैसले के विरोध में 3712 उर्दू टीचर पोस्ट खत्म करने वाले नोटिफिकेशन के कागजात को जलाकर विरोध किया गया है. आगे इस लड़ाई को हमलोग जारी रखेंगे. जब तक सरकार इस पर पुनर्विचार नही करती है. अगर पुनर्विचार नहीं किया तो 2024 के चुनाव में और खास कर गांडेय विधान सभा क्षेत्र के उप चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

## स्कूल में अगर पद रहते टीचर नहीं देंगे तो पढ़ाई कैसे होगी : नसीम अहमद



शिक्षक नसीम अहमद का कहना है कि यह अव्यवहारिक है. यह पद को समाप्त नहीं किया जा सकता है. 1998 में बिहार के रीजन में इस पद का सृजन हुआ था. झारखंड अलग होने के बाद यह पद 4401 आया था. उसके बाद यह बहाली हुई. अभी 700 शिक्षक हैं. 3700 पद खाली हैं. इस पद को जनरल और ईबीसी में कर बहाली करे सरकार. स्कूल में पद रहते टीचर नहीं देंगे तो आखिर पढ़ाई कैसे होगी. सरकार शिक्षक दे नहीं रही है. पद को समाप्त कर रही है. बहाली नहीं कर रही है. पद को ही हटा रहे हैं. यह कहीं से ठीक नहीं है. सरकार को इस विषय के देखना चाहिए.

## सरकार का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण, इस पर पुनर्विचार हो : मौलाना तहजिबुल



जाफरिया मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि सरकार का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है, झारखंड बटवारे में जो हक अधिकार उर्दू को मिलने चाहिये थे, वह किसी सरकार ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया. वहीं मौजूदा सरकार का उर्दू के प्रति सौतेला रवैया चिंता का विषय है. हम सरकार के इस फैसले का विरोध करते हैं. निवेदन करते हैं कि सरकार संज्ञान में लेकर उर्दू शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ करे. जब हेमंत सरकार सत्ता में आयी थी तो रोजगार के वादे किये थे, लेकिन यहां तो पद को ही हटाया जा रहा है. जब पद ही नहीं रहेंगे तो बहाली कैसे की जाएगी. इस पर सोचने की जरुरत है.

## उर्दू किसी धर्म की भाषा नहीं हिंदुस्तान की भाषा है: अजहर



मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा है कि उर्दू को बिहार काल से ही दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है. सरकार का यह फैसला किसी भी सूरत में दुरुस्त नहीं है. उर्दू किसी एक धर्म की भाषा नहीं यह हिंदुस्तान की भाषा है. इस लिये सरकार को जारी नियमावली में गौर फरमाते हुए इसे खत्म कर ऐसी नियमवी तैयार करें कि इससे किसी तरह का विरोध नहीं हो. नियुक्त होने वाले उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति को फिर से बहाल किया जाये. साथ ही झारखंड में उर्दू बोर्ड, मदरसा बोर्ड का गठन किया जाये, ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके. इससे सभी को फायदा होगा.

## सरकार इस फैसले पर विचार कर इसे वापस ले : नफिसुल



मौलाना आजाद सोशल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के नफिसुल आब्दीन ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय उर्दू शिक्षकों के पद सृजित हुए थे. राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे. इनमें से केवल 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई. शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के बदले पद ही समाप्त किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार द्वारा इन पदों को योजना मद से गैर योजना मद में स्थानांतरित किया गया है. इसके बाद पद को समाप्त किया गया है, सरकार जारी नियमावली में गौर कर इसे वापस करें.

## सरकार को अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए: शहज़ाद अनवर



केंद्रीय प्रवक्ता शहज़ाद अनवर ने संघ के द्वारा लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि अगर उर्दू यूनिट खत्म करने की जरा भी कोशिश की गई तो राज्यव्यापी और व्यापक आंदोलन होगा. जिसका बुरा नतीजा आने वाले लोकसभा व विधान चुनाव में भी सामने आयेगा. इसलिए सरकार को इस पर सोचना चाहिए. सरकार को अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए.

## उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है: मो हलीमुद्दीन



समाजसेवी एवं मॉर्निंग ग्रुप के संरक्षक मो हलीमुद्दीन ने कहा कि उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है. सरकार की इस नीति का हमारी पूरी टीम निंदा करती है. उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, सरकार को चाहिए कि इस नीति को शीघ्र बंद करें और राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालयों से उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त करने की घोषणा को वापस लें.

## उर्दू पर सरकार की यह नीति ठीक नहीं है : मोख्तार अहमद



अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने कहा कि उर्दू के मामले में सरकार की यह नीति ठीक नहीं है. हम इसका विरोध करते है. उन्होंने मांग किया कि जारी नियमावली को वापस कर उर्दू शिक्षकों के पद नियुक्ति का पूरा अधिकार दिया जाये. ताकि उर्दू को उसका सही अधिकार मिले.

## सरकार को अब नियमावली में बदलाव करना चाहिए : शबाब



शबाब फारुकी ने कहा कि राज्य में उर्दू भाषा के साथ इंसाफ नहीं किया गया है.साक्षारता विभाग की ओर से जारी नियमावली में 1 से 8 तक के उर्दू शिक्षकों की बहाली मर्ज कर दी गई है. यानी अब आगे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं होगी. सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप कर नियमावली बदलने की जरूरत है.

## उर्दू भाषी के लोगों के साथ यह एक साजिश है: मुस्तकीम



वरीष्ठ पत्रकार मुस्तकीम आलम ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने की साजिश हुई है. राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ यह अन्याय है. अभी भी वर्षों से 3500 से अधिक सरकारी विभागों में उर्दू के पद रिक्त हैं, जिन्हें भरा जाना शेष है. उर्दू के साथ ये अन्याय बर्दाश्त के बाहर है.

## सरकार के इस फैसले को बदलने की जरूरत : रिजवान



रिजवान अहमद ने कहा कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप में उर्दू शिक्ष के पद को मरणशील कर दिया जायेगा. इसके बाद रिक्त बचे 3712 पदों को सरेंडर कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि यह उर्दू विरोधी फैसला है. इसे अविलंब वापस लेना चाहिये. इसमें सभी का भला है.

## सरकार के इस फैसले का हम विरोध करते हैं : अकिलुर्रहमान



सेंट्रल मुहर्रम केमटी के महासचिव अकिलुर्रहमान ने कहा कि सरकार खाली पड़े 3721 उर्दू शिक्षक के पदों को कक्षा 1 से 5 व कक्षा 6 व 8 में बांट कर नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार बहाली करने के बजाय पदों को सरेंडर करने में लगी है. इसका हम विरोध करते हैं. यह कहीं से भी उचित नहीं है. इससे पढ़ाई पर असर पड़ेगा.

## उर्दू भाषा के प्रति न्याय का फैसला करने की जरूरत : मो सद्दाम



मो सद्दाम ने कहा कि उर्दू भाषा के साथ अन्याय किया जा रहा है. इसी अन्याय को रोकने के लिये पूरे जिले में इसका विरोध शुरू हो गया है. सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए उर्दू भाषा के प्रति न्याय का फैसला लेने की जरूरत है. आखिर इस भाषा के विद्यार्थियों का क्या होगा. जो इस भाषा से पढ़े हैं और डिग्री हासिल की है, उन्हें परेशानी होगी. वो कहीं के भी नहीं रहेंगे. आखिर उनका भविष्य इसी पर टिका है.

# बदलती दुनिया में चुनाव

इन दिनों दुनिया के कई देशों में चुनाव हो रहे हैं. ताइवान में चीन विरोधी गुट ने सत्ता पर कब्जा बरकरार रखा है. इससे साफ है आने वाले दिनों में क्षेत्रीय अशांति बन सकती है. चीन ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वह एक चीन नीति को नहीं छोडेगाख् वहीं दूसरी ओर ताइवान की नयी सरकार अपनी पूर्ण आजादी का एलान कर सकती है. ताइवान के शासकों को अमेरिका का भी समर्थन प्राप्त है. इस बीच भारत के पडोस यानी पाकिस्तान में स्पष्ट हो गया है कि वहां लोकतंत्र के नाम पर सेना अपनी कठपुतली सरकार बनाने की कवायद कर रही है. इमरान खान की पार्टी, जो इस समय सेना विरोधी मानी जा रही है, से चुनाव चिह्न ही छीन लिया गया है. यानी पाकिस्तान की राजनीत कि अस्थिरता का भू राजनीतिक प्रभाव एक बड़ी समस्या के तौर पर दस्तक दे रहा है. दूसरी ओर राहत की खबर भूटान से है. भूटान में नई संसद के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री शेरिंग तॉबगे की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बड़ी जीत मिली है. उसे सदन के 47 में से 30 सीटें मिलीं. मैदान में दूसरा राजनीतिक दल भूटान टेंड्रेल पार्टी (बीटीपी) थी. उसे 17 सीटें मिली हैं. भूटान में संसदीय चुनाव दो चरणों में होता है. पहले चरण का मतदान नवंबर में हुआ था, जिसमें वर्तमान सत्ताधारी पार्टी हार गई थी. तब वोट प्रतिशत के लिहाज से सबसे ऊपर पीडीपी और बीटीपी रही थीं. दूसरे दौर का नतीजा घोषित होने के बाद अब भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक नई सरकार बनाने का न्योता तॉबगे को देंगे. भूटान संवैधानिक राजतंत्र है. 2008 में वहां संसद का गठन हुआ था. इस बार के उसके चुनाव पर खास नजर दक्षिण एशिया में उभर रही नई भू-राजनीतिक स्थितियों के कारण थी. भूटान, भारत और चीन के बीच सीमा से जुड़े विवाद ने हाल में नाटकीय मोड़ लिया है. छह साल पहले डोकलाम में भारत और चीन के बीच सैनिक टकराव की स्थिति बनी थी, जहां इन तीनों देशों की सीमा मिलती है. उसके बाद भूटान की नीति में बदलाव देखा गया है. पिछली सरकार ने चीन के साथ सीमा वार्ता को आगे बढ़ाया. गुजरे वर्ष खबर आई थी कि दोनों देश समझौते के करीब हैं. इस खबर से भारत में असहजता पैदा हुई थी. अब भूटान में नई सरकार बनेगी, लेकिन उससे उसकी विदेश नीति पर ज्यादा फर्क पड़ने की संभावना नहीं है. वहां निर्वाचित सरकारों की सीमित भूमिका ही होती है. हाल के वर्षों में भूटान ने अपेक्षाकृत ज्यादा स्वायत्त रुख अपनाने की कोशिश की है. वह भारत की छाया से निकलने की कोशिश करता दिखा है. पिछले साल भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा था कि डोकलाम विवाद सुलझाने में उनका देश, भारत और चीन बराबर के साझेदार हैं. सिलिगुड़ी गलियारे की सुरक्षा और उत्तर पूर्वी हिस्से के साथ संपर्क के लिहाज से भारत के लिए डोकलाम काफी संवेदनशील स्थान है. इसलिए भारत चाहेगा कि भूटान की नई सरकार भारत के सामरिक हितों का ध्यान रखे.

> दूसरी ओर राहत की खबर भूटान से है. भूटान में नई संसद के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री शेरिंग तॉबगे की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बड़ी जीत मिली है. उसे सदन के 47 में से 30 सीटें मिलीं.

## सुभाषित

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति ।।**

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु आलस्य है. मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र परिश्रम होता है, क्योंकि परिश्रम करने वाला कभी दुखी नहीं रहता. आशय यह कि मनुष्य को आलस्य का त्याग करते हुए परिश्रम करना चाहिए, क्योंकि परिश्रम के बिना जीवन सफल नहीं होता.

# बदहाली के बीच चमकता छह करोड़ का बाजार

**दिसंबर की समाप्ति तक सरकार 14.7 लाख करोड़ की रकम इस माध्यम से वसूल चुकी थी. यानी 2023-24 के लिए तय लक्ष्य का 81 प्रतिशत हासिल कर लिया गया था. चूंकि हमेशा ही आखिरी तीन महीनों में सबसे ज्यादा कर्ज उगाही होती है, इसलिए सरकार का यह अनुमान दुरुस्त है कि इस वित्त वर्ष में उसे लक्ष्य से भी ज्यादा प्रत्यक्ष कर प्राप्त हो सकते हैं. किसी अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष करों से अधिक राजस्व जुटाने को एक स्वस्थ नीति माना जाता है.**



देश-काल



सत्येंद्र रंजन

चालू वित्त वर्ष में भारत सरकार ने प्रत्यक्ष करों से 17.2 लाख करोड़ रुपये की आमदनी का अनुमान लगाया था. सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दिसंबर की समाप्ति तक सरकार 14.7 लाख करोड़ की रकम इस माध्यम से वसूल चुकी थी. यानी 2023-24 के लिए तय लक्ष्य का 81 प्रतिशत हासिल कर लिया गया था. चूंकि हमेशा ही आखिरी तीन महीनों में सबसे ज्यादा कर्ज उगाही होती है, इसलिए सरकार का यह अनुमान दुरुस्त है कि इस वित्त वर्ष में उसे लक्ष्य से भी ज्यादा प्रत्यक्ष कर प्राप्त हो सकते हैं. किसी अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष करों से अधिक राजस्व जुटाने को एक स्वस्थ नीति माना जाता है. प्रत्यक्ष कर समृद्ध तबकों से आता है, जबकि परोक्ष कर का सभी तबकों पर- चाहे वे धनी हों या गरीब समान बोझ पड़ता है. दरअसल, अगर माली हालत को पैमाना बना कर समझें, तो गरीब तबकों को अपनी कमजोर स्थिति के कारण यह बोझ ज्यादा महसूस होता है. आबादी की निम्न श्रेणियों से ऊपरी श्रेणियों की तरफ धन ट्रांसफर करने की इस नीति के तहत ऊपरी टॉप पांच से दस प्रतिशत लोगों की आमदनी एवं धन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है. कॉरपोरेट सेक्टर में मोनोपॉली को प्रोत्साहित करने की नीति सरकार ने अपना रखी है, जिससे कुछ कंपनियों की आय में भारी इजाफा हुआ है. नतीजा है कि ऐसे व्यक्ति और कंपनियां अधिक इनकम टैक्स एवं कॉरपोरेट टैक्स दे रहे हैं.

अब अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन शैक्स ने भारतीय बाजार के बारे में एक नई रिपोर्ट पेश की है. उसके मुताबिक भारत में महंगी वस्तुओं (यानी प्रीमियम गुड्स) का बाजार अब छह करोड़ लोगों का हो चुका है. गोल्डमैन शैक्स ने अनुमान लगाया है कि 2027 तक भारतीय बाजार दस करोड़ लोगों का हो जाएगा. इस इन्वेस्टमेंट बैंक ने प्रीमियम गुड्स के बाजार में उन लोगों को शामिल किया है, जिनकी सालाना आमदनी दस हजार डॉलर (यानी लगभग साढ़े आठ लाख रुपये) से ज्यादा है. बैंक का अनुमान है कि 2015 में इस आय वर्ग में दो करोड़ 40 लाख लोग थे. पिछले नौ वर्षों में इन तबके की संख्या दो गुना से भी ज्यादा बढ़ी है. इसका फायदा जेवरात और महंगी कारों के उद्योग के साथ-साथ सेवा क्षेत्र में पर्यटन, रेस्तरां, होटल, और हेल्थकेयर के कारोबार को भी मिला है. चूंकि आने वाले तीन वर्षों में इस आय वर्ग के लोगों की संख्या में और वृद्धि का अनुमान है, इसलिए ऐसे कारोबार से जुड़ी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है. और इन वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री पर जीएसटी लगता है, तो इस परोक्ष कर से सरकार की अधिक आमदनी भी लाजिमी है. गोल्डमैन शैक्स ने कहा है- "पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में वित्तीय एवं ठोस संपत्तियों में महत्त्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप धन में वृद्धि हो रही है. हालांकि सोना और जायदाद में धन के निवेश की प्रवृत्ति बनी हुई है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में एक बड़ा बदलाव यह देखा गया है कि लोग सीधे शेयर खरीदने या फिर म्युचुअल फंड्स के जरिए शेयर बाजार में अधिक पैसा लगा रहे हैं." लेकिन इसी रिपोर्ट में आमदनी की सर्वोच्च और मध्य श्रेणियों में शामिल लोगों के बीच खर्च क्षमता बढ़ने की हकीकत का भी जिक्र है. इसमें इस बात की ओर ध्यान खींचा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद आज भी तीन हजार डॉलर से कम है. (असल में यह ढाई हजार डॉलर के आसपास ही है.) रिपोर्ट में जिक्र है कि भारत में 96 करोड़ लोगों के पास डेबिट कार्ड हैं और सवा नौ करोड़ लोगों के पास पोस्ट पेड मोबाइल फोन कनेक्शन हैं. इसके बावजूद सिर्फ तीन करोड़ ऐसे लोग हैं, जिनके पास अपना वाहन (यानी कार) रखने की क्षमता है. इस रिपोर्ट का अर्थ है कि भारत में 70 हजार रुपये से अधिक आय वर्ग में आने वाले लोगों की संख्या सिर्फ छह करोड़ है. उससे नीचे की सारी आबादी इस आय से कम पर गुजारा कर रही है. यह वो तबका है, जिसकी वास्तविक आय गिरी है. उसका एक कारण तो जीएसटी भी है. दूसरा कारण महंगाई है. दिसंबर में मुद्रास्फीति दर चार महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर यानी 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गई. लेकिन उसके बीच गौरतलब तथ्य है कि दिसंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 9.5 प्रतिशत रही. शहरों में तो यह दस फीसदी से ऊपर रही. भोजन सबसे अनिवार्य खर्च है. इसकी महंगाई दर वर्षों से आम मुद्रास्फीति दर से ऊपर बनी हुई है. यह अर्थशास्त्र की एक आम समझ है कि जिस परिवार की आमदनी जितनी कम होती है, उसका भोजन पर खर्च आय के अनुपात में उतना ही ज्यादा होता है. तो समझा जा सकता है कि गरीब और सामान्य वर्ग पर खाद्य महंगाई की अधिक मार पड़ती है. इसलिए उसकी आमदनी की क्रय-शक्ति गिरती गई है. एक तथ्य यह भी है कि महंगाई बढ़ने के साथ सरकार की जीएसटी से होने वाली आमदनी भी बढ़ती है. सरकार यह टैक्स प्रतिशत में लेती है. तो 18 प्रतिशत टैक्स दायरे वाली की एक वस्तु की कीमत दस रुपया होने पर सरकार को अगर एक रुपया 80 पैसे मिलेंगे, लेकिन उस वस्तु की कीमत 12 रुपया हो जाए, तो सरकार को दो रुपये छह पैसे का राजस्व मिलेगा. जीएसटी से अधिक उगाही के पीछे यह भी एक प्रमुख कारण है. निहितार्थ यह कि गैर बराबरी की अर्थव्यवस्था समाज के ऊपरी आय वर्गों के लिए अत्यंत लाभदायक है, वहीं यह सरकार के लिए भी फायदे की बात है. इन दोनों के फायदों का नुकसान बाकी आबादी को हो रहा है. इसके बावजूद सत्ताधारी दल लोकप्रिय बना हुआ है, तो उसका अपना गतिशास्त्र है.

## बोधि-वृक्ष

ओशो



### कौन है महात्मा

एक नदी तट पर स्थित बड़ी सी शिला पर एक महात्मा बैठे हुए थे. वहाँ एक धोबी आता है किनारे पर वही मात्र शिला थी, जहां वह रोज कपड़े धोता था. उसने शिला पर महात्मा जी को बैठे देखा तो सोचा- अभी उठ जाएंगे, थोड़ा इन्तजार कर लेता हूं, अपना काम बाद में कर लूंगा. एक घंटा हुआ, दो घंटे हुए फिर भी महात्मा उठे नहीं अतः धोबी ने हाथ जोड़कर विनय पूर्वक निवेदन किया कि महात्मन् यह मेरे कपड़े धोने का स्थान है. आप कहीं अन्यत्र बिराजें तो मै अपना कार्य निपटा लूं. महात्मा जी वहां से उठकर थोड़ी दूर जाकर बैठ गए. धोबी ने कपड़े धोने शुरू किए, पछाड़ पछाड़ कर कपड़े धोने की क्रिया में कुछ छींटे उछल कर महात्मा जी पर गिरने लगे. महात्मा जी को क्रोध आया, वे धोबी को गालियां देने लगे. उससे भी शान्ति न मिली तो पास रखा धोबी का डंडा उठाकर उसे ही मारने लगे. सांप ऊपर से कोमल और मुलायम दिखता है, किन्तु पूंछ दबने पर ही असलियत की पहचान होती है. महात्मा को क्रोधित देख धोबी ने सोचा अवश्य ही मुझ से कोई अपराध हुआ है. अतः वह हाथ जोड़ कर महात्मा से माफी मांगने लगा. महात्मा ने कहा - दुष्ट तुझमें शिष्टाचार तो है ही नहीं, देखता नहीं तू गंदे छींटे मुझ पर उड़ा रहा है? धोबी ने कहा-महाराज शान्त हो जाएं, मुझ गंवार से चूक हो गई, लोगों के गंदे कपड़े धोते धोते मेरा ध्यान ही न रहा, क्षमा कर दें. धोबी का काम पूर्ण हो चुका था, साफ कपडे समेटे और महात्मा जी से पुनः क्षमा मांगते हुए लौट गया. महात्मा ने देखा धोबी वाली उस शिला से निकला गंदला पानी मिट्टी के सम्पर्क से स्वच्छ और निर्मल होकर पुनः सरिता के शुभ्र प्रवाह में लुप्त हो रहा था, लेकिन महात्मा के अपने शुभ्र वस्त्रों में तीव्र उमस और सीलन भरी बदबू बस गई थी. सवाल है कि कौन पात्र असली महात्मा है? धोबी या वह जो महात्मा के वेश में नदी के तट पर आया था. केवल वेश मात्र से ही कोई महात्मा नहीं हो सकता. उसके लिए शम, दम, अस्तेय, शौच, इंद्रिय निग्रह, संयम, अक्रोध, अहिंसा, सत्य, विवेकशीलता आदि गुणों का होना आवश्यक है. यथार्थ में धोबी ही असली महात्मा था, संयत रह कर समता भाव से वह लोगों के दाग़ दूर करता था.

# अमेरिकी बमबारी से गाजा युद्ध का विस्तार

देशांतर

पुष्परंजन

ब्रिटेन और अमेरिका के लड़ाकू विमान लाल सागर में जहाजों पर हमला करने वाले हूती विद्रोहियों पर बमबारी कर रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, कि ये हमले लाल सागर में हूतियों द्वारा मालवाहक जहाजों पर किए जा रहे आक्रमण का सीधा उत्तर है. इतिहास में पहली बार जहाजों पर हमलों में एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल हो रहा है. बाइडेन ने कहा कि व्यवसायिक जहाजों पर हो रहे हमलों के कारण अमेरिकी नागरिक खतरे में हैं. उन्होंने कहा, 'मैं अपने लोगों और बेरोकटोक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक आवाजाही की सुरक्षा के लिए और ज्यादा कड़े कदम उठाने से भी नहीं झिझकूंगा.' लेकिन इस बीच चीन ने जो कुछ किया, वह भी दिलचस्प है. चीन ने हूतियों के इन कारनामों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा, लेकिन जब मतदान की बारी आई तो वह अनुपस्थित हो गया. यूएन में चीन के राजदूत झांग चुन ने सफाई दी कि हमें डर था कि यह प्रस्ताव अपने इच्छित प्रभाव को प्राप्त नहीं कर पायेगा. इस प्रस्ताव के हवाले से मिडल इस्ट में और भी परेशानी बढ़ सकती है. लेकिन सचाई यह है कि चीन ईरान की वजह से इस प्रस्ताव पर वोटिंग से बाहर निकल गया. ईरान समर्थित हूतियों ने प्रतिज्ञा की है कि जब तक हमास को ख़त्म करने के अपने अभियान के तहत इजरायली सेना गाजा में रहेगी, हमारे विद्रोही लाल सागर के माध्यम से शिपिंग पर अपने हमले जारी रखेंगे. यह समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें चीन का लगभग 62 प्रतिशत तेल और 17 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात भी शामिल है. हूतियों के हमले से बचने के लिए चीन के कास्को शिपिंग और दूसरे करियर इस मार्ग से जाना छोड़कर केप ऑफ गुड होप के लंबे रास्ते से सामान ढोने लगे हैं, जो उनके लिए समय और पैसा दोनों का बोझ बढ़ा रहा है. अमेरिका ने लाल सागर में हमले से मुक़ाबले के लिए 19 नवंबर 2023 को एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाया था. मगर, इस गठबंधन में भारत और चीन शामिल नहीं हैं. जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार, भारत का 95 प्रतिशत विदेशी व्यापार मुख्य रूप से बंदरगाहों के माध्यम से होता है. भारत और रूस के बीच पूर्वी समुद्री गलियारे (ईएमसी) और भारत को मध्य पूर्व और यूरोप से जोड़ने वाले भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) की लॉन्च योजनाओं के पहले चरण को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन हूती विद्राहियों के हमलों ने इसपर पानी फेर दिया लगता है. लाल सागर से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों पर हमले 7 अक्तूबर 2023 के बाद शुरू हुए. 7 अक्तूबर को हमास ने इज़राइल पर हमला किया था, जिसके बाद दोनो तरफ़ से लड़ाई शुरू हो गई. उसके कुछ ही दिन बाद हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाजों पर हमले शुरू कर दिए. हूती विद्रोहियों ने गाज़ा युद्ध में हमास के समर्थन का ऐलान किया और कहा कि वे इज़राइल जाने वाले हर जहाज को निशाना बनाएंगे, वैसे यह स्पष्ट नहीं है कि जो जहाज हूतियों के हमले के शिकार हुए, वे वाकई इज़राइल जा रहे थे.नवंबर 2023 में हूतियों ने एक मालवाहक जहाज को इज़राइल का बताकर उसका अपचालन कर लिया था. उसके बाद से ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए कई जहाजों को हूतियों ने निशाना बनाया. इन हमलों के डर से कई जहाज कंपनियों ने अपने-अपने जहाजों का रास्ता बदल दिया. मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी, माएर्स्क, हापाग-लॉयड जैसी दिग्गज जहाजरानी कंपनियों और तेल कंपनी 'बीपी' ने उन दिनों बयान दिया था कि वे अपने जहाजों को लाल सागर से हटाकर अन्य रास्तों से भेज रही हैं. हूती एक हथियारबंद समूह है, जो यमन के अल्पसंख्य शिया मुस्लिम जैदी समुदाय से जुड़े कुछ लोगों ने बनाया है. इस मिलिटेंट समूह का नाम उसके संस्थापक हुसैन अल हूती के नाम पर रखा गया है. इस ग्रुप का गठन 1990 के दशक में किया गया था. तब इस संगठन का मकसद तत्कालीन यमनी राष्ट्रपति अली अब्दुल सालेह की सरकार से विद्रोह करना था. हूतियों का कहना था कि सालेह की सरकार भ्रष्ट है. 2014 से यह संगठन यमन की सरकार के खिलाफ बगावत कर रहा है. इस बगावत की वजह यमन कई वर्षों से गृह युद्ध की चपेट में है. दो साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने जानकारी दी थी कि 2022 तक यमन का गृह युद्ध 3,77,000 लोगों की जान ले चुका था.

> चीन ने हूतियों के इन कारनामों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा, लेकिन जब मतदान की बारी आई तो वह अनुपस्थित हो गया. यूएन में चीन के राजदूत झांग चुन ने सफाई दी कि हमें डर था कि यह प्रस्ताव अपने इच्छित प्रभाव को प्राप्त नहीं कर पायेगा. इस प्रस्ताव के हवाले से मिडल इस्ट में और भी परेशानी बढ़ सकती है.

# संकट में खेती और परंपरागत व्यवसाय

सामयिकी

वर्षा सिंह

नवंबर के पहले हफ्ते में काली मिट्टी में उगा सफेद सोना लहलहाने लगा है. कानम प्रदेश के नाम से मशहूर ये गुजरात के भरूच जिले की कॉटन बेल्ट हैं. जो अपनी उच्च गुणवत्ता की कपास (रुई) के लिए जानी जाती है. खेतों से कपास चुन रही महिला श्रमिकों का समूह तल्लीनता से अपने काम में रमा हुआ है. सारा दिन तेज धूप में खड़े होकर वे कपास चुनती हैं. यहां मौजूद 19 वर्षीय राखी बताती हैं कि अक्टूबर के पहले हफ्ते तक मध्य प्रदेश के झाबुआ से उनका समूह यहां पहुंच जाता है. फरवरी-मार्च तक वे रुई निकालने का काम करते हैं और होली से पहले, किसान से अपना मेहनताना लेकर, घर वापसी शुरू हो जाती है! कपास के ये खेत स्थानीय किसानों के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों की आमदनी का बड़ा जरिया हैं. भरूच में केमिकल और पेट्रोकेमिकल औद्योगिक इकाइयों का विस्तार, धुआं उगलती चिमनियों और हवा में केमिकल के रिसाव का संकट, कपास के इन खेतों और उत्पादन दोनों पर है. देश के तीन प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों में से एक गुजरात है. पिछले 5 वर्षों में कपास की बुवाई क्षेत्र में गिरावट आई है. हालांकि 2021-22 की तुलना में 2022-23 में यह रकबा बढा है. 2018-19 में 26.60 लाख हेक्टेअर, 2019-20 में 26.55, 2020-21 में 22.70, 2021-22 में 22.84 और 2022-23 में 25.49 लाख हेक्टेअर क्षेत्र में कपास बोया गया. यानी पिछले 5 वर्षों में 1.11 लाख हेक्टेअर कपास के खेत कम हुए. जबकि 2018-19 से 2021-22 की तुलना करें तो 3.76 लाख हेक्टेअर में कपास नहीं बोया गया.2021 वह वर्ष है, जब भरूच जिले के वागरा, अमोध, भरूच, जम्बूसर और कर्जन तालुका में केमिकल लीक से 280 गांवों के 18 हजार से अधिक किसान प्रभावित हुए थे. 1,14,568 हेक्टेअर में बोए गए कपास, अरहर समेत सब्जी व अन्य फसल में से 1,13,998 हेक्टेअर की फसल हवा में केमिकल मिलने से प्रभावित हुई. इसके अलावा बादाम, बबूल, नीम जैसे वृक्षों पर भी इस प्रदूषण का प्रभाव पड़ा. दक्षिण गुजरात में किसानों और मछुआरों के मुद्दों पर कार्य कर रही संस्था सेंटर फॉर ब्रैकिश वाटर रिसर्च से जुडे एमएसएच शेख कहते हैं "पीसीपीआईआर में अभी सिर्फ 10 प्रतिशत तक ही इंडस्ट्री विकसित हुई है. पूरे क्षेत्र को इंडस्ट्री की जरूरत के आधार पर विकसित किया जा रहा है. स्पेशल इनवेस्टमेंट रीजन अधिनियम-2009 ( ये अधिनियम राज्य सरकार को किसी क्षेत्र को स्पेशल इनवेस्टमेंट रीजन बनाने की शक्ति देता है.) के तहत जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है. इस क्षेत्र का युवा अब इंडस्ट्री में मजदूर बनकर काम कर रहा है. पहले जब यहां इंडस्ट्री नहीं थी और प्रदूषण नहीं था तो उनका मछली का व्यवसाय और खेती बहुत अच्छी होती थी" . इंडस्ट्री के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर पर्याप्त मुआवजा न मिलने की शिकायत लेकर भरूच के कई किसान अदालत की शरण में भी हैं. भरूच जिले में कई विदेशी औद्योगिक इकाइयां भी स्थापित हैं. एमएसएच शेख कहते हैं "हमारे देश में श्रम और पर्यावरण से जुड़े नियम बहुत ढीले हैं. इसलिए कई देशों से केमिकल प्लांट भरूच में स्थापित हो रहे हैं". इसकी पुष्टि वित्त वर्ष 2014-15 और 2021-22 के बीच बुनियादी प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पाद जैसे सिंथेटिक फाइबर, पॉलीमर्स, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट और परफॉर्मेंस प्लास्टिक की उत्पादन क्षमता, उत्पादन, आयात और निर्यात के आंकड़ों से होती है. 2014-15 में क्षमता 17,213 से बढ़कर 21,415 हो गई. जबकि उत्पादन 13,448 से बढ़कर 19,371 हो गया. इस अंतराल में आयात 5,080 से घटकर 4,597 और निर्यात 2,254 बढ़कर 2,505 हो गया. (ये आंकड़े हजार मीट्रिक टन में हैं.) जो दर्शाता है कि हम अपने देश के पर्यावरण और परंपरागत आजीविका की कीमत पर दूसरे देशों की जरूरतें पूरी कर रहे हैं. येल और कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा हर वर्ष जारी किया जाने वाले इनवायरमेंटल परफॉर्मेंस इंडेक्स में वर्ष 2022 में भारत को 180 देशों की सूची में आखिरी स्थान पर रखा गया. वायु प्रदूषण, जल और स्वच्छता से जुड़े मानक, जल स्रोतों की सेहत और प्रबंधन, दूषित जल के ट्रीटमेंट, पर्यावरण नियमों का पालन करने, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, और सरकार की परफॉर्मेंस समेत कई अन्य पैरामीटर पर ये रैंकिंग तय की जाती है.

> कपास के ये खेत स्थानीय किसानों के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों की आमदनी का बड़ा जरिया हैं. भरूच में केमिकल और पेट्रोकेमिकल औद्योगिक इकाइयों का विस्तार, धुआं उगलती चिमनियों और हवा में केमिकल के रिसाव का संकट, कपास के इन खेतों और उत्पादन दोनों पर है. देश के तीन प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों में से एक गुजरात है.

## मीडिया में अन्यत्र

# मालदीव सरकार का चीन पर भरोसा

**आखिरकार** मालदीव सरकार ने भारतीय सैनिकों की वापसी का दिन तय कर दिया है. हालांकि नवंबर में पदभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की थी. इस संबंध में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा था. मगर चीन यात्रा से वापस लौटते ही मुइज्जू ने बड़े तीखे अंदाज में कह दिया कि भारत अगले दो महीनों के भीतर अपने सैनिक वापस बुला ले. इसे लेकर दोनों देशों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई और आम सहमति भी बन गई बताया जा रहा है. मगर अभी यह तय नहीं हो सका है कि जिस काम के लिए भारतीय सैनिक वहां तैनात किए गए थे, वह काम कैसे संचालित होगा. गौरतलब है कि फिलहाल वहां अट्ठासी भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भारत द्वारा मालदीव को उपहार में दिए समुद्री गश्ती विमानों और दो हेलीकाप्टरों का संचालन करते हैं. इसके अलावा चिकित्सा सेवाएं और मालदीव के सैनिकों को युद्धक विमान आदि उड़ाने का प्रशिक्षण देते हैं. इस फैसले से भारत को कम, मालदीव को अधिक नुकसान होने वाला है. मगर वर्तमान राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की तरफ है और उन्हें भरोसा है कि उनकी आर्थिक जरूरतें चीन से पूरी हो जाएंगी. चीन दौरे के वक्त उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण समझोते भी किए हैं. मालदीव से भारत का बहुत पुराना संबंध है. हर मुश्किल के वक्त भारत ने उसका साथ दिया है. इसलिए मुइज्जू से पहले वहां के सभी शासक भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते रहे हैं. मगर मुइज्जू की पार्टी पिछले चुनाव में भारत को मालदीव से बाहर निकालने के नारे के साथ मैदान में उतरी थी. उसे कामयाबी मिली और मुइज्जू राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दावा किया कि उनके भारत को बाहर निकालने के वादे को जनमत ने स्वीकार किया है, इसलिए उससे मुक्ति पाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है. पिछले दिनों जब मुइच्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के समय अपमानजनक टिप्पणियां कीं, तब दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ गई. हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया, पर वह खलिश शायद बनी हुई थी. **(जनसत्ता से)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### छत/छतरी/छत्ता

**छत** हिंदी भाषा का ऐसा बहु प्रचलित शब्द, जिसका अर्थ प्रयोग के लहजे मात्र से बदल जाता है. उदाहरण के लिए उसके मकान छत टूट गयी. लड़की दौड़ कर छत पर चढ़ गयी. मनुष्य को कम से कम पेट को रोटियां और सिर को छत चाहिए. अपना घर बेच दिया और अब छत ढूंढते फिर रहे हैं. छत शब्द का इतनी बार प्रयोग करने के बाद तो इसका अर्थ स्पष्ट हो जाता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में छत शब्द का मतलब है सीमेंट, ईंट या लकड़ी से बनी घर की छाजन, कच्ची दीवारों के उपरी भाग को लकड़ी, बांस आदि से पाटकर मिट्टी जमाया हुआ भाग, पाटन, घर को ढकने वाला भाग, रहने की जगह, आश्रय, ठिकाना, किसी बनावट को ऊपर से ढकने वाला भाग, वह वास्तु रचना जिससे कमरा ढका होता है, आसमान, कोठा. वहीं संज्ञा पुल्लिंग के रूप में छत का मतलब है अलग होने की क्रिया या भाव. छत से ही बना शब्द है छतरी. यह तो घोषित रूप से संज्ञा स्त्रीलिंग है. समझने की बात यह है कि छतरी कहते किसे हैं. घूप और वर्षा से बचाव के लिए प्रयोग में आनेवाली एक वस्तु है छतरी, जिसे छाता भी कहते हैं. चिता या समाधि स्थल के ऊपर बना हुआ मंडप भी छतरी कहलाता है. अगर आप घास और पत्तों से बनी मंड़ई या चंदोवा देखते हैं तो आपके मुंह से सहज ही निकल जाता है- छतरी. कुकुरमुत्ता और मशरूम भी छतरी ही कहलाते हैं.आसमान में उड़ते हवाई जहाज में अगर खराबी आ जाये तो जान बचाने के लिए विमान से कूदने की आवश्यकता होती तो छतरी का ही सहारा होता है, जिसे पैराशूट कहते हैं. छतरी को छत्ता भी कहा जाता है, लेकिन छत्ता प्रमुख अर्थ है मधुमक्खी का मोम का घर, जो इनके द्वारा निर्मित वह रचना है, जिसमें वे स्वयं रहती हैं, अंडे देती हैं और शहद जमा करती हैं.

# इसे कहते हैं जुगाड़ टेक्नोलॉजी!

तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय



हिंदुस्तान के जुगाड़ियों के पास ऐसी-ऐसी तकनीक होती है, जिसके बल पर इनके लिए कुछ भी कर पाना मुश्किल नहीं होता. इसी तकनीक को आम भाषा में जुगाड़ कहा जाता है. इस तकनीक का प्रयोग आम से लेकर नाम वाले तक करते हैं. इसके बल पर लोग नाम से लेकर दाम तक कमाते हैं. सब्जी वाले इस तकनीक से बासी सब्जी को ताजा सब्जी में बदल देते हैं. कितना ही पुराना आलू क्यों न हो, ऐसा पटको कि छिलके छूटने लगें. फिर नम मिट्टी में एक-दो बार पटकने से नया आलू तैयार हो जाता है. इस तकनीक से पत्ते वाली गोभी कभी पुरानी नहीं होती. ऊपर से एक-एक पत्ते निकालते जाओ फिर एक हफ्ते बाद बेचो चाहे दो हफ्ते. हिंदूस्तानी ड्राइवर जहां चार आदमी की जगह होती है, वहां पांच बिठाते हैं. कुछ तो बीच में छोटा स्टूल रख देते हैं और आगे-पीछे करके यानी पीठ जोड़कर दो सवारी और बैठा लेते हैं. यही नहीं अगल-बगल लटकाते हैं तथा खुद आधा बैठकर और आधा लटककर जुगाड़ से गाड़ी चलाते हैं. परीक्षा में पेपर खराब हो जाने पर भी विद्यार्थी पास होने के लिए जुगाड़ के चक्कर में पड़े रहते हैं. नेता लोग पहले चुनाव में खड़े होने का जुगाड़ करते हैं और फिर चुनाव जीतने का. कई तो इस जुगाड़ में रहते हैं कि मतदाता मत न दे तो भी कैसे चुनाव जीता जाय? चुनाव जीतने के बाद सरकार बनाने का जुगाड़ करते हैं. आजकल बिना जुगाड़ के सरकारें बनती ही कहां हैं? सरकार बन जाय तो सरकार चलाने का जुगाड़ करते हैं. बिना जुगाड़ के सरकारें चलती भी तो नहीं. आगे बढ़ने वालों को जुगाड़ से पीछे कर दिया जाता है. ज्यादा दौड़ने वाले को कम दौड़ने वाले लत्ती मार कर गिरा कर पीछे कर देते हैं. निरोगी को रोगी बना देते हैं और रोगी को निरोगी. योगी को भोगी और भोगी को योगी बना देते हैं. सिंह को सियार और सियार को सिंह बना देते हैं. आजकल सियार भी सियार बनकर रहना नहीं चाहता, बल्कि सिंह बनना चाहता है. जो सियारासन पर भी बैठने के योग्य नहीं वे भी जुगाड़ से सिंहासन पर बिराजते हैं. आसन प्राप्त करना आसान नहीं होता. आजकल लोग घर भी जुगाड़ से चलाते हैं. कई लोग जुगाड़ लगाकर दूसरे का घर उजाड़ते भी हैं. आजकल कई पति-पत्नी भी जुगाड़ से ही पति-पत्नी बने रहते हैं अन्यथा तलाक होते देर नहीं लगती. जुगाड़ लगाकर लोग शादी-ब्याह भी कर लेते और करा देते हैं. जुगाड़ लगाकर कई नवयुवक प्यार करने और कराने में सफल हो जाते हैं. जुगाड़ से हिंदुस्तानी दूध बना लेते हैं. घी बना लेते हैं. क्या नहीं कर लेते?

# लाइफ लाइन

## अपने कानों का रखें ध्यान

रोहिणी पांच वर्ष की है. बराबर उसके कानों में दर्द रहता है. कभी-कभी पीले और कभी-कभी लाल रंग का स्राव उसके कानों से निकलता है. कारण पूछने पर पता चला कि उसे बचपन से ठंड की लगने की समस्या थी जिसके कारण उसके कानों में कफ फंसा हुआ था और इंफेक्शन फैल कर जख्म का रूप अंदर ही अंदर ले चुका था.



डॉ रजनी शर्मा
डीएमबीएस, बीएमबीएस

शिवानी 12 वर्ष की है. वह बिल्कुल भी बोल सुन नहीं पाती थी. डॉक्टर से उसे दिखाने पर जांच में पता चला कि उसके दोनों कानों में इयर वैक्स जम कर पूरा कान भरकर जाम हो चुका था. जिसके कारण उसे कुछ भी आवाज सुनाई नहीं देता था. आवाज नहीं सुन पाने के कारण वह बोलना भी नहीं सीख पाई.

लखन छब्बीस वर्ष का है. बारिश में भीगने के बाद उसके कान में एक घाव निकल गया. दवा खाने से घाव तो ठीक हो गया परंतु उसे धीरे-धीरे सुनाई देना कम हो गया. कभी-कभी उसके कान में जलन तथा गुनगुनाहट की आवाज़ सुनाई देने लगी. ठंडी हवा चलने पर अथवा बारिश में उसका रोग बढ़ जाता था.

राजन चालीस वर्ष के हैं. एक बार दीवाली पर बम धमाके की आवाज एकदम नजदीक से सुन लेने के बाद उनके एक कान से उन्हें सुनाई देना बिल्कुल ही बंद हो चुका है. इएनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर से आने पर पता चला कि उनके कान का पर्दा फट चुका है. दूसरे कान से भी उन्हें बेहद ध्यान देने पर बातें सुनाई देती थी.

मारिया साठ वर्ष की हैं. उन्हें पिछले कुछ वर्षों से कान में सीटी बजाने तथा ट्रेन के चलने जैसी आवाज सुनाई देती है. कई बार उनके सर में इस आवाज के कारण दर्द होने लगता है और उन्हें चक्कर आने लगते हैं. जांच में पता चला कि उनके नसों के रक्त प्रवाह में व्यवधान है.

### समझिए कान का मैकेनिज्म

मानव शरीर में कान श्रवण प्रणाली का मुख्य अंग है. यह शरीर का ऐसा अंग है जो ध्वनि का पता लगता है और यह शरीर के संतुलन और स्थिति के बोध में महत्वपूर्ण कार्य करता है. कान तरह-तरह की ध्वनियों को पहचान में सहायक होते हैं. यह अत्यंत संवेदनशील अंग होता है. कान के मुख्यतः तीन भाग होते हैं - बाह्य कर्ण, मध्य कर्ण एवं आंतरिक कर्ण.



**बाह्य कर्ण** बाह्य कर्ण से आवाज की तरंगे इकट्ठी होकर कान के आंतरिक पर्दे तक जाती है. इससे कानों के पर्दे में कंपन होता है और तरंगे मस्तिष्क तक जाती है. कान का बाहरी भाग गुफानुमा होता है जिसमें त्वचा पर धूल कण गंदगी कर्ण मोम पर जम कर रुक जाती है.

मध्य कर्ण का मध्य भाग नाक की गुफा से इएनटी ट्यूब के द्वारा जुड़ा रहता है. यह इयर नोज थ्रोट ट्यूब कहलाता है क्योंकि कान का मध्य भाग नाक, कान और गले से जुड़ा रहता है. अगर किसी प्रकार का तनाव या दबाव कान पर पड़ता है तब वह ईएनटी ट्यूब के माध्यम से नाक की गुफा में चला जाता है. हालांकि कान, नाक और गले के जुड़ाव होने के कारण कई बार नाक एवं गले का संक्रमण कान तक भी पहुंच जाता है.

**आंतरिक कर्ण** आंतरिक कर्ण में द्रव भरा हुआ रहता है. यह आवाज से आने वाले कंपनों को तंत्रिकाओं के संकेत में परिवर्तित कर देती है और यह संकेत आवाज की तरंगों की आवर्ती के अनुसार कंपित होती हैं और मस्तिष्क तांत्रिका द्वारा दिमाग तक पहुंचती है. आंतरिक कर्ण तक पहुंचने वाली आवाज ही दिमाग समझ पाता है और इन स्वरों के अनुसार ही प्रतिक्रिया व्यक्त करता है.

### कान की बीमारियां अथवा संक्रमण

बैक्टीरियल संक्रमण, फुंसियां या घाव, कान के बाहरी भाग का सूजन, दर्द, कान से पानी या मवाद निकलना, बदबूदार पीब लाल या पीला पीब बहना, बहरापन, पर्दा फटना, कान में ठंड लगना, कान में तनाव एवं दबाव पड़ना, कान में आवाज आना जैसे सीटी बजाना, बादल का गर्जना, घरघराहट, सांय-सांय या हों हों की आवाज, ट्रेन चलने की आवाज आना आदि. कान में प्राकृतिक रूप से वैक्स बनता है. कई बार इसे नुकीली वस्तुओं से निकालने पर कान में जख्म बन जाता है और यह संक्रमण धीरे-धीरे फैल कर कान को प्रभावित करते हैं.

### कान के रोगों से बचाव के उपाय

कान के बचाव के लिए यदि पानी के संपर्क में जाए तो कानों में रुई लगाकर रखें. कान में मैल जमने पर उसके ऊपरी हिस्से को रुई से हल्के हाथों से ही साफ करें. कानों के पर्दे में समस्या होने पर तेज आवाज से दूर रहे. ईयर फोन का इस्तेमाल कम से कम करें. साइनस, सर्दी, खांसी, कफ होने पर सोते वक्त कानों का खास ध्यान रखें. कान को जोर से खींचने ऐंठने से बचाएं. धुम्रपान से दूर रहें. भोजन में प्रोटीन विटामिन डी आदि भरपूर मात्रा में लें.

### कान के उपचार में कारगर होम्योपैथिक दवाई



चायना, बेलाडोना, किनिन सल्फ, डल्कामारा, कार्बन सल्फ, साइलिसिया, ग्रैफाइटिस, कैली आयोग, हाइड्रेस्टिस, सल्फर, ऐकोनाइट, मर्क आयोड, फाइटोलैक्का, रस टक्स, पल्साटिला, लैकेसिस, हिपर सल्फर, सिलिका, मर्क सौल, लायकोपोडियम, लेडम पाल कास्टिकम आदि महत्वपूर्ण हैं. कर्ण पीड़ा में मूलेन ऑइल का बाह्य प्रयोग किया जाता है.

बायोकेमिक दवाओं में मुख्यतः काली म्यूर, कैल्केरिया फ्लोर, नेट्रम म्यूर, साइलिशिया, काली सल्फ, मैग्निशियम फॉस, कैल्केरिया फॉस, फेरम फॉस, नेट्रम सल्फ, नेट्रम फॉस आदि इस्तेमाल की जाती है.

नोट :- दवाएं कुशल चिकित्सक से परीक्षण एवं जांच के पश्चात सलाह पर ही लें.

---

**पिछले दिनों उस्ताद राशिद खान की मौत प्रोस्टेट कैंसर की वजह से हुई. प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला सबसे आम कैंसर है. आइए इस रोग के लक्षण, कारण और उपाय पर डालें एक नजर...**

## समय पर हो पहचान तो प्रोस्टेट कैंसर से मुक्ति संभव



डॉ गुंजेश कुमार सिंह
एचओडी, अंकोलॉजी डिपार्टमेंट, मेडिका, रांची

प्रोटेस्ट दरअसल पुरुषों के रिप्रोडक्शन से जुड़ा अखरोट के आकार का एक अंग है जो ब्लैडर के निकट मौजूद होता है. प्रोस्टेट ग्रंथि की कोशिकाओं में जब असामान्य वृद्धि होने लगती है तो व्यक्ति प्रोस्टेट कैंसर से ग्रस्त हो जाता है. इसकी वजह से पेशाब करने की क्षमता प्रभावित होने लगती है. लेकिन इस कैंसर का गंभीर पक्ष यह है कि यह प्रोस्टेट के बाहर फैल सकता है, जिससे ऐसे लक्षण सामने आते हैं जो सामान्य मूत्र संबंधी लक्षणों से भिन्न भी हो सकते हैं. इन कारणों से शुरुआती स्तर पर इसे पहचानना कठीन होता है, जबकि तमाम अन्य कैंसर की तरह इसका इलाज भी शुरुआती स्टेज पर शुरू हो तो अधिक सहजता से संभव है. रोग की जांच के लिए डॉक्टर डिजिटल रेक्टल इग्जाम, प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट, एमआरआई जैसे परीक्षण कराने की सलाह दे सकते हैं.

### प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण

प्रोस्टेट जब कैंसर ग्रसित होता है तो मरीज को थोड़ा पानी पीने के बाद भी यूरिन का प्रेशर लग जाता है. पेशाब की धार कमजोर हो जाती है. ब्लैडर को पूरी तरह खाली नहीं हो पाता. पेशाब करते समय जलन या दर्द का अनुभव होता है. कई बार यूरिन या सीमन में खून आने की शिकायत होती है. कमर, कूल्हे, जांघ, कंधे, पेल्विस और हड्डियों में दर्द की शिकायत होती है और यह दर्द लगातार बना रहता है. इजैक्यूलेशन के दौरान मरीज दर्द का अनुभव कर सकता है. पैर या तलवों में सूजन या पानी भरने की समस्या होती है. कैंसर रिसर्च (यूके) के अनुसार सूजन इसलिए होती है क्योंकि प्रोस्टेट कैंसर लिम्फ नोड्स में फैलता है. उस क्षेत्र में तरल पदार्थ के निर्माण के कारण पैरों में सूजन हो सकती है. सूजन को लिम्फोएडेमा कहा जाता है. अन्य कई कैंसर की तरह इस कैंसर में भी अचानक वजन घटने व थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं.

### ये हो सकते हैं कारण

अमेरिकन कैंसर सोसायटी की माने तो कैंसर का खतरा आपके जीन्स यानी आनुवंशिकता के कारण बढ़ सकता है. बढ़ती उम्र भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती है. प्रोस्टेट कैंसर के 60% मामलों का निदान 65 या उससे अधिक उम्र के लोगों में होता है. हालांकि कम उम्र के पुरुषों में भी प्रोस्टेट कैंसर के मामले सामने आ रहे. विभिन्न रिसर्च रिपोर्ट्स के मुताबिक मोटापा, धूम्रपान, केमिकल एक्सपोजर, प्रोस्टेट में इंफ्लामेशन, एसटीआई, वासेक्टोमी, रिफाइंड और प्रोसेस्ड चीजों से भरा गलत खानपान आदि भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं.



### बचाव के ये उपाय



अल्कोहल - तंबाकू से दूरी, स्किन को अल्ट्रावायलेट रेज से बचाना, वजन को हेल्दी रखना, हर साल शरीर की जांच करवाना आदि बचाव के लक्षण हैं. 45-50 की उम्र के बाद हर पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर की जांच करानी चाहिए ताकि अगर प्रोस्टेट कैंसर बन रहा हो तो शुरुआती स्टेज में ही इलाज किया जा सके. किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले डॉक्टर की सलाह पर जरूरी टेस्ट करवाना बेहद जरूरी है. प्रोस्टेट कैंसर का पता लगान के लिए डॉक्टर पीएसए यानी प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजेन नामक जांच करवाने की सलाह देते हैं.

### प्रोस्टेट कैंसर का क्या इलाज है?

प्रोस्टेट कैंसर का उपचार क्या होगा, यह सबसे अधिक इस बात पर निर्भर करता है कि कैंसर किस स्टेज में है. आमतौर पर हार्मोन थेरेपी और कीमो थेरेपी कारगर होते हैं. गंभीर स्थिति में सर्जरी के माध्यम से प्रोस्टेट को निकाला जा सकता है. साथ ही कुछ लिम्फ नोड्स के साथ आसपास के कुछ ऊतक को भी हटाया जा सकता है. इसे रैडिकल प्रोस्टेटक्टॉमी के रूप में जाना जाता है और इसे निम्नलिखित तरीकों से किया जा सकता है :

1. रोबोट-असिस्टेड सर्जरी - यंत्र एक यांत्रिक उपकरण से जुड़े होते हैं और छोटे चीरों के माध्यम से पेट में डाले जाते हैं. सर्जन उपकरणों को स्थानांतरित करने के लिए रोबोट का उपयोग करता है. रोबोट तकनीक के उपयोग के कारण, यह एक न्यूनतम-इनवेसिव तकनीक है. हालांकि मूत्र असंयम और स्तंभन दोष का खतरा इससे रहता है.

2. पेट में एक चीरा - निचले पेट में चीरा लगाकर प्रोस्टेट ग्रंथि को निकाल दिया जाता है. इसे रिट्रोप्यूबिक सर्जरी के रूप में जाना जाता है.

3. रेडियोथेरेपी में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए विकिरण यानी उच्च शक्ति ऊर्जा का उपयोग किया जाता है. उपचार का यह रूप सप्ताह में 5 दिन कई हफ्तों तक जारी रहता है. वहीं ब्रैकीथेरेपी में प्रोस्टेट ऊतक में रेडियोधर्मी बीजों जो चावल के दाने के आकार के होते हैं को एक सूई की मदद से डाला जाता है. इस उपचार के कुछ दुष्प्रभाव भी हैं जैसे बार-बार पेशाब आना, इरेक्टाइल डिसफंक्शन आदि. पुरुष हार्मोन टेस्टोस्टेरोन को कम करके भी प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है.

4. प्रोस्टेट कैंसर का उपचार क्या होगा, यह सबसे अधिक इस बात पर निर्भर करता है कि कैंसर किस स्टेज में है. रोग की जांच के लिए डॉक्टर डिजिटल रेक्टल इग्जाम, प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट, एमआरआई जैसे परीक्षण कराने की सलाह दे सकते हैं. गंभीर स्थिति में सर्जरी के माध्यम से प्रोस्टेट को निकाला जा सकता है. कई बार रेडिएशन या हार्मोन थेरपी का निर्णय भी चिकित्सक लेते हैं.

---

## झारखंड की औषधीय वनस्पति - वायविडंग



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

**झारखंड में प्रचुर मात्रा में जड़ी-बूटी वनस्पति आदि पाए जाते हैं. हालांकि इन पर सही तरीके से प्रकाश नहीं डाला गया है और न पर्याप्त चर्चा-अनुसंधान हुआ है. इस कारण इसके रस, गुण, वीर्य, विपाक और शक्ति की पूरी जानकारी लोगों को कम ही है. हम झारखंड के इन्हीं जड़ी-बूटी वनस्पति के बारे में इस कॉलम में चर्चा करेंगे. इस कड़ी में पहला नाम है वायविडंग.**

वायविडंग झारखंड में पाएं जाने वाली औषधीय वनस्पति है जिसे लैटिन में एंबेलिया रिवीस कहते हैं. इंग्लिश में बेब्रेंग कहा जाता है. इसे भभरिंग के नाम से जाना जाता है. भारत के सभी राज्यों में इसका उपयोग वैद्य अपने अपने ढंग से करते हैं.

### यहां उपलब्धता

झारखंड राज्य के नेतरहाट, गुमला, महुआडांड़, लातेहार, खूंटी, चतरा, हजारीबाग, रांची, सिमडेगा, धनबाद, जमशेदपुर इत्यादि जगहों पर मैंने इसे देखा है. अमूनन यह संपूर्ण झारखंड में पाया जाता है.

### जनवरी में परिपक्व होते फल

शीत ऋतु के आरंभ काल में लाल मखमली वर्ण के फूलों के गुच्छे लगने लगते हैं. दिसंबर-जनवरी में इनके फल परिपक्वता को प्राप्त कर लेते हैं और इनके फल में औषधीय गुणों से भरपूर हो जाते हैं और इन्हें तोड़कर इकट्ठा करने योग्य हो जाता है. लेकिन झारखंड में हम देखते हैं कि नवंबर में ही इसका दोहन कर बाजार में 300रु.-350रु. तक में ग्रामीण बेच देते हैं. जब झारखंड के इस औषधीय पौधा के फल की बिक्री व्यवस्था में विचार करते हैं तो हम पाते हैं कि इसका दोहन, बिक्री और आयुर्वेदिक कंपनी तक जाना सब गैर कानूनी है.





### यह उपयोगिता

उदररोग, कृमि में लाभदायक रहता है. फल का चूर्ण कृमि नाशक है. वायु नाशक गुण भी होते हैं. दीर्घ काल तक इसका सेवन नहीं करना चाहिए. मूत्रकर और मूत्रेचक है. इससे ही कबीला नामक एक रक्तवर्ण का चूर्ण प्राप्त होता है जिसे चर्मरोग में इस्तेमाल किया जाता है.

झारखंड में यह औषधीय पौधा विलुप्त होने के कगार पर है और अवैज्ञानिक दोहन का शिकार हो जाते हैं. इसके संरक्षण संवर्धन पर ध्यान देने की आवश्यकता है.

(तस्वीर : अनिल कुमार पाठक)

**(लेखक औषधीय पौधों की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार हैं)**

---

## डायबिटीज के लिए 3 हस्त मुद्राएं



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

*डायबिटीज एक लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्या है. योग करने से आपको अपने आध्यात्मिक गुणों का आभास होता है और साथ ही आप खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट कर सकते हैं. कुछ योगासन ऐसे होते हैं जो आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं लेकिन कुछ हाथ वाली मुद्राएं ऐसी होती हैं जिनको नियमित रूप से करने में आपको कई सारे लाइफस्टाइल डिसऑर्डर से छुटकारा मिलने में मदद हो सकती है.*

### आइए इन तीन मुद्राओं के बारे में चर्चा करें :

**सूर्य मुद्रा** यह मुद्रा आपके शरीर में अग्नि गुण को बढाती है और हीट जनरेट करने में मदद करती है. यह मुद्रा आपको डायबिटीज के साथ साथ ब्लड प्रेशर को मैनेज करने में भी मदद करती है क्योंकि यह आपके मेटाबॉलिज्म को सुधारने में काम आती है. शुरू में आपको वज्रासन में बैठना चाहिए. अपनी रिंग फिंगर के साथ अब अपने अंगूठे को छूने की कोशिश करें. इसे 5 मिनट के लिए रखें और 3 सेट करें.





**लिंग मुद्रा** मोटापा डायबिटीज का एक मुख्य कारण होता है और यह आसन दोनों को ही कम करने में मदद करता है. जितना ज्यादा आपका वजन बढ़ेगा उतना ही ज्यादा आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ता है. इस मुद्रा में आपको अपने हाथों की उंगलियों को एक दूसरे के बीच फंसाना होता है. इस आसन को जितना ज्यादा समय तक कर सकते हैं तब तक करें.

**प्राण मुद्रा** यह एक डिटॉक्सिफाइंग योग आसन है. इसको करने से आपको डायबिटीज में और साथ ही ब्लड प्रेशर में मदद मिलती है. इसे करने के लिए आप किसी भी बैठने वाली मुद्रा को चुन सकते हैं. इस मुद्रा में आपको दोनों हाथों की जरूरत होती है. अपनी इंडेक्स और मिडिल फिंगर को सीधी रखें. अपने अंगूठे की टिप को रिंग और छोटी उंगली के साथ छुएं. सूर्य मुद्रा जितनी बार हो सके रिपीट करें.



**जब आप ध्यान कर रहे हों तो मुद्रा आपको हमेशा बेहतर परिणाम देगी. हर मुद्रा को आप कम से कम 15 मिनट का अभ्यास करें..**

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### बिहार में 20 जनवरी तक ठंड से राहत नहीं

**पटना ।** मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक आगामी 20 जनवरी तक प्रदेश वासियों को ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है. वहीं बुधवार को 12 जिलों में बारिश के अलर्ट जारी किया गया है. घने कोहरे की वजह से राजधानी एक्सप्रेस 22 घंटे देरी से खुली. इसके अलावा चार फ्लाइटें रद्द कर दी गईं. जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई. बीते मंगलवार को पटना सहित 17 शहरों के न्यूनतम तापमान में आंशिक वृद्धि हुई. पटना समेत 22 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई.

### बच्चा चोरी मामले में आरोपी महिला पकड़ाई

**बेतिया ।** बेतिया में बच्चा चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर उसे सकुशल बरामद कर लिया है. 15 जनवरी की देर रात दो महिलाओं ने अस्पताल से बच्चे की चोरी की थी. पुलिस ने बच्चे को मोतिहारी के एक प्राइवेट हॉस्पिटल से बरामद किया है. बच्चा चोरी करने वाली महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बच्चा को उसकी मां को जीएमसीएच में जाकर सुपुर्द कर दिया गया है. बता दें कि मंगलवार की रात बेतिया जीएमसीएच अस्पताल से एक नवजात बच्चे की चोरी हो गई थी. दो दिन के नवजात बच्चे की चोरी से पूरे अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ था.

### 70 पुलिस पदाधिकारियों के वेतन पर लगी रोक

**सहरसा ।** एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने अपने विभाग में बड़ी कार्रवाई की है. एसपी ने निष्पादित किए गए कांडों में अंतिम प्रपत्र समर्पित नहीं करने और अनुसंधान में लापरवाही के लिए 70 पुलिस पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है. जिसके बाद पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप मचा है. एसपी ने पाया कि जून 2023 से नवंबर 23 तक पुलिस निरीक्षकों के द्वारा समर्पित मासिक प्रतिवेदन में निष्पादित दिखाए गए कांड का कार्यालय में संधारित अपराध अनुक्रमणी के द्वारा मिलान करने पर कुल 301 कांड निष्पादित होने के बाद भी अंतिम प्रपत्र नहीं दिया गया है.

# वाहो-वाहो गोबिंद सिंह जी के जयकारे से गूंजा पटना साहिब

- गुरुगोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश उत्सव
- देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने तख्त साहब में मत्था टेका
- राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री भी पहुंचे हरिमंदिर

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र/पटना**



सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 357वां त्रिदिवसीय प्रकाश उत्सव बुधवार को देर रात आतिशबाजी के साथ समाप्त हुआ. गुरु घर का आशीष लेने के लिए देश के विभिन्न भागों से आये लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने तख्त साहब में मत्था टेका. 15 से 17 जनवरी तक आयोजित गुरु पर्व को लेकर पटना साहिब का अर्धांश 'वाहो-वाहो गोबिंद सिंह जी' के जयकारे से गूंजता रहा. 18 जनवरी से यात्रियों का निकलना शुरू हिगा. पूर्व मध्य रेलवे ने 22 तक सभी ट्रेनों का ठहराव पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर करने का आदेश जारी किया है. गुरुजी की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर में बुधवार को आयोजित विशेष दीवान में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उत्पाद मंत्री सुनील कुमार सहित कई नेता पहुंचे जिन्हें सिखों के धार्मिक रित्यानुसार 'सिरोपा' भेंट किया गया. प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने उनकी आगवानी की. तख्त श्री हरिमंदिर के अलावा गुरुद्वारा बाललीला, गुरुद्वारा कंगन घाट, बड़ा गुरुद्वारा गाय घाट, गुरु का बाग सहित अन्य गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा.

तख्त श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक समिति, गुरुद्वारा बाललीला समिति और जिला प्रशासन के सौजन्य से कड़ाके की ठंड के बावजूद यात्रियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गयी थी. बड़े-बड़े धर्मशालाओं व गंगा नदी के किनारे कई टेंट हाउस का निर्माण किया गया. सभी स्थानों पर पंजाब, लुधियाना आदि स्थानों से आये भक्तों के सौजन्य से अहर्निश लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें लोगों ने प्रसाद छका. मंगलवार को बड़ा गुरुद्वारा गायघाट से श्री गुरुग्रंथ साहिब की भव्य शोभा यात्रा निकली जो देर रात तख्त साहब पहुंची. शोभा यात्रा के आगे-आगे पंज पंज प्यारे चल रहे थे. नाना प्रकार का करतब दिखाने वाले बालकों की टीम ने लोगों का मन मोह लिया.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

1. बिहार के किस स्थान पर प्रथम जैन सम्मेलन हुआ था? – राजगृह 2. बिहार के किस स्थान पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय अवस्थित है? – भागलपुर 3. बिहार के किस स्थान से उत्तर पाषाण काल के पुरातात्विक अवशेष मिले हैं? – चिरांद 4. बिहार के कुल कितने जिलों की सीमा नेपाल से लगती है? – 7(सात) 5. बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट करनेवाला कौनसा शासक था? – बख्तियार खिलजी 6. बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे? – श्रीकृष्ण सिंह 7. बिहार के प्रथम राज्यपाल कौन थे? – जयरामदयाल दौलतराम 8. बिहार के प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षा का माध्यम क्या था? – पालि 9. बिहार केकिस स्थान से पुरा पाषाण काल के अवशेष मिले हैं? – मुंगेर 10. बिहार क्षेत्र की चर्चा सबसे पहले किस साहित्यिक रचना में मिलती है? – शतपथ ब्राह्मण 11. बिहार भारत के किस भाग में स्थित है? – उत्तर-पूर्व
12. बिहार में उच्च न्यायालय कहां स्थित है? – पटना

### राजद एमएलसी ने सीएम नीतीश को दिखाया आईना, कहा-

# बिहार में नौकरी मॉडल के असली नायक तेजस्वी हैं

- 70 दिनों में चुनावी वादे के अनुरूप करोड़ों बच्चों के भविष्य संवारने के उद्देश्य से कुल 217000 बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दी

**संवाददाता ।पटना**

लोकसभा चुनाव की सीट शेयरिंग की फाइनल लिस्ट आने से पहले महागठबंधन के नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है. भाई वीरेंद्र के बाद अब राष्ट्रीय जनता दल के एमएलसी सुनील सिंह ने बिना नाम लिए सीएम नीतीश कुमार को आईना दिखाया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि कोई भी, कहीं भी, कुछ भी डींग हांक ले, लेकिन सच्चाई तो यही है कि बिहार में नौकरी मॉडल के असली नायक तेजस्वी प्रसाद यादव ही हैं. इन्होंने महज 70 दिनों में चुनावी वादे के अनुरूप करोड़ों बच्चों के भविष्य संवारने के उद्देश्य से कुल 217000 बेरोजगारों को सरकारी नौकरी प्रदत कर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है. सुनील सिंह ने आगे लिखा कि कहने का अभिप्राय यह है कि तेजस्वी यादव द्वारा किया गया वादा कोई चुनावी जुमला नहीं था.

**हमारी सरकार नौजवानों को रोजगार दे रही है :** दरअसल, मंगलवार को जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के करीबी विजय चौधरी ने मीडिया के बातचीत के दौरान कहा था कि हमारी सरकार बिहार में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है. हमलोग इसे अभियान के रूप में चला रहे हैं. केवल शिक्षा विभाग में ही दो लाख लोगों को नौकरी दी गई. वहीं इसके बाद मंगलवार शाम को ही नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में हर गरीब परिवार के सदस्यों को दो-दो लाख रुपये रोजगार के लिए देने के फैसले पर मुहर भी लगा दी गई.



### मैं अयोध्या नहीं जा रहा हूं : लालू प्रसाद

**पटना ।** बिहार में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाने या नहीं जाने को लेकर सियासी घमासान जारी है. इसी बीच राजद सुप्रीमो लालू यादव ने स्पष्ट कह दिया है कि वह अयोध्या नहीं जाएगा. पटना में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए लालू प्रसाद ने कहा कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जा रहे हैं. वहीं लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग के सवाल पर लालू प्रसाद ने कहा कि इतनी जल्दी सीट शेयरिंग हो जाती है क्या? सब हो रहा है. सभी दलों के बीच बातचीत हो रही है. जल्दी सब हो जाएगा.

### कब तक सीएम को तिलक लगेगा, बहुत लोग हैं बिहार में : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना ।** सांसद चिराग पासवान के पटना स्थित आवास पर बुधवार को दही-चूड़ा के भोज का आयोजन किया गया. इसमें एनडीए के लगभग नेता पहुंचे थे. इस मौके पर आरएलजेडी सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा भी पहुंचे थे. उपेंद्र कुशवाहा ने राबड़ी आवास पर हुए दही-चूड़ा भोज को लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि कब तक उनको तिलक लगता रहेगा? सियासी गलियारे में चर्चा है कि इस बार लालू के यहां जब नीतीश कुमार दही-चूड़ा खाने गए तो जो बात पहले को होती थी वह इस बार नहीं दिखी. लालू ने नीतीश कुमार को तिलक तक नहीं लगाया. इसी पर कुशवाहा ने अपनी प्रतिक्रिया दी. नीतीश कुमार को लेकर कहा कि अब उनको तिलक नहीं लगने वाला है. नीतीश कुमार को यह बात भूल जानी चाहिए. अब कितना दिन तक उनको तिलक लगता रहेगा? बिहार में बहुत लोग हैं, अब उनको तिलक लगेगा.

### औरंगाबाद पार्किंग विवाद में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 4 लोगों की हत्या मामले में 6 गिरफ्तार

**संवाददाता ।औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र में एक होटल के पास कार पार्किंग विवाद में चार लोगों की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. इस घटना से जुड़े छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दावा किया कि अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास कार पार्किंग को लेकर कार सवार एवं स्थानीय लोगों के बीच उत्पन्न विवाद के कारण चार लोगों की हत्या मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकी नबीनगर थाना में दर्ज की गई है. उन्होंने बताया कि मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है. घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन एफएसएल टीम द्वारा किया जा रहा है. इस मामले में एसपी ने बताया कि भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य अभियुक्तों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आलोक चौहान, सुजीत चौहान, मुकेश चौहान, सूरजलाल चौहान, दशरथ चौहान और दिनेश राम के रूप में की गई है.

बता दें कि सोमवार (15 जनवरी) को औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें से तीन पड़ोसी राज्य झारखंड के रहने वाले थे. कार में पांच लोग बैठे थे. कार सवार युवक ने गोली चला दी थी जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी. इसके बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कार सवार युवकों को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया था. इसमें से तीन युवकों की मौत हो गई थी.

### बगहा में डबल मर्डर से मचा हड़कंप

# अपराधियों ने हत्या कर मां और बेटी के शव को जलाया

**संवाददाता ।बगहा**

बगहा में डबल मर्डर की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है. पश्चिम चंपारण जिले के पटखौली थाना क्षेत्र में मां-बेटी की निर्मम हत्या कर शव को जला दिया गया. फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक पटखौली थाना क्षेत्र के सुखबन रोड स्थित बगीचा टोला में बंद घर से मां बेटी का शव मिला है. मृतका की पहचान शोभा देवी और उसकी बेटी खुशबू देवी के रूप में हुई है. दोनों महिलाओं की नृशंस हत्या कर शवों को जला दिया गया है बताया जाता है कि पटना रहकर पढ़ाई कर रहे मृतका के बेटे ने मां और बहन को फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला. जिसके बाद उसने अपने मामा को सूचना दी. जब उसके मामा घर पर पहुंचे तो घर के बाहर ताला लटक रहा था. इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी.

### वीरेंद्र की भाषा गले नहीं उतर रहा है : अशोक

**पटना ।** बिहार की राजनीति में इन दिनों आशीर्वाद की बात हो रही है. विधायक भाई वीरेंद्र ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर यह बयान दिया और इस पर सियासत जारी है. भाई वीरेंद्र के बयान पर कि लालू यादव के आशीर्वाद से नीतीश सीएम हैं इस पर जदयू ने पलटवार किया है. भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार के लोग नीतीश को विकास पुरुष बताता है. इन्होंने अपने शासन काल में जितना काम किया अभी तक कोई भी मुख्यमंत्री बिहार के लिए काम नहीं किया है. चौधरी ने कहा कि ये गलत बात है. भाई वीरेंद्र की भाषा हमलोगों के गले से कतई नीचे नहीं उतर रहा है.

## कारोबार

### नोवा एग्रीटेक का आईपीओ 22 को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** नोवा एग्रीटेक लिमिटेड ने अपने 144 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 39-41 रुपये प्रति शेयर तय किया है. कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी. कंपनी का आईपीओ 22 जनवरी को खुलकर 24 जनवरी को बंद होगा. आईपीओ के तहत 112 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा इसमें एक शेयरधारक नुतलापति वेंकट सुब्बाराव द्वारा 77.58 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी.

### हिंदुस्तान-228 विमान प्रदर्शित करेगी एचएएल

**हैदराबाद ।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अपने स्वदेश निर्मित हिंदुस्तान-228 विमान और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर ध्रुव को विंग्स इंडिया-2024 के दौरान प्रदर्शित करेगी. यह एक नागर विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी है जिसका आयोजन बेगमपेट हवाई अड्डे पर 18 से 21 तक किया जाएगा. एचएएल ने बयान में कहा कि इस आयोजन क दौरान ओईएम और ग्राहकों के साथ व्यावसायिक बैठकें आयोजित की जाएंगी. चेयरमैन सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि हम भारत में क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं.

### एचएसबीसी ने देश में सबसे बड़ी शाखा खोली

**नयी दिल्ली ।** एचएसबीसी इंडिया ने भारत में अपनी सबसे बड़ी शाखा खोलने की घोषणा की है. एचएसबीसी इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में स्थित यह शाखा 8,300 वर्ग फुट में फैली है. बैंक का इरादा क्षेत्र के समृद्ध लोगों को अपने साथ जोड़ने का है. यह एचएसबीसी इंडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि वह देश में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय बैंक के रूप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है. बेंगलुरु साउथ, जिसकी अब व्हाइटफील्ड से 'कनेक्टिविटी' काफी सुगम है, की प्रति व्यक्ति आय 11,305 अमेरिकी डॉलर (9,36,983 रुपये) है, जो देश में सबसे अधिक है.

### स्टॉर्टअप इकोसिस्टम डेवलप करने में गुजरात, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु सबसे आगे रहे हैं

# देश में तेजी से बढ़ रहे हैं स्टार्टअप्स की योजना

**भाषा ।नयी दिल्ली**




**बढ़े स्टार्टअप्स**

- डीपीआईआईटी की रैंकिंग में ये बात सामने आई
- केंद्र शासित प्रदेशों में हिमाचल प्रदेश पहले स्थान पर है

बेरोजगारी दूर करने के साथ ही उद्योग को बढ़ाने के लिहाज से स्टार्टअप को बेहतर माना जाता है. यह नये दौर की सोच है, जिसे दुनिया की हर सरकार बढ़ावा दे रही है. यही वजह है कि केंद्र सरकार भी इसे बढ़ावा देने में लगी है. इसका परिणाम है कि देश में अब तेजी से स्टार्टअप्स बढ़ रहे हैं. देश में चार राज्य ऐसे हैं जहां पर स्टार्टअप्स तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. ये राज्य स्टार्टअप्स के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं. डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में ये बात सामने आई है. डीपीआईआईटी के मुताबिक, देश में उभरते कारोबारियों के लिए स्टॉर्टअप इकोसिस्टम डेवलेप करने में गुजरात, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु सबसे आगे रहे हैं. डीपीआईआईटी ने इन राज्यों को स्टार्टअप्स के लिए सबसे बेहतर माहौल वाला माना है. छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हिमाचल प्रदेश पहले स्थान पर रहा है. डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड की ओर से इस रैंकिंग को कई कैटैगरी में बांटा गया है.

इसमें 90 से 100 फीसदी वाले राज्यों को बेस्ट परफार्मस, 39 से 49 फीसदी वाले राज्यों को एस्पाइरिंग लीडर्स और 30 फीसदी से कम वाले राज्यों को अंडर 30 पर्सेंनटाइल वाली कैटेगरी में बांटा गया है. डीपीआईआईटी ने गुजरात, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु को बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले ग्रुप में शामिल किया है. वहीं बिहार और हरियाणा एस्पाइरिंग लीडर्स वाली कैटेगरी में शामिल हैं. हालांकि पहले के कई मापदंडों पर इन्हें पिछड़ा माना जाता है. लेकिन ऐसा देखा गया है कि इन्होंने स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए कई कदम उठाए हैं. सरकारी अधिकारियों का कहना है कि इस रैंकिंग को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहिए. इसका उद्देश्य राज्यों को प्रोत्साहित करना है, जिससे वह और बेहतर प्रदर्शन करें और एक अच्छा स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करें. लगभग सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस दिशा में काम कर रहे हैं. यह रैंकिंग 25 बिंदुओं पर आधारित है, जिनमें संस्थागत समर्थन से लेकर फंडिंग सहायता और बाजार तक पहुंच शामिल है. इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं.

**स्टार्टअप का मुख्य उद्देश्य इनोवेशन को बढ़ावा देना है :** सात साल पहले 16 जनवरी 2016 को भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल स्टार्टअप इंडिया को लांच किया गया था. इस इनिशिएटिव का मुख्य उद्देश्य इनोवेशन को बढ़ावा देना, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के अलावा देश में उद्यमिता को एक नई गति देना था. पीएम मोदी ने स्टार्टअप इंडिया को विकास का सबसे तेज इंजन बताया था. प्रधानमंत्री ने कहा था कि स्टार्टअप विकास के ऐसे तेज इंजन हैं, जो नवाचार की शक्ति को प्रकट करते हैं. कई बड़ी कंपनियां स्टार्टअप से शुरू हुई हैं. वे उद्यम और साहस की भावना के साथ पैदा हुए और कड़ी मेहनत, दृढ़ता के कारण जीवित रहे. वही अब इनोवेशन के प्रतीक बन गए हैं. वहीं बेरोजगारी और ब्रेन ड्रेन का दंश झेल रहे देश में स्टार्टअप संजीवनी साबित हुई है. स्टार्टअप इंडिया इनिशिएटिव ने देश में नया उद्यमी क्लास पैदा किया है. यह पहल उद्यमियों को समर्थन देने के साथ मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है. भारत में अब नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं की बजाय नौकरी पैदा करने वाले युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है. वह अपनी सोच और इनोवेटिव आइडियाज से तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.

# गिरे निफ्टी बैंक व फाइनेंशियल 16 सौ अंक से ज्यादा लुढ़का सेंसेक्स

**एजेंसी ।मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को चारों खाने चित हो गया. बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों की रिकॉर्ड-तोड़ गिरावट ने बाजार की कमर तोड़ दी. सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को दोनों प्रमुख सूचकांकों बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 में भयानक गिरावट देखने को मिली. बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट का इशारा कर रहे थे. दोनों की शुरुआत करीब एक-एक फीसदी की गिरावट के साथ हुई थी. जैसे-जैसे दिन का कारोबार आगे बढ़ता गया, बाजार का नुकसान बढ़ता चला गया.

कारोबार बंद होने तक सेंसेक्स और निफ्टी का नुकसान 2.25 फीसदी तक पहुंच चुका था, जो घरेलू शेयर बाजार की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट में से एक है. सेंसेक्स एक दिन पहले 73,128.77 अंक पर रहा था. बुधवार को इसने कारोबार की शुरुआत बड़े नुकसान के साथ 71,998.93 अंक पर की. कारोबार समाप्त होने के बाद सेंसेक्स 1628.01 अंक यानी 2.23 फीसदी गिरकर 71,500.76 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,429 अंक तक गिरा. सेंसेक्स की कंपनियों में सिर्फ टेक शेयरों ने बाजार को कुछ सहारा दिया. एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 1.34 फीसदी मजबूत हुआ. इंफोसिस में 0.55 फीसदी, टेक महिंद्रा में 0.54 फीसदी और टीसीएस में 0.38 फीसदी की तेजी आई. दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा साढ़े आठ फीसदी टूट गया. टाटा स्टील में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई. कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 2.38 फीसदी से 3.66 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई.

### दावा

### टाटा पंच ईवी की शुरुआती कीमत है 10.99 लाख रुपये

# टाटा मोटर्स का इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच ईवी है दमदार

**भाषा ।नयी दिल्ली**



**इंतजार खत्म**

- टाटा पंच ईवी में वाटर प्रूफ बैटरी दी गई है
- इस पर 8 साल या 1,60,000 किमी की वारंटी है

लंबे इंतजार के बाद टाटा मोटर्स का इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच ईवी लॉन्च हो गया. इसकी शुरुआती कीमत 10.99 लाख रुपये है. इसका टॉप वैरिएंट 14.49 लाख रुपए में मिलेगा. स्टैंडर्ड पंच ईवी में 25 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक लगा है. इसमें 315 किमी की सर्टिफाइड रेंज का दावा किया गया है. लॉन्ग रेंज वैरिएंट में 35 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक है. इसमें 421 किमी रेंज का दावा किया गया है. ये ईवी 10 से 80% तक 56 मिनट में किसी भी 50 केडब्ल्यू के डीसी फास्ट चार्जर से चार्ज हो सकती है. इसमें वाटर प्रूफ बैटरी दी गई है, जिस पर 8 साल या 1,60,000 किमी की वारंटी है. टाटा का यह पहला प्रोडक्ट है जो एक्टी.इव आर्किटेक्चर पर बना है. कंपनी ने कार को 5 जनवरी को ऑफिशियली अनवील किया था. ये भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी है. टाटा पंच ईवी की बुकिंग पहले ही शुरू हो गई है. इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है. डिलीवरी 22 जनवरी से शुरू होगी. टाटा पंच ईवी को नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया गया है. इसका मुकाबला सिट्रोएन ईसी3 से होगा. कंपनी की मानें तो यह ईवी केवल 9.5 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी अधिकतम गति 140 किमी प्रति घंटे है.

ईवी में दो ई-ड्राइव ऑप्शन हैं, एक 120 बीएचपी, 190 एनएम टॉर्क वर्जन और एक 80 बीएचपी, 114 एनएम टॉर्क वर्जन है. टाटा पंच ईवी को दो वैरिएंट में उतारा गया हैं. यह स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज है. स्टैंडर्ड में 25केडब्ल्यूएच और लॉन्ग रेंज में 35केडब्ल्यूएच बैटरी पैक दिया गया है. स्टैंडर्ड में केवल 3.3केडब्ल्यू एसी चार्जर मिलता है, जबकि लॉन्ग रेंज में 7.2केडब्ल्यू एसी चार्जर के साथ 50केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जिंग भी मिलती है. वहीं स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है. इसे स्मार्ट, स्मार्ट , एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड . इसे 5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है. वहीं लॉन्ग रेंज में तीन ट्रिम मिलते हैं- एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड. इसमें 4 डुअल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं. इसके फ्रंट में फुल-विड्थ एलईडी लाइट बार और एक स्प्लिट हेडलैंप सेटअप दिया गया है.

### अडाणी समूह

# समाचार एजेंसी आईएएनएस का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में लिया

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी के समूह ने मीडिया क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लि का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है.

अडाणी समूह ने आईएएनएस में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है. समूह की ओर से शेयर बाजारों को भेजी गयी सूचना के अनुसार, अडानी समूह ने पिछले महीने आईएएनएस में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी. अब इस समाचार एजेंसी में समूह की हिस्सेदारी मतदान अधिकार के साथ 76 प्रतिशत हो गयी है. वहीं बिना मतदान अधिकार के उसकी हिस्सेदारी 99.26 प्रतिशत हो गयी है. समूह ने इस सौदे पर पांच करोड़ रुपये खर्च किये हैं.

**एएमएनएल ने आईएएनएस द्वारा जारी नये शेयर हासिल किये :** समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि ने कहा, 15 दिसंबर, 2023 की हमारी पिछली सूचना के क्रम में हम सूचित करना चाहेंगे कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड (एएमएनएल) ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है. एएमएनएल ने आईएएनएस द्वारा जारी नये शेयर हासिल किये हैं. इसमें कहा गया है कि शेयरों के आवंटन को आईएएनएस के बोर्ड ने 16 जनवरी, 2024 को हुई बैठक में मंजूरी दे दी थी.

**आईएएनएस की अधिकृत शेयर पूंजी 11 करोड़ रुपये है :** अडाणी समूह ने पिछले साल 15 दिसंबर को आईएएनएस में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी. इस सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया था.

आईएएनएस की अधिकृत शेयर पूंजी 11 करोड़ रुपये है. वित्त वर्ष 2022-23 में इसका राजस्व 11.86 करोड़ रुपये रहा था. अडाणी ने पिछले साल मार्च में क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया के अधिग्रहण के साथ मीडिया कारोबार में कदम रखा था.

## बेंगाबाद के खंडोली में जेबीकेएसएस का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# युवाओं की राजनीति में भागीदारी बहुत जरूरी है: जयराम महतो

संवाददाता। बेंगाबाद



झारखंडी भाषा ख़ातियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि झारखंड निर्माण की कल्पना को पूरा करने के लिए युवाओं की राजनीति में भागीदारी बहुत जरूरी है. युवाओं को सक्रिय रूप से आगे आना आकर आंदोलन का हिस्सा बनना होगा. उक्त बातें वह बुधवार को बेंगाबाद के खंडोली में आयोजित जेबीकेएसएस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य अलग होने के 23 साल बीत जाने के बाद भी राज्य की स्थिति नहीं बदली. स्थिति को बदलने के लिए अपनी आवाज़ को रांची एवं दिल्ली सदन तक पहुंचाना होगा. बदलाव के लिए सड़क से उठाकर युवाओं को सदन भेजने की तैयारी करनी होगी. जब तक परिवारवाद का सिलसिला चलता रहेगा झारखंड निर्माण की कल्पना पूरी नहीं हो सकती. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य के युवा बेरोजगार बैठे हैं और बाहरी लोगों को नौकरियां मिल रही हैं.

इस व्यवस्था को बदलना है. जेबीकेएसएस का आंदोलन झारखंड के सुनहरे भविष्य के लिए है और आने वाली पीढ़ियों के लिए है. इसलिए आंदोलन पर राजनीतिक पार्टियां नज़र बना कर रखे हुए है. इंडिया और एनडीए गठबंधन के लोग उन्हें दिल्ली भेजने का प्रलोभन दे रहे हैं मगर उन्हें झारखंड के युवाओं की लड़ाई लड़नी है. कहा कि आंदोलन से राज्य में बदलाव के संकेत दिख रहे हैं और यह पिछले 2 सालों के मेहनत का परिणाम है. उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आपको इस संघर्ष का हिस्सा बन कर हर गांव में एक जयराम बनाना होगा तब झारखंड राज्य का पुनर्निर्माण का सपना पूरा होगा. अपने संबोधन में उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया.

जयराम ने कहा कि हेमन्त सोरेन सत्ता के चक्कर में गुरु जी की बातों की अनदेखी कर रहे हैं. सम्मेलन के माध्यम से गिरीडीह जिला में जेबीकेएसएस संगठन विस्तार की रणनीति बनाई गई. जिला में संगठन विस्तार का प्रभार रोकी नवल को दिया गया. कार्यक्रम मेम राजदेश रतन, मनोज यादव,अर्जुन पंडित, शिवनाथ साव, संतोष यादव, रोकी नवल, मंजीत शर्मा समेत काफी संख्या में युवा उपस्थित थे.

### बोले महतो

- 23 साल बीतने के बाद भी राज्य की स्थिति नहीं बदली
- अपनी आवाज़ को रांची व दिल्ली तक पहुंचाना होगा
- राज्य में अब बदलाव के संकेत दिख रहे हैं

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानसंविधान सभा के झंडा समिति के अध्यक्ष थे – **जेबी कृपलानी**
- सबसे प्रबल अपचायक है – **लिथियम**
- राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है – **12 जनवरी**
- किस देश को सफ़ेद हाथियों का देश कहा जाता है – **थाईलैंड**
- सर्वाधिक रबर उत्पादन वाला राज्य – **केरल**
- पहला कंप्यूटर किसने बनाया था – **चार्ल्स वेवेज**
- विधुत बल्ब का फिलामेंट किसका बना होता है – **टंगस्टन**
- मुख्यमंत्री अपना त्यागपत्र किसे देता है – **राज्यपाल को**
- पृथ्वी के किस भाग पर जी का मान न्यूनतम होता है – **भूमध्य रेखा**
- विश्व में कौन सा तत्व सर्वाधिक पाया जाता है – **नाइट्रोजन**



## ब्रीफ खबरें

### डीआरएम पहुंचे गोड्डा स्टेशन, किया निरीक्षण

**गोड्डा।** मालदा रेल डिविजन के डीआरएम विकास चौबे बुधवार को गोड्डा रेलवे स्टेशन पहुंचे. गति शक्ति यूनिट एवं अन्य सीनियर अधिकारियों के दल को लेकर पहुंचे चौबे ने पूरे स्टेशन का घूम-घूम का निरीक्षण किया और विकास कार्यों के तहत चलाई जा रही योजनाओं का अद्धतन जानकारी लिया. इस मौके पर मीडिया द्वारा पूछे जाने पर चौबे ने बताया कि गोड्डा स्टेशन का विकास अमृत विकास योजना के तहत किया जाना है. जिसका कार्य जारी है. इसके तहत यहां एक्सीलेटर लगाया जाना है साथ ही एक और नए भवन का निर्माण कराया जाना है.

### उलगुलान सह मीडिया सम्मान समारोह 28 को होगा

**चांडिल।** ईचागढ प्रखंड के दियाडीह मोदीटोला पुरानडीह में 28 जनवरी को विस्थापित सम्मेलन न्यायालय उलगुलान सह मीडिया सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के द्वारा आयोजित सम्मेलन के दूसरे दिन 116 गांव के विस्थापित टुसू पर्व की शुरूआत की जाएगी. इसकी जानकारी अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया. उन्होंने कहा कि अबतक विस्थापितों ने मांगने का आंदोलन किया है, अब वक्त आ गया है छीनने का.

### अवैध माइनिंग हुई, तो होगी कार्रवाई: डीसी

**पाकुड़।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया. साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### जयदा मेला में पहले जैसी रौनक नहीं रही: हरेलाल

**चांडिल।** दो दशक पहले जयदा मेला मेला में टुसूओं की भरमार रहती थी, आज वह देखने को भी नहीं मिल रही है. मेला में ना कोई टुसू गीत गा रहे हैं और ना कहीं टुसू गीत बज रहा है. समय के साथ मेला का स्वरूप बदलता जा रहा है, जो परंपरा और हमारी समृद्ध संस्कृति के लिए अच्छी बात नहीं है. उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहीं. बता दें कि चांडिल प्रखंड के जयदा में आयोजित चार दिवसीय टुसू मेला में आजसू पार्टी की ओर से शिविर लगाया गया है.

### जरीडीह बाजार में कारसेवकों का हुआ

**बेरमो।** जरीडीह बाजार के झंडा चौक प्रांगण में बुधवार को श्रीराम कार सेवक अभिनंदन समिति की ओर से कारसेवकों का अभिनंदन किया गया. इस दौरान समिति द्वारा उपस्थित कारसेवकों को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कार्यों पर लिखी अपनी किताब विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रबंधक समिति के सदस्य जगन्नाथ शाही एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद विभाग कार्यवाह धीरेंद्र जी को भेंट की.

## प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

# जिप सदस्य बलवंत सिंह ने थामा भाजपा का दामन


लातेहार भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

**शुभम संदेश इंपैक्ट**



लातेहार। आशीष टैगोर

मनिका के जिला परिषद सदस्य सह झामुमो के जिला कार्यकारिणी सदस्य बलंबत सिंह ने आखिरकार भाजपा का दामन थाम लिया. रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के समक्ष उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. बलवंत सिंह के साथ पूर्व जिप सदस्य शिल्पा कुमारी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है. शिल्पा कुमारी भी झामुमो में थी. वह साल 2014 मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रह चुकी हैं और 5975 मत प्राप्त कर पांचवें नंबर पर थी. बता दें कि काफी समय से कयास लगाया जा रहा था कि दोनों भाजपा में जायेगें. इसे ले कर शुभम संदेश ने अपने 07 जनवरी के अंक में भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है शीर्षक से एक खबर प्रकाशित की थी.

**बढ़ सकती है मुसीबतें :** कयास यह लगाया जा रहा है कि बलवंत सिंह के भाजपा में शामिल होने से जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है. हालांकि जिस समय बलवंत सिंह रांची में भाजपा ज्वाइन कर रहे थे, उस समय जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह भी वहां मौजूद थे. लेकिन अंदरखाने से आ रही खबरें यह बता रही है कि मनिका में भाजपा की एक सेकेंड लाइन तैयार की जा रही है. यही जिला अध्यक्ष के लिए खतरे की घंटी है. हरिकृष्ण सिंह दो बार मनिका से विधायक रह चुके हैं. साल 2009 और 2014 में उन्होने मनिका विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी. हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया था. पार्टी ने रघुपाल सिंह को मनिका विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया था. रघुपाल सिंह चुनाव हार गये थे. कांग्रेस के रामचंद्र सिंह ने उन्हें हराया था. रामचंद्र सिंह को 74,000 एवं रघुपाल सिंह को 57,760 मत हासिल हुए थे. दो बार के सीटिंग एमएलए को टिकट नहीं दे कर भाजपा ने भूल की थी और उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा था. अब बलवंत सिंह के भाजपा ज्वाइन करने पर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है. कयास तो यह भी लगाया जा रहा है कि बलवंत सिंह मनिका से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं. जो लोग बलवंत सिंह का कैंपेन कर रहे हैं, उनकी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से करीबी है.

### खास बातें

- भाजपा की एक सेकेंड लाइन तैयार की जा रही है
- हरिकृष्ण सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है

### इस पर क्या कहते हैं झामुमो जिला अध्यक्ष

बलवंत सिंह के भाजपा ज्वाइन करने पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने शुभम संदेश से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के जाने से पार्टी कमजोर या मजबूत नहीं होती है. पार्टी अपने नीति व सिद्धांतों से मजबूत होती है. हालांकि बलवंत सिंह आज जिस मुकाम पर हैं, उसमें झामुमो का योगदान है. इससे वे कभी इंकार नहीं कर सकते. उनके झामुमो छोड़ कर जाने पर झामुमो को कोई नुकसान नहीं होगा. संगठन में लोगों के आने व जाने का क्रम लगा रहता है.

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भंडरा पुलिस अलर्ट

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना परिसर में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडरा थाना परिसर में थाना प्रभारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इस दौरान बैठक में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या शांति समिति के सदस्य और प्रबुद्धजन उपस्थित हुए और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया. इधर बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी गौतम कुमार ने समाज से जुड़ी बातों को चर्चा किया एवं क्षेत्र में आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण को बरकरार रखने की बात कही. थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि किसी तरह के अफवाह फैलाने वाले लोगों को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा.

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया जागरूकता अभियान

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किस्को थाना के समीप नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनवाईभी राजाराम तुरी एवं उर्मिला महतो के संयुक्त नेतृत्व में नेहरू युवा क्लब सेमरडीह के अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुन्ना उरांव, मुबारक अंसारी, संतोषी कुमारी के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया. उक्त कार्यक्रम में किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल होकर सड़क सुरक्षा अभियान को गति देने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया. इस दौरान यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर मोटरसाइकिल चालकों में माला पहनाकर स्वागत करते हुए जागरूक किया गया.

## न्यूज अपडेट

### डीसी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना

**पाकुड़।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उपायुक्त मृत्युंजय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरुकता अभियान कार्यक्रम जो की 15 जनवरी से आगामी 14 फरवरी तक का जिला पाकुड़ में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा. इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को रवाना किया गया. जो जिले के सभी प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आगामी 14 फरवरी तक भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा.



### विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी ने बुधवार को प्रखंड अंतर्गत खिदिरपुर स्थित कुमडा नदी में करोड़ो लागत की पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया एवं सितपहाडी सहित लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पांच सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया. विशेष प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा कुमड़ा नदी में 3.77 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है. जो हिरणपुर प्रखंड को पाकुड़ से जोड़ेगा. विधायक ने निर्माण स्थल का भी जायजा लिया.इसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के तहत आरईओ पथ से सितपहाडी मंझलाडीह रामपुर तक 2.6 किमी सड़क, प्राक्कलित राशि 1.56 करोड़ का शिलान्यास किया. वहीं विधायक समक्ष कई गांवों के लोग रूबरू हुए. विधायक ने बताया कि खिदिरपुर में निर्माण होने जा रहे पुल से लोगों को काफी लाभ मिलेगा.



### ग्रामीण चिकित्सक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं : डॉ झा

**पाकुड़।** बुधवार को शहर के मैरिज हॉल के समीप ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन की बैठक जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एसके झा, डब्लूएचओ अधिकारी सिरिश कुमार, एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अब्दुल जब्बार, गोड्डा के मो नासिर अख्तर मौजूद थे. बैठक को संबोधित करते हुए अतिथियों के द्वारा कई महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला गया. डॉ एसके झा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि ग्रामीण चिकित्सकों का संगठन जिला में कार्यरत है और निश्चित ही इससे स्वास्थ्य विभाग को काफी लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक निश्चित ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं.



### लोस चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण : अमरेश

**बोकारो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार इकाई के एक बैठक बुधवार को पुरनी बगियारी स्थित मंगलचंडी मंदिर परिसर में दुर्गापुर मुखिया अमरेश कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए अमरेश महतो ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि जयराम महतो अगर प्रत्याशी होते हैं तो उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए समिति के सारे पदाधिकारी व कार्यकर्ता जी जान से मेहनत करेंगे.



### कड़ाके की ठंड से चमगादड़-कौओं की मौत

**चरही।** कड़ाके की ठंड से ना सिर्फ आम लोग परेशान हैं, वरन इसका असर पक्षियों पर भी देखने को मिल रहा है. हजारीबाग जिले के चरही में ठंड से दर्जनों पक्षियों की मौत हो गयी है, जिनमें चमगादड़ और कौए शामिल हैं. बुधवार को सीसीएल हजारीबाग एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय परिसर के पास गार्डन में दर्जनों पक्षियां मृत पाए गए.

## 25 अफसरों का हुआ पदस्थापन विजय कुमार बने कांके के बीडीओ

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने विभाग को सेवा प्राप्त 25 अफसरों का पदस्थापन आदेश जारी किए हैं. विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. ये सभी अफसरों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुआ है. विजय कुमार को कांके बीडीओ के पद पर विभाग ने तैनात किया है.

- अदिति गुप्ता को बीडीओ नगर उंटारी
- सुमित कुमार को बीडीओ खूंटपानी
- सावित्री कुमारी को बीडीओ केतार
- अभिनव कुमार को बीडीओ डंडा
- आशीष साहू को बीडीओ छत्तरपुर
- भोला पांडेय को बीडीओ डोमचांच
- आशा साहु को बीडीओ उंटारी रोड
- विवेक कुमार को बीडीओ कुंदा
- अमृता सिंह , को बीडीओ पूर्वी टुण्डी
- विजय मंडल, को बीडीओ ठाकुरगंगटी
- सौरभ कुमार, को बीडीओ सतगावां
- रितीक कुमार, को बीडीओ गुदड़ी
- सौरभ कुमार, को बीडीओ रामगढ़
- गौरव कुमार राय को बीडीओ काठीकुंड
- विश्व प्रताप मालवा बीडीओ हैदरनगर
- अमित कुमार पासवान बीडीओ बड़गड़
- शशि सोरेन बीडीओ जारी
- सौरभ कुमार को बीडीओ सतगावां
- वरुण कुमार को बीडीओ तरहसी
- गौतम मोदी को बीडीओ नावाडीह
- अरुण मुंडा को बीडीओ पांकी
- नूतन मिंज को बीडीओ पाकड़टाड़
- आरती मुंडा को बीडीओ चाकुलिया
- संदीप कुमार को विश्रामपुर
- विजय कुमार को कांके

## बाबूलाल मरांडी ने की अपनी टीम की घोषणा

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपनी नयी टीम की घोषणा कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष बनने के करीब साढ़े 6 महीने बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी कार्यसमिति की घोषणा की है. बाबूलाल की नयी टीम में 44 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है. इनमें 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 मंत्री, दो कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी, 2 आईटी संयोजक, एक सोशल मीडिया प्रभारी और 9 प्रदेश प्रवक्ता रखे गये हैं. बाबूलाल की नई कार्यसमिति में अधिकांश पुराने चेहरे हैं, लेकिन कुछ नए नेताओं को भी जगह दी गई है.

**नयी कार्यसमिति में 23 नए नाम :** बाबूलाल मरांडी की नयी कार्यसमिति में 23 नये लोग शामिल किये गये हैं. इसमें पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, बडकुंवर गगराई, गणेश मिश्रा, रमाकांत महतो, दुर्गा मरांडी जैसे नाम शामिल हैं. प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय को प्रदेश महामंत्री पद से हटाकर प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर लाया गया है. उनकी जगह पर प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह प्रदेश महामंत्री बने हैं. बाकी के दो प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू और डॉ प्रदीप वर्मा यथावत हैं. 10 प्रदेश मंत्रियों में 9 नये नाम हैं.

### तीन पूर्व प्रवक्ताओं की छुट्टी

इस बार 7 की जगह 9 प्रदेश प्रवक्ता बनाये गये हैं. प्रदीप सिन्हा, अमित सिंह और सरोज सिंह की प्रवक्ता पद से छुट्टी हो गई है, जबकि प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षाड़ंगी और अविनेश कुमार दोबारा प्रवक्ता ने हैं. पूर्व आईपीएस अरुण उरांव, जेबी तुबीद, रमाकांत महतो, अमित मंडल और विनय सिंह भी नये प्रवक्ता बनाये गये हैं.

- **प्रदेश उपाध्यक्ष :** नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुईस मरांडी, बडकुंवर गगराई , अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर.
- **प्रदेश महामंत्री :** आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, कर्मवीर सिंह ( संगठन ).
- **प्रदेश मंत्री :** गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा, मनोज वाजपेयी, सीमा पासवान.
- **प्रदेश प्रवक्ता :** प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षाड़ंगी, रमाकांत महतो, अरुण उरांव, जेबी तुबीद, अमित मंडल, विनय सिंह, अविनेश कुमार.
- **प्रदेश कोषाध्यक्ष :** दीपक बंका, मनीष जायसवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री– हेमंत दास, प्रदेश मीडिया प्रभारी– शिवपूजन पाठक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी– योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदेश आईटी संयोजक– विवेक विकास, अमर झा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी– राहुल अवस्थी.

**अभियान**

## अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है

# खिलाड़ियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता। पाकुड़



अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है. इस दिन को देश में उत्सव की तरह मनाने की तैयारी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जनवरी से 22 जनवरी तक मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है. इस निमित्त जिला वॉलीबॉल संघ व भाजपा नगर के संयुक्त तत्वावधान में खिलाड़ियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं संघ के सचिव हिसाबी राय तथा भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह के नेतृत्व में पाकुड़ रेलवे स्टेशन स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर एवं रेलवे मैदान स्थित दुर्गा स्थान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया. स्वच्छता अभियान में कार्यक्रम प्रभारी एवं संघ के सह सचिव अनिकेत गोस्वामी सहित भाजपा के प्रदेश का समिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह, सामाजिक कार्यकर्ता राणा शुक्ला, भाजपा जिला मंत्री पार्वती पासवान, प्राची चौधरी, मुन्ना रविदास शामिल होकर मंदिरों की साफ सफाई की. स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह ने कहा कि 22 जनवरी को 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है.

### मंदिर में किया जाएगा भजन कीर्तन का आयोजन

अयोध्या में प्रभु श्री रामचंद्र भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों में साफ–सफाई व स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की है. वहीं, संकट मोचन महावीर मंदिर के व्यवस्था प्रमुख मोनी कुमार सिंह और चंदन व्यास ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है, इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं. इस अवसर पर पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में प्रात: से ही उत्सव मनाया जाएगा. मंदिर में दीपोत्सव सहित भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, भगवान श्री रामचन्द्र, माता सीता, भैया लक्ष्मण एवं संकट मोचन महावीर बजरंगबली की भव्य आरती किया जाएगा तथा रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा.समस्त पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर राममय और भक्तिमय में होगी. स्वच्छता अभियान में पिंका पटेल, अजीत मंडल, मनीष सिंह, जितेश रजक, रतुल डे, अंकित शर्मा, अभिषेक कुमार, कृष्ण कुमार अन्य खिलाड़ीगण शामिल हुए.

## सांसद समीर उरांव और सुदर्शन भगत ने चलाया सफाई अभियान

संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा

जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अखिलेश्वर धाम मंदिर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव एवं लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए.

इस दौरान राज्यसभा सांसद समीर उरांव एवं सांसद सुदर्शन भगत व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा अखिलेश्वर धाम परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया. मौके पर रास सांसद समीर उरांव एवं लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा मंदिर में बाबा भोलेनाथ के समक्ष मत्था टेककर पूजा अर्चना किया गया. मौके पर रास सांसद समीर उरांव एवं लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान भोलेनाथ के असीम कृपा लोहरदगा वासियों के प्रति हमेशा बना रहे.



**टेनिस टूर्नामेंट**

- गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया
- एलिसिया पार्क्स ने लेयला फर्नांडीज को 7-5, 6-4 से पराजित किया



कोको गॉफ का अगला मुकाबला एलिसिया पार्क्स से होगा

कोको गॉफ

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन : पहले सेट में पिछड़ने के बाद कोको गॉफ ने मैच में की शानदार वापसी**

# कोको गॉफ तीसरे दौर में, जाबेउर और वोज्नियाकी बाहर

भाषा । मेलबर्न

कोको गॉफ ने पहले सेट में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी बुधवार को यहां रूस की दो युवा खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गई. गॉफ ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया.

उनका अगला मुकाबला अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स से होगा, जिन्होंने 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया.

## 16 वर्षीय मीरा ने जाबेउर को सीधे सेटों में हराया



पिछले साल विंबलडन में उपविजेता रही जाबेउर ने दूसरे दौर के मैच में कई बेजा गलतियां की. उन्हें 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने 54 मिनट में 6-0, 6-2 से पराजित किया. एंड्रीवा पिछले साल जूनियर वर्ग के फाइनल में पहुंची थी. एंड्रीवा ने मैच के बाद कहा कि मैं मैच से पहले वास्तव में काफी नर्वस थी, क्योंकि ओन्स जिस तरह से खेलती हैं उससे मैं प्रेरणा लेती हूं. डब्ल्यूटीए टूर में खेलने से पहले ही मैं उसके मैच देखा करती थी और अब मुझे उसके खिलाफ खेलने का मौका मिला. यह लगातार दूसरा मौका है जब जाबेउर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई.

## 2018 की चैंपियन वोज्नियाकी को टोमाफीवा ने हराया

इस टूर्नामेंट में 2018 में चैंपियन बनने वाली वोज्नियाकी को 20 वर्षीय मारिया टोमाफीवा ने 1-6, 6-4, 6-1 से हराया. टोमाफीवा पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही है. दो बच्चों की मां वोज्नियाकी ने पिछले साल डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की थी. महिला वर्ग के अन्य मैचों में दसवीं वरीयता प्राप्त बीट्रिज़ हद्दाद माइया ने पिछले साल की जूनियर चैंपियन एलिना कोर्निवा को 6-1, 6-2 से हराया, जबकि अमांडा अनिसिमोवा ने सात महीने के मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक के बाद नादिया पोडोरोस्का पर 6-2, 6-3 से जीत के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा.

## जेस्प डी जोंग से जीते सिनर



पुरुष वर्ग में मार्गरेट कोर्ट एरेना में खेले गए मैच में चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने जेस्पर डी जोंग को 6-2, 6-2, 6-2 से हराया. ऑस्ट्रेलिया के 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-0, 6-3 से पराजित किया. डी मिनौर का अगला मुकाबला इटली के क्वालीफायर फ्लेवियो कोबोली से होगा जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5, 6-3, 5-7, 6-2 से हराया. पुरुष वर्ग से तीसरे दौर में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज भी शामिल हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### पहली तटस्थ महिला अंपायर होंगी रेडफर्न

**दुबई ।** इंग्लैंड की सू रेडफर्न आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर होंगी. सभी आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है. आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दौरान सात तटस्थ महिला अंपायर होंगी जिनका मैच के दिन का भुगतान आईसीसी के एलीट पैनल अंपायरों के समान ही होगा.

### सुपर कप: एफसी गोवा ने दर्ज की दूसरी जीत

**भुवनेश्वर ।** ब्रिसन फर्नांडिज के इंजुरी टाइम में किये गये गोल की बदौलत एफसी गोवा ने बुधवार को यहां सुपर कप के ग्रुप डी मैच में बेंगलुरु एफसी को 1-0 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत हासिल की. इस हार से पिछले सत्र के फाइनल में पहुंची बेंगलुरु की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है जबकि एफसी गोवा दो मैच में छह अंक से तालिका में मजबूत स्थिति में है. गोवा के लिए इंजुरी टाइम में फर्नांडिज ने 90 4वें मिनट में मोहम्मद नेमिल के क्रास को हेडर से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी जबकि बेंगलुरु का कप का सपना टूट गया.

### गोल्फ : अवनी प्रशांत शीर्ष 10 में बरकरार

**मेलबर्न ।** भारत की उभरती गोल्फर अवनी प्रशांत ने बुधवार को यहां दूसरे दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा. भारत की एक अन्य खिलाड़ी हिना कांग ने हालांकि सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला और वह कट से चूक गई. लड़कों के वर्ग में वरुण मुथप्पा कीजबोरो कोर्स में कुल पांच ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे. उन्होंने दूसरे दिन एक ओवर 73 का स्कोर किया.

**बैडमिंटन : इंडिया ओपन में भारतीय जोड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक**

# अश्विनी-तनीषा पहले दौर में हारीं

भाषा । नयी दिल्ली

अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और युवा तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी को बुधवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के पहले दौर के कड़े मुकाबले में जोंगकोलफान किटिथराकुल और राविंडा प्राजोंजाई की थाईलैंड की जोड़ी से शिकस्त झेलनी पड़ी. अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान और राविंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा. अश्विनी और तनीषा की जोड़ी शुरुआत में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आई. दोनों ने कई शॉट बाहर मारे और नेट पर उलझाए. उनके पास थाईलैंड की जोड़ी के तेजतर्रार खेल का कोई जवाब नहीं था. मैच आगे बढ़ने के साथ भारतीय जोड़ी लय हासिल करने में सफल रही लेकिन लगातार गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा. अश्विनी ने मैच के बाद कहा कि हमने मुकाबले में काफी गलतियां की. इस स्तर पर आप इस तरह गलतियां नहीं कर सकते. हमने लय में आने में भी समय लिया और कई शॉट नेट पर और बाहर मारे.



- थाईलैंड की जोड़ी से हारी अश्विनी व तनीषा की जोड़ी
- 5-21, 21-18, 11-21 से हारी भारतीय जोड़ी

### मैच में अश्विनी व तनीषा की शुरुआत बेहद खराब रही

अश्विनी और तनीषा की शुरुआत बेहद खराब रही. दोनों ने शुरुआत में दिशाहीन शॉट मारे जिससे जोंगकोलफान और राविंडा की जोड़ी ने जल्द ही 8-0 की बड़ी बढ़त बना ली. थाईलैंड की खिलाड़ी ने बाहर शॉट मारकर भारतीय जोड़ी के अंकों का खाता खोला लेकिन ब्रेक तक जोंगकोलफान और राविंडा 11-4 की बढ़त बनाने में सफल रहे. भारतीय जोड़ी ने ब्रेक के बाद भी गलतियों का सिलसिला जारी रखा जिससे जोंगकोलफान और राविंडा ने 15-5 के स्कोर पर लगातार छह अंक के साथ सिर्फ 16 मिनट में पहला गेम जीत लिया.

### दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने की वापसी

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर शुरुआत की और स्मैश से कुछ अच्छे अंक जुटाए। अश्विनी और तनीषा हालांकि गलतियों पर लगाम कसने में नाकाम रहे जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। भारतीय जोड़ी हालांकि इसके बावजूद ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में सफल रही. थाईलैंड की जोड़ी वापसी करते हुए 13-13 और फिर 15-15 के स्कोर पर बराबरी हासिल करने में सफल रही. भारतीय जोड़ी ने 18-16 की बढ़त हासिल की और फिर 20-17 के स्कोर पर तीन गेम प्वाइंट हासिल किए. जोंगकोलफान और राविंडा ने एक गेम प्वाइंट बचाया लेकिन फिर शॉट बाहर मार बैठी जिससे भारतीय जोड़ी ने गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया. तीसरे गेम में थाईलैंड की जोड़ी फिर हावी रही और उसने लगातार सात अंक के साथ 7-1 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-2 से आगे थी। थाईलैंड की जोड़ी को इसके बाद गेम और मैच जीतने में अधिक परेशानी नहीं हुई.

**टाटा स्टील शतरंज प्रतियोगिता**

# प्रज्ञाननंदा ने विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को पराजित किया

भाषा । विज्क आन जी (नीदरलैंड)

भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञाननंदा ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया जिससे वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए. मंगलवार की रात को दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है. विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था प्रत्येक महीने के शुरू में रेटिंग जारी करती है. प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की. वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया. प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था. प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा कि यह बहुत अच्छा एहसास है.

प्रज्ञाननंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं. यह ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है. उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था. मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं. उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया. अलीरेजा फिरोजा के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं. भारत के एक अन्य खिलाड़ी विदित गुजराती ने जॉर्डन वान फॉरीस्ट के साथ बाजी ड्रॉ कराई. गुजराती के चार दौर के बाद दो अंक हैं.



- प्रज्ञाननंदा ने दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ा
- भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बने प्रज्ञाननंदा

# अक्षर व यशस्वी शीर्ष 10 में

**आईसीसी टी-20 रैंकिंग**

भाषा । दुबई

अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गयी श्रृंखला के शुरूआती दो मैच में प्रदर्शन की बदौलत भारत के बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गये जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे. भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में पहले दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में समान छह विकेट से जीत हासिल की जिसमें पटेल ने 23 रन देकर दो और 16 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये. इससे वह ऑल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में दो पायदान के उछाल से 16वें स्थान पर पहुंच गये. जायसवाल ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 34 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी जिससे उन्हें सात पायदान का फायदा हुआ और वह भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गये.

वहीं बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दूबे लगातार 60 और 63 रन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 265वें स्थान से उछलकर 58वें स्थान पर काबिज हो गये.

बल्लेबाज शुभमन गिल सात पायदान के लाभ से 60वें स्थान जबकि बायें हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा तीन पायदान के फायदे से संयुक्त 61वें स्थान पर बने हुए हैं. बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चार पायदान के उछाल से 21वें स्थान पर पहुंच गये.



**खास बातें**

- 5वें स्थान के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे अक्षर
- छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे यशस्वी जायसवाल

**टी-20 क्रिकेट : न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान को हराकर श्रृंखला जीती**

# फिन एलेन ने जड़े रिकॉर्ड 16 छक्के

**टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों के मामले में एलेन ने की जजई की बराबरी**

भाषा । डुनेडिन (न्यूजीलैंड)

फिन एलेन ने 62 गेंदों पर रिकॉर्ड 16 छक्कों की मदद से 137 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 45 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बनाई.

एलेन ने किसी एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारी में 16 छक्के लगाने के अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की. उन्होंने इस बीच टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वोच्च स्कोर का नया रिकॉर्ड बनाया. इससे पहले का रिकॉर्ड ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर था जिन्होंने 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन की पारी खेली थी. हजरतुल्लाह ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों में 162 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया था. एलेन की धुआंधार पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर 7 विकेट पर 224 रन बनाए. एलेन के अलावा टिम सीफर्ट (31) और ग्लेन फिलिप्स (19) ही दोहरे अंक में पहुंचे. पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 7 विकेट पर 179 रन ही बना पाई.

पाकिस्तान पहले दो मैच में भी लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रहा था. उसे पहले मैच में 46 रन और दूसरे मैच में 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था. पाकिस्तान के लिए यही अच्छी बात रही कि बाबर आजम ने श्रृंखला में लगातार तीसरा अर्धशतक जमाया. उन्होंने 58 रन बनाए और वह 16वें ओवर में पवेलियन लौटे.



- **45** रनों से न्यूजीलैंड की टीम जीती
- **05** मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड 3-0 से आगे
- **137** रन बनाए फिन एलेन ने 62 गेंदों में

**फुटबॉल** **एशिया कप के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार को भुलाना चाहेगा भारत**

# उज्बेकिस्तान और भारतीय टीम के बीच आज होगा मुकाबला

भाषा । अल रेयान (कतर)

अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम गुरुवार को यहां एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान का सामना करेगी और उसका लक्ष्य पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना होगा. भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक सफलता हासिल नहीं करने दी थी, लेकिन आखिर में भारत को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा. ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी. भारतीय रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे. उज्बेकिस्तान ने अपना पहला मैच सीरिया के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला था. भारत विश्व रैंकिंग में 102वें जबकि उजबेकिस्तान 68वें नंबर पर है.

**खास बातें**

- उज्बेकिस्तान ने अपने पहले मैच में सीरिया को ड्रॉ पर रोका था
- पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से 2-0 से हारी थी भारतीय टीम



### उज्बेकिस्तान को कड़ी चुनौती देने के लिए भारत तैयार : छेत्री

छेत्री ने हालांकि कहा कि उज्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है और भारत उसे कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि उज़्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है लेकिन वह एक अच्छी टीम है इसलिए हमारे सामने इस मैच में भी बड़ी चुनौती होगी. उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत को जवाबी हमले करने पर ध्यान देना होगा. छेत्री, मनवीर सिंह जैसे अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों को जो भी मौका मिले उसका फायदा उठाना होगा. रक्षापंक्ति में संदेश झिंगन की भूमिका अहम होगी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने शानदार खेल दिखाया था.

### भारत के खिलाफ उज्बेकिस्तान का पलड़ा भारी

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच अभी तक कुल आठ मैच खेले गए हैं. भारत ने इनमें से केवल एक मैच जीता है. उज्बेकिस्तान ने पांच मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ रहे. इन दोनों टीम के बीच आखिरी मैच 2001 में कुआलालंपुर में मर्डेका कप में खेला गया था, जिसमें उज्बेकिस्तान की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की थी. पिछले छह मैच में भारत से नहीं हारा है उज्बेकिस्तान.

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज की टीम को 188 रन पर समेटा

- ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में दो विकेट 59 रन बनाए
- कमिंस व हेजलवुड ने चटकाए चार-चार विकेट

भाषा । एडिलेड

कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के चार-चार विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन पहली पारी में 188 रन पर ढेर कर दिया. ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 59 रन बनाए थे. वह अभी वेस्टइंडीज से 129 रन पीछे है. डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद पारी का आगाज करने के लिए उतरे स्टीव स्मिथ (12) अपनी नई भूमिका में सफल नहीं रहे. उन्होंने शेमार जोसेफ की गेंद पर तीसरी स्लिप में कैच दिया. जोसेफ ने इस तरह से टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने का कारनामा किया. इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन (10) को भी पवेलियन भेजा. उन्होंने अब तक 18 रन देकर दो विकेट लिए हैं. स्टंप उखड़ने के समय उस्मान ख्वाजा 30 और कैमरन ग्रीन छह रन पर खेल रहे थे. ग्रीन पिछले साल जून में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेल रहे हैं. पाकिस्तान के खिलाफ पिछली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की 3-0 से जीत में 19 विकेट लेने वाले कमिंस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 रन देकर चार विकेट लिए. हेजलवुड ने 44 रन देकर चार विकेट हासिल किये.









# पीएम ने 'त्रिप्रयार श्रीराम स्वामी मंदिर' में की पूजा-अर्चना

**त्रिशूर (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर जिले में विख्यात 'त्रिप्रयार श्री राम स्वामी मंदिर' में पूजा-अर्चना की. प्रधानमंत्री पास के गुरुवायूर में भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी की बेटी के विवाह समारोह में भाग लेने के बाद वहां पहुंचे. उन्होंने करुवन्नूर नदी यानी थेवरा नदी के तट पर स्थित श्री राम स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. प्रधानमंत्री गुरुवायूर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद सुबह करीब पौने 10 बजे हैलीकॉप्टर से वलपद पहुंचे और इसके बाद कुछ किलोमीटर दूर त्रिप्रयार मंदिर के लिए रवाना हुए. वलपद हेलीपैड और मंदिर पहुंचने के रास्ते पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता सुबह से ही प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए एकत्रित हुए थे. मंदिर जाने के दौरान सड़क के दोनों ओर एकत्रित लोगों ने उनकी कार पर फूल बरसाए और भाजपा के झंडे लहराते हुए उनका नाम ले लेकर नारे लगाए. वहीं, सड़क के दोनों ओर के रास्ते को पताकाओं से सजाया गया था. प्रधानमंत्री पूजा के दौरान पारंपरिक परिधान 'मुंडु' (धोती) और 'वेष्टि' (सफेद शॉल) धारण किए हुए थे. उन्होंने मंदिर परिसर में 'वेद अर्चना' कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों द्वारा गाये गये भजन भी सुने.

## ब्रीफ खबरें

### केजरीवाल आज से गोवा के दौरे पर

**पणजी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 18 जनवरी से गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे. 'आप' की प्रदेश इकाई के प्रमुख अमित पालेकर ने बुधवार को बताया कि केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और सांसद राघव चड्ढा तथा संदीप पाठक के साथ 18 से 20 जनवरी तक यहां रहेंगे. पालेकर ने कहा कि आप के वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव से पहले अपनी दौरे में पार्टी विधायकों और पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे.

### भारत में कोविड के 269 नए मामले, 3 की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 269 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,556 रह गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से तीन लोगों की मौत हो गई जिसमें दो मरीज महाराष्ट्र और एक केरल का है. दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी.

### हत्या के आरोप में एक महिला गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने भुवनेश्वर में एक होटल व्यवसायी की कथित तौर पर हत्या करने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है. भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रतीक सिंह ने मंगलवार को बताया कि आरोपी महिला की पहचान सुनकी राणा उर्फ सोनी के रूप में हुई है, जिसे होटल व्यवसायी विश्वजीत नायक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. डीसीपी ने बताया कि कुछ दिन पहले नायक हीरापुर गांव में अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया था.

### 18 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका ने किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उसकी समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने पर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली. भारतीय मछुआरों को कथित तौर पर श्रीलंका की जलसीमा में मछली पकड़ने की वजह से गिरफ्तार करने की यह तीसरी घटना है. श्रीलंका की नौसेना ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तरपूर्व में मन्नार तट से सटे समुद्री क्षेत्र में मंगलवार को इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली गई हैं.

### बीटीआर में फिर एक बाघ मृत पाया गया

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य (बीटीआर) में एक युवा बाघ मृत पाया गया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों का कहना है कि संभवतः किसी वयस्क बाघ ने इसे मार गिराया. बीटीआर में एक सप्ताह के भीतर बाघ की मौत की यह दूसरी घटना है. वन रेंजर विजय शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि 12 से 18 माह की उम्र के बाघ का शव मंगलवार को धमोखर रेंज में एक खाई में मिला.

### आतंकवाद के लिए पाकिस्तान की धरती इस्तेमाल कर रहा है 'जैश-अल-अदल'

# ईरान ने पाकिस्तान पर दागे मिसाइल

**भाषा। लाहौर**

पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में एक सुन्नी आतंकी संगठन से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने पर ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है. ईरान के इन हमलों में दो बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. ईरानी मीडिया ने बताया कि पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मंगलवार को मिसाइलों से निशाना बनाया. यह कार्रवाई रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा इराक और सीरिया में किए गए हमलों के एक दिन बाद की गई. पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की कड़ी निंदा करते हुए ईरान के प्रभारी राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया.

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि ईरान का यह कृत्य उसके हवाई क्षेत्र का अकारण उल्लंघन है. पश्चिम एशिया में हमास और इजराइल के युद्ध के कारण पहले से ही स्थिति तनावपूर्ण है, ऐसे में ईरान के इन हमलों ने चिंता और बढ़ा दी है. ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि पाकिस्तान में जैश-अल-धुल्म (जैश-अल-अदल) आतंकवादी समूह के दो प्रमुख ठिकानों को विशेष रूप से लक्षित किया गया और सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया गया.

**हमलों को लेकर चुप्पी साधे स्थानीय अधिकारी :** पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने हालांकि हमले वाले स्थान का उल्लेख नहीं किया लेकिन संदेह है कि ये ठिकाने बलूचिस्तान प्रांत के पंजगुर में थे. पंजगुर में स्थानीय अधिकारी हमलों को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं. कुछ लोगों ने माना कि मिसाइल हमलों में एक मस्जिद को भी निशाना बनाया गया जिससे इसे आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा और कुछ आम लोग घायल हो गए.



### पाक ने की ईरान की निंदा, कहा संप्रभुता का हुआ उल्लंघन

ईरान ने बार-बार चेतावनी दी है कि जैश-अल-अदल आतंकवादी समूह उसके सुरक्षाबलों पर हमले करने के लिए पाकिस्तान की भूमि का इस्तेमाल कर रहा है और बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में इसके ठिकाने हैं. पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता के उल्लंघन का कड़ा विरोध करता है. यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं. इसने बयान में कहा कि ईरानी विदेश मंत्रालय के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष इसे लेकर पहले ही कड़ा विरोध दर्ज कराया जा चुका है. इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान की संप्रभुता के इस घोर उल्लंघन की कड़ी निंदा से अवगत कराने के लिए ईरान के प्रभारी राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया है और इसके परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी.

### बौखलाया पाक

- ईरान के हमलों में दो बच्चों की मौत, तीन घायल
- पाक ने कहा, ईरान के हमलों ने चिंता और बढ़ा दी है

### जैश अल-अदल एक सुन्नी आतंकवादी समूह

जैश अल-अदल या 'आर्मी ऑफ जस्टिस' 2012 में स्थापित एक सुन्नी आतंकवादी समूह है जो पाकिस्तान में पैर जमाए हुए है. ईरान ने सीमावर्ती इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है, लेकिन पाकिस्तान पर ईरान का मिसाइल और ड्रोन हमला अभूतपूर्व है. अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय के अनुसार, जैश-अल-अदल सिस्तान-बलूचिस्तान में "सबसे सक्रिय और प्रभावशाली" सुन्नी आतंकवादी समूह है. ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी के अनुसार, पिछले महीने, दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में एक थाने पर रात में हुए हमले में कम से कम 11 ईरानी पुलिस अधिकारी मारे गए थे. उन्होंने इस घटना के लिए जैश अल-अदल को जिम्मेदार बताया. उन्होंने दावा किया कि जैश के आतंकवादी पंजगुर के पास पाकिस्तान की ओर से सिस्तान में दाखिल हुए थे.

### आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा है

विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा कहा है कि आतंकवाद क्षेत्र के सभी देशों के लिए एक आम खतरा है जिसके लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है. ऐसे एकतरफा कृत्य अच्छे पड़ोसी संबंधों के अनुरूप नहीं हैं और द्विपक्षीय विश्वास को गंभीर रूप से कमजोर कर सकते हैं.

### यह एक अवैध कार्रवाई

हमले को लेकर इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि पाकिस्तान और ईरान के बीच बातचीत के कई स्थापित माध्यमों के बावजूद यह अवैध कार्रवाई हुई. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, ये हमले उस दिन हुए जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अवसर पर ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात की. इसमें कहा गया कि ईरानी राष्ट्रपति के अफगानिस्तान मामलों के सलाहकार भी हाल में इस्लामाबाद में थे.

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव घोषणापत्र के लिए सुझाव मांगे

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने एक वेबसाइट और ई-मेल आईडी जारी कर इस साल के लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं. पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने आज बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी अपने घोषणापत्र के लिए संवाद कर रही है तथा लोगों से सुझाव मांग रही है. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का यह घोषणापत्र जन घोषणापत्र होगा. यह कवायद लोगों से सुझाव प्राप्त करने के लिए है. यह जन घोषणापत्र होगा. ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास अभी जो कुछ हफ्ते बचे हैं, उनमें यथासंभव सुझाव लिये जायें. चिदंबरम ने कहा, हम घोषणापत्र बनाने में लोगों को शामिल करना चाहते हैं. हमें आशा है कि सभी तबकों के लोग अपनी राय देंगे. हम आपसे अपील करते हैं और आपको निमंत्रण देते हैं कि आप जो सुझाव इस घोषणापत्र में शामिल कराना चाहते हैं, वे दें, ताकि यह जन घोषणापत्र बने. पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा कि हर राज्य में कम से कम एक संवाद कार्यक्रम होगा.

### खास बातें

- वेबसाइट और ईमेल आईडी भी जारी की
- कांग्रेस का यह घोषणापत्र जन घोषणापत्र होगा

# ओडिशा में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है : धर्मेंद्र प्रधान

**भाषा। भुवनेश्वर**

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा की बीजू जनता दल (बीजद) सरकार को अहंकारी बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो गया है और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है. प्रधान ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय में एक बैठक के दौरान यह बात कही. केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सत्तारूढ़ बीजद के नेता बहुत अहंकारी हैं और लोग उन्हें अगले चुनाव में सबक सिखाएंगे. हालांकि, प्रधान के आरोपों को बीजद नेता प्रणव प्रकाश दास ने खारिज कर दिया. दास ने उन पर राज्य और अपने गृह जिले अंगुल के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया. उन्होंने केंद्रीय मंत्री के गृह जिले अंगुल से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की खराब सड़कों का जिक्र किया. प्रधान ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ बीजद के नेता कालाहांडी जिले में एक शिक्षिका के शोषण और हत्या में शामिल हैं. इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी की जेल के अंदर हत्या कर दी गई.

### कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर किया हमला, आईआरबी का एक जवान शहीद

# मणिपुर में उग्रवादियों के साथ पुलिस की मुठभेड़

**भाषा। इंफाल**

मणिपुर के तेंगनोउपल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के एक वाहन पर बुधवार को हमला कर दिया जिसमें राज्य पुलिस का एक कर्मी शहीद हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मोरेह में राज्य पुलिस कमांडो के रूप में तैनात भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के जवान वांगखेम सोमोरजीत के रूप में की गई है. सोमोरजीत इम्फाल वेस्ट जिले के मालोम के रहने वाले थे. पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों की बुधवार सुबह मोरेह शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई. उसने बताया कि उग्रवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षा बलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की. उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो चौकी पर आरपीजी गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. पुलिस ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में सीमावर्ती शहर में राज्य बलों द्वारा दो संदिग्धों को गिरफ्तार किए जाने के 48 घंटे बाद संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर गोलीबारी की. इससे पहले, मणिपुर सरकार ने तेंगनोउपल में शांति भंग होने, सार्वजनिक सद्भाव बिगड़ने और मानव जीवन एवं संपत्ति को गंभीर खतरे की आशंका संबंधी जानकारी मिलने के बाद 16 जनवरी को देर रात 12 बजे से पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया था.



### हथियार लूट मामले में सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने मई 2023 में मणिपुर पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के मामले में बुधवार को पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया. सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष दायर किया गया. संघीय एजेंसी ने पिछले साल जून में मणिपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया था. सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला चार मई, 2023 को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) पांगेई परिसर में भीड़ के हमले से जुड़ा है.

### अदालत ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश

# रैलियों में नफरत भरे भाषण न दिए जाएं

**भाषा। नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के यवतमाल और छत्तीसगढ़ के रायपुर के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का बुधवार को निर्देश दिया कि उनके अधिकार क्षेत्रों में अगले सप्ताह होने वाली एक हिंदू संगठन और भाजपा विधायक टी राजा सिंह की रैलियों के दौरान कोई नफरत भरा भाषण न दिया जाए. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्धारित रैलियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि जिन पक्षकारों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने के आरोप लगाए गए हैं, वे अदालत के समक्ष नहीं हैं. पीठ ने दोनों जिलों के जिला मजिस्ट्रेट और एसपी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैलियों के स्थल पर रिकॉर्डिंग सुविधाओं के साथ सीसीटीवी कैमरे लगे हों, ताकि यदि कोई नफरत फैलाने वाले भाषण देता है तो उसकी पहचान की जा सके. पीठ ने शाहीन अब्दुल्ला की लंबित याचिका से जुड़ी एक अर्जी पर यह आदेश दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के कई मामले सामने आए हैं.

### खास बातें

- रैलियां 19 से 25 जनवरी तक निर्धारित हैं
- नफरत फैलाने वाले भाषणों के कई मामले सामने आए हैं

**रायपुर में होने वाली है रैली :** अर्जी में कहा गया है कि यवतमाल जिले में 18 जनवरी को हिंदू जनजागृति समिति की रैली होने वाली है और इसमें नफरत भरे भाषण दिए जाने की आशंका है. इसमें कहा गया है कि रायपुर जिले में सिंह की रैलियां 19 से 25 जनवरी तक निर्धारित हैं और इनमें भी नफरत भरे भाषण दिए जाने की आशंका है. याचिकाकर्ता ने रैलियां आयोजित करने के लिए दी गई अनुमति को रद्द किए जाने का अनुरोध किया, जिसे पीठ ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए इस अदालत ने इस संबंध में पहले से ही दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं.

**अध्ययन** लंबे समय तक शराब के सेवन से शरीर के कई अंग क्षतिग्रस्त हो सकते हैं

# शराब छोड़ने पर आपके लीवर के साथ क्या होता है?

**भाषा। प्लाइमाउथ**

लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है. शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है. चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है.

हालांकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं. विशेषज्ञ की माने तो सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है. इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है. यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में अच्छे हिस्सों के छोटे-छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है. सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर ख़राब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं. यह गंभीर है और घातक हो सकता है. अधिकांश लोग जो नियमित रूप से प्रति सप्ताह 14 यूनिट शराब की अनुशंसित सीमा से अधिक पीते हैं, उनका लीवर फैटी हो सकता है. लंबे समय तक और भारी शराब के सेवन से घाव और सिरोसिस विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है.

**शराब छोड़ने के अन्य लाभ :** शराब छोड़ने से नींद, मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और रक्तचाप पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. लंबे समय तक शराब से परहेज करने से कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा भी कम हो जाता है. हालांकि, शराब खराब स्वास्थ्य का एकमात्र कारण नहीं है. इसे छोड़ने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, लेकिन यह रामबाण नहीं है. इसे संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम सहित स्वस्थ जीवनशैली के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए.

लीवर में क्षतिग्रस्त होने के बाद खुद को ठीक करने की अद्भुत शक्ति होती है. लेकिन अगर यह पहले से ही गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो तो यह दोबारा नए रूप में विकसित नहीं हो सकता. यदि आप शराब पीना बंद कर देते हैं और केवल फैटी लीवर है, तो यह जल्दी ही सामान्य हो सकता है.

### शराब का सेवन बंद करने पर फैटी लीवर ठीक हो सकता है



अच्छी खबर यह है कि फैटी लीवर वाले लोगों में, शराब छोड़ने के केवल दो से तीन सप्ताह बाद, लीवर ठीक हो सकता है और नए जैसा दिखने और काम करने लगता है. लीवर में सूजन या हल्के घाव वाले लोगों में, शराब छोड़ने के सात दिनों के भीतर भी, लीवर की चर्बी, सूजन और घाव में उल्लेखनीय कमी देखी जाती है. कई महीनों तक शराब का सेवन बंद करने से लीवर ठीक हो जाता है और सामान्य स्थिति में आ जाता है. अधिक शराब पीने वालों में, जिनके लीवर पर गंभीर घाव या खराब घाव हैं, कई वर्षों तक शराब छोड़ने से उनके लीवर के खराब होने और मृत्यु की संभावना कम हो जाती है.

# नाइजीरिया में भीषण विस्फोट दो लोगों की मौत, 77 घायल



**भाषा। अबुजा**

नाइजीरिया के सबसे बड़े शहरों में से एक में मंगलवार रात हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 77 अन्य घायल हो गए.

गवर्नर ने बुधवार को कहा कि बचावकर्मी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके फंसे होने की आशंका है. दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओयो में घनी आबादी वाले शहर इबादान में रात लगभग 7:45 बजे भीषण विस्फोट की आवाज सुनाई दी जिससे दहशत फैल गई. उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह तक सुरक्षाबलों ने क्षेत्र को घेर लिया. ओयो के गवर्नर सेई माकिंडे ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट अवैध खनन कार्यों में उपयोग के लिए रखे गए विस्फोटकों के कारण हुआ.




# प्राण प्रतिष्ठा से पहले किया गया 'कलश पूजन'

**भाषा। अयोध्या (उप्र)**

अयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले किये जा रहे अनुष्ठानों के तहत दूसरे दिन बुधवार को सरयू नदी के तट पर 'कलश पूजन' किया गया. अनुष्ठानों का सिलसिला मंगलवार को शुरू हुआ जो बुधवार को यहां सरयू नदी के तट पर ''यजमान'' (मुख्य यजमान) द्वारा 'कलश पूजन' के साथ जारी रहा. इसके पहले मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन होने वाले अनुष्ठानों से पहले के इन अनुष्ठानों का सिलसिला 21 जनवरी तक जारी रहेगा. राय ने यह भी कहा था कि समारोह के दिन राम लला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े न्यूनतम जरूरी अनुष्ठानों को किया जाएगा. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा, उनकी पत्नी और अन्य लोगों ने सरयू नदी तट पर 'कलश पूजन' किया.




# मंदिर परिसर के चारों ओर रामलला ने किया भ्रमण

**ऐजेंसी । अयोध्या**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान शुरू हो चुका है. अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को रामलला की 200 किलो वजनी चांदी की मूर्ति को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया. पहले नगर भ्रमण की योजना थी लेकिन इसे बाद में मंदिर परिसर भ्रमण तक सीमित किया गया है. आ गुरुवार को विग्रह गर्भ गृह में मूर्ति की स्थापना होगी. प्राण प्रतिष्ठा पूजन में बुधवार को अपराह्न 1.20 के बाद जलयात्रा, तीर्थपूजन, ब्राह्मण-बटुक- कुमारी -सुवासिनी पूजन, वर्धिनीपूजन, कलशयात्रा एवं भगवान श्री रामलला की मूर्ति का प्रासाद परिसर में भ्रमण का कार्यक्रम परंपरा के अनुसार तय था. इससे पहले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन सरयू नदी के किनारे यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने विशेष पूजा की.



**नगर भ्रमण का कार्यक्रम रद्द**

भगवान राम के बाल स्वरूप को पहले नगर भ्रमण करवाने का प्लान था लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया. जिसके बाद भगवान को सिर्फ मंदिर परिसर में ही भ्रमण करवाया गया. भ्रमण होने के बाद रामलला को मंदिर में ले जाया गया.

## मंदिर को लेकर स्विट्जरलैंड के दावोस शहर में भी हलचल

**भाषा ।दावोस**

अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर विश्व आर्थिक मंच(डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड के स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में भी काफी गहमागहमी देखने को मिल रही है. श्रद्धालु यहां आगामी सोमवार को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राम भजन आयोजित करने और दीये जलाने की योजना बना रहे हैं. इसके अलावा सरकारी और निजी क्षेत्र के कई वैश्विक कारोबारी लोग भारतीय प्रतिनिधिमंडल से इस संबंध में जानकारी हासिल कर रहे हैं. ये लोग उत्तर प्रदेश के शहर अयोध्या को एक बड़े धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से सृजित कारोबारी और अवसरंचना संबंधी अवसरों के बारे में जानना चाहते हैं.



अयोध्या में विदेशी श्रद्धालुओं का भी लगने लगा जमावड़ा.

## भजन गानेवाली चार मुस्लिम बहनें जाएंगी अयोध्या

**संवाददाता। पूर्वी चंपारण**

रामा रामा रटते रटते बीती री उमरिया..बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये है...मेरे चौखट पे चल के चारों धाम आये है...राम आयेंगे तो अंगना संजाऊंगी जैसे राम भक्ति और शिव तांडव गाने वाली पूर्वी चंपारण जिला स्थित रक्सौल शहर के तुमड़िया टोला निवासी हाजी हुसैन व रूकसा खातून की चारों पुत्री शाहीन, शाइस्ता, संजीदा और नैन्सी परवीन अयोध्या जाने को लेकर काफी उत्साहित हैं. सीता माता की धरती जनकपुर नेपाल से लौटने के बाद



चारों बहनें अयोध्या जाने की तैयारी को लेकर कई दिनों से भजनों के रियाज में जुटी हैं. सभी ने बातचीत में बताया कि हमलोगों की इच्छा है कि अयोध्या पहुंचकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो और प्रभु श्रीराम के जीवन गाथा को गीत-संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करें.

## चौकी पर कंबल बिछाकर सोएंगे पीएम, रखेंगे कठोर उपवास

**ऐजेंसी । अयोध्या**

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले से पीएम मोदी बिस्तर पर नहीं सोयेंगे. इस क्रम में मोदी कठोर उपवास रखेंगे और केवल फलों का सेवन करेंगे. पीएम मोदी लकड़ी की चौकी या खाट पर सिर्फ कंबल बिछाकर सोयेंगे. अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया है. अनुष्ठान 22 जनवरी तक चलेगा. राम मंदिर अभिषेक समारोह के मुख्य यजमान अनिल मिश्रा होंगे. मिश्रा को 10 अलग-अलग तरीकों से स्नान कराया जाएगा. लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लगभग 150 विद्वान शामिल होंगे. यजमान की शुद्धि के लिए प्रायश्चित प्रार्थना की गयी है. इस क्रम में विष्णु पूजा और गोदान भी किया जाना है. जानकारी के अनुसार पीएम मोदी को राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करनी है. वह 11 दिनों के अनुष्ठान और उपवास पर हैं.

**प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्ण व्रत रखेंगे पीएम मोदी**

प्राण प्रतिष्ठा के दिन पीएम मोदी प्रधानमंत्री पूर्ण व्रत रखेंगे और विशिष्ट मंत्रों का जाप करेंगे. पीएम मोदी जटायुजी की मूर्ति की पूजा करेंगे. इस दिन पीएम मोदी मंदिर निर्माण में भूमिका निभाने वाले मजदूरों से भी मुलाकात करेंगे. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी रस्में वाराणसी के आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और काशी के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में 121 आचार्य पूरी करायेंगे.

## अयोध्या-कोलकाता को जोड़ने वाली उड़ान सेवा को हरी झंडी



श्रद्धालुओं के अयोध्या आने का सिलसिला शुरू.

**लखनऊ**

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या को कोलकाता से जोड़ने वाली 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' की उड़ान सेवा को हरी झंडी दिखाई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल के माध्यम से लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर उड़ान सेवा की शुरुआत की. मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में पर्यटन स्थल के रूप में सबसे प्रमुख शहर बनने जा रहा है. उन्होंने कहा कि अयोध्या में स्थानीय श्रद्धालु काफी संख्या में आते हैं, लेकिन यहां आने के लिए पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाना हमारा दायित्व है, जिसे हमने निभाया है. इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वह सराहनीय है. मुख्यमंत्री ने कहा कि चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के साथ आज उत्तर प्रदेश हवाई संपर्क के मामले में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में उभरा है. प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था.




**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर / रजनीश प्रसाद।** कम्युनिकेशन इंजीनियर उन प्रणालियों का समर्थन करते हैं, जो सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करती हैं. कम्युनिकेशन इंजीनियर दूरसंचार, इंटरनेट प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्किंग, ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी और रेडियो संचार सहित कई क्षेत्रों में काम करते हैं. एक दूरसंचार इंजीनियर एक कम्युनिकेशन इंजीनियर होता है जिसे दूरसंचार प्रणालियों में विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त होता है. वे सिस्टम पर काम करते हैं जो वीडियो, डेटा और वॉयस ट्रांसमिशन का समर्थन करते हैं. दूरसंचार इंजीनियर संचार उपकरण स्थापित, परीक्षण, रखरखाव और उनका उन्नयन करते हैं. कुछ दूरसंचार इंजीनियर अंतरिक्ष यात्रा एजेंसियों के लिए काम करते हैं जो उन प्रणालियों को डिजाइन और बनाए रखते हैं जो अंतरिक्ष यान को पृथ्वी पर जमीनी नियंत्रण के साथ संचार करने की अनुमति देते हैं. कम्युनिकेशन इंजीनियर जो विशेष रूप से कंप्यूटर सिस्टम के साथ काम करते हैं, सॉफ्टवेयर स्थापित करते हैं, नेटवर्क सुरक्षा बनाए रखते हैं और नेटवर्क दक्षता में सुधार करते हैं. ये कम्युनिकेशन इंजीनियर वायरिंग और नियंत्रण जैसे विद्युत घटकों पर भी काम कर सकते हैं.



### क्यों करें कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग

कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग करने के बाद भविष्य में नौकरी के अवसर बढ़ जाते है. यह कोर्स करने के बाद आप मैन्युफैक्चरिंग, कम्युनिकेशन, एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरसिटी प्लांट्स, ट्रांसपोर्टेशन और कंप्यूटर एप्लीकेशन में जॉब पा सकते हैं. इसके अलावा ब्रॉडकास्टिंग, डाटा कम्युनिकेशन, एंटरटेनमेंट और सिस्टम स्पोर्ट्स के फील्ड में आगे बढ़ सकते हैं. कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग कोर्स करने के बाद आपके पास बहुत सारे जॉब ऑप्शन होते हैं.

- इस कोर्स को करने के बाद आप विदेशों में बहुत अच्छी सैलरी पा सकते हैं.
- इस इंजीनियरिंग में आपको इलेक्ट्रॉनिक एनालॉग और डिजिटल ट्रांसमिशन और डाटा रिसेप्शन, माइक्रोप्रोसेसर सेटेलाइट, कम्युनिकेशन माइक्रोवेव इंजीनियरिंग, एंटीना और वेव प्रोग्रेशन के बारे में बहुत अच्छी जानकारी दी जाती है.
- इस कोर्स को करने के बाद शुरुआत में जॉब पाना काफी मुश्किल होता है, लेकिन 1 या 2 साल काम करने के बाद आप अच्छी सैलरी पा सकते हैं.

### कैसे बनें कम्युनिकेशन इंजीनियर

इंजीनियरिंग के फील्ड में कम्युनिकेशन इंजीनियर बेहतर कॅरियर ऑप्शन हो सकता है. यह सेक्टर जॉब की मांग के मामले में हमेशा एक विकल्प है. घरेलू उपयोग से लेकर औद्योगिक और स्पेस एप्लीकेंशन तक हर क्षेत्र में कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग की काफी ज्यादा जरूरत होती है. ऐसे में कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग बनने के लिए 12 वीं के बाद आप कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या बीटेक कर सकते हैं. कम्युनिकेशन इंजीनियर में कोर्स के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ से 12 वीं पास होना जरूरी है. गवर्नमेंट कॉलेज में इस कोर्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना होता है.

### योग्यता

- यूजी पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए, छात्रों को भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और अंग्रेजी के साथ 10 2 स्तर या समकक्ष योग्यता की आवश्यकता होती है. प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है. पीजी पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए छात्रों को इंजीनियरिंग में यूजी की योग्यता परीक्षा (गेट) में अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता होती है.
- विश्वविद्यालय और रिसर्च इंस्टिट्यूट, संचार प्रणाली इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) और पोस्ट डॉक्टरेट रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए अग्रणी अनुसंधान कार्यक्रम प्रदान करते हैं. प्रवेश गेट, सीएसआईआर जेआरएफ, आदि जैसी परीक्षाओं के आधार पर दिए जाते हैं.

### भारत में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### टॉप रिक्रूटर्स

- भारतीय टेलीफोन उद्योग
- नागरिक उड्डयन
- दूरसंचार
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- एनपीएल
- एआईआर
- डाक और टेलीग्राफ विभाग
- रेलवे
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- डीआरडीओ
- हार्डवेयर विनिर्माण
- घरेलू उपकरण
- सीमेंस
- विप्रो लाइटिंग कॉर्पोरेट
- माइक्रोटेक
- टाटा इलेक्ट्रिक कंपनी
- अडाणी पावर लिमिटेड
- हैवेल्स

### कॅरियर और नौकरी की संभावनाएं

दूरसंचार क्षेत्र में कम्युनिकेशन इंजीनियरों के लिए बड़ी संख्या में अवसर मौजूद हैं, जिनमें रेडियो, टेलीविजन, टेलीफोन और मोबाइल संचार और कंप्यूटर आदि शामिल हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार उत्पादों का निर्माण करने वाले उद्योगों को अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं, प्रबंधन और विपणन आदि में संचार इंजीनियरों की सेवाओं की आवश्यकता होती है. संचार इंजीनियरों को अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ तकनीशियनों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं के रूप में भी काम के अवसर मिलते हैं. शिक्षाविदों में, व्याख्याताओं, प्रोफेसरों और शोधकर्ताओं के रूप में अवसर प्रदान किए जाते हैं.

### टॉप विदेशी विश्वविद्यालय

- म्यूनिख यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी
- विंडसोर विश्वविद्यालय
- मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- लंदन का इंपीरियल कॉलेज
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- कोलोराडो विश्वविद्यालय
- बर्मिंघम विश्वविद्यालय
- पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय
- विक्टोरिया विश्वविद्यालय
- टेक्नीश यूनिवर्सिटी
- कार्लटन विश्वविद्यालय
- मैकगिल विश्वविद्यालय
- ओंटारियो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय
- टेक्सास विश्वविद्यालय
- ओटावा विश्वविद्यालय
- वाटरलू विश्वविद्यालय
- अल्बर्टा विश्वविद्यालय
- ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय
- कॉनकॉर्डिया विश्वविद्यालय
- मिशिगन यूनिवर्सिटी

### भारतीय विश्वविद्यालय

- आईआईटी, रुड़की
- आईआईटी, गुवाहाटी
- एनआईटीके, सूरथकली
- एनआईटी, वारंगल
- आईएसएम, धनबाद
- एनआईटी, त्रिची
- आईआईटी, मद्रास
- आईआईटी, खड़गपुर
- आईआईटी, गुवाहाटी
- राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस
- दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- विश्वेश्वरैया इंजीनियरिंग कॉलेज, बैंगलोर

### जॉब अलर्ट




**01.** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर और महिला एवं बाल विकास विभाग में कुक ओर आया के पदों पर रिक्तियां निकाली है.

- संस्था का नाम – दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
- पद नाम – नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट रसोइया
- पद संख्या – 1896
- योग्यता – 10वीं
- नौकरी का स्थान – दिल्ली
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- आयु सिमा- 18 से 27 वर्ष
- फॉर्म भरने की तिथि – 13 फरवरी-13 मार्च 2024
- ऑफिसियल साईट – https://dsssb.delhi.gov.in

**02.** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने खेल कोटा के तहत कांस्टेबल जीडी के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया हैं

- भर्ती संस्था का नाम – केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
- पद नाम – कांस्टेबल जीडी
- पद संख्या – 169
- योग्यता – 10वीं
- नौकरी का स्थान – संपूर्ण भारत
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- आयु सीमा- 18 से 23 वर्ष
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 16 जनवरी- 15 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – recruitment.crpf.gov.in

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)